डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹ 83100 10 ग्राम
₹ 96000 01 किलो
सेंसेक्स 75,364.69 -930.67
डॉलर 85.502 +0.255

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

चैत्र शुक्ल पक्ष 10, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 07 अप्रैल 2025, वर्ष-31, अंक-170, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 ट्रंप टैरिफ से एप्पल, अमेजन, नाइकी...

## एक नजर

### अखाड़ों से निकली भव्य शोभा यात्रा

**रांची।** राजधानी रांची में रामनवमी का उत्साह राम भक्तों के बीच चरम पर दिखा। महावीर मंडल के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में रामभक्त रामनवमी की शोभायात्रा में शामिल हुए। इस दौरान हर तरफ सिर्फ और सिर्फ जय श्री राम के नारे ही सुनाई दिए। रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर पूरा माहौल राम की भक्ति में डूबा रहा। अल्बर्ट एक्का चौक पर हर शोभा यात्रा के स्वागत के लिए विशेष तैयारी की गई थी। शोभा यात्रा पर हेलीकॉप्टर के द्वारा पुष्प वर्षा भी की गई। राम जी की निकली सवारी, देश का बच्चा-बच्चा जय श्री राम बोलेगा और जय श्री राम के नारों के साथ पूरा शहर गूंज उठा। राजधानी के अलग-अलग इलाकों से होते हुए जुलूस निकल रहा है, जहां शोभायात्रा में शामिल राम भक्त अपने हैरतअंगेज करतबों से लोगों का मन मोह ले रहे हैं। शोभायात्रा में शामिल हर रामभक्त परंपरागत हथियारों से लैस हैं। राजधानी के किसी भी अखाड़े से शोभायात्रा भले क्यों ना निकली हो, वह तपोवन मंदिर अल्बर्ट एक्का चौक हो कर ही गुजरती है। यही वजह है कि अल्बर्ट एक्का चौक पर शोभा यात्रा के स्वागत और सुरक्षा दोनों ही के लिए विशेष व्यवस्था की जाती है।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

### आज कल




हेमंत सोरेन व कल्पना सोरेन ने रामनवमी पर तपोवन मंदिर में की पूजा-अर्चना

# श्री राम के आदर्शों को हम सभी अपने जीवन में आत्मसात करें : मुख्यमंत्री

- राज्य की उन्नति, सुख- शांति और खुशहाली की कामना की
- श्रद्धा, भक्ति, उत्साह, उमंग और खुशियों का महापर्व है रामनवमी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने रामनवमी पर्व पर रविवार को श्री राम जानकी तपोवन मंदिर में विधि- विधान से पूजा- अर्चना कर राज्य की उन्नति, सुख- शांति और खुशहाली की कामना की। उन्होंने लोगों को रामनवमी महापर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के इस पावन अवसर पर आस्था के समागम का हिस्सा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। भगवान श्री राम आप सभी की मनोकामनाएं पूरी करें, यही मंगलकामना है।

श्रद्धा, उमंग, उत्साह और खुशी के साथ यह पर्व मनाते आ रहे हैं मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी श्रद्धा, भक्ति, उत्साह, उमंग और खुशी के साथ हम रामनवमी महापर्व मना रहे हैं । यह भगवान श्री राम के प्रति हमारी असीम श्रद्धा एवं आस्था का परिचायक है। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस मंदिर प्रांगण में श्री राम जानकी की पूजा- अर्चना करते हैं। हम मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें, रामनवमी महापर्व यही संदेश देता है।

इस अवसर पर श्री राम जानकी तपोवन मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत ओमप्रकाश शरण एवं सदस्य प्रणय कुमार, केंद्रीय समिति श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव, श्री राम -जानकी तपोवन मंदिर ट्रस्ट तथा श्री महावीर मंडल, केंद्रीय समिति के कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# श्रद्धा का केंद्र बना केतार का चतुभुर्जी मंदिर

झारखंड समेत बिहार, यूपी और छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में पहुंचते हैं श्रद्धालु



**बिट्टू सिंह**

**केतार।** जिला मुख्यालय से करीब 60 किलोमीटर दूर केतार प्रखंड में अवस्थित मां चतुभुर्जी मंदिर इन दिनों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। चैत्र नवरात्र के अवसर पर झारखंड समेत बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां माता के दर्शन और पूजन के लिए पहुंचते हैं। यह मंदिर अपनी ऐतिहासिकता, भव्यता और धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता है। बताया जाता है कि मंदिर में स्थापित 300 साल पुरानी काले पत्थर की चतुर्भुज मूर्ति भैसहट घाट पहाड़ी से खुदाई के दौरान प्राप्त हुई थी। इसे पूजा हेतु सोनपुरा स्टेट के राजा द्वारा हाथी पर बिठाकर लाया जा रहा था, लेकिन केतार **शेष पेज 11 पर**

# सड़क हादसे में शिक्षाविद की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

- रामनवमी पूजा के बाद लौटते समय हुआ हादसा, हेलमेट नहीं पहनना बना जानलेवा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी मुख्य पथ पर लेस्लीगंज मुरमूसी के पास शनिवार देर शाम लगभग 6 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में पांकी निवासी रविन्द्र शर्मा (50 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। वे ज्ञान भारती स्कूल, मेदिनीनगर के संस्थापक व प्राचार्य थे और गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने के लिए प्रसिद्ध थे। रामनवमी पूजा के बाद वे पत्नी संग गांव से मेदिनीनगर लौट रहे थे। घटना में उनकी पत्नी नीलम शर्मा (45 वर्ष) को गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद रांची रिम्स रेफर किया गया है। हादसे में घायल अन्य दो व्यक्ति जितेंद्र भुइयां और रंजन भुइयां, बड़कागांव निवासी हैं, जो पांकी की ओर जा **शेष पेज 11 पर**

# घर में घुसकर दंपति को मारी गोली पत्नी की मौत, एक अपराधी गिरफ्तार

- ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए एक अपराधी को पकड़ पुलिस को सौंपा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के कजरी गांव में शनिवार की रात करीब आठ बजे उस वक्त सनसनी फैल गई जब दो अज्ञात अपराधी घर में घुसकर खाना खा रहे दंपति पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस हमले में बबीता देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि रामा सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज मेदिनीनगर एमएमसीएच में चल रहा है और स्थिति अब सामान्य बताई जा रही है।

**ग्रामीणों ने दिखाई बहादुरी, एक अपराधी को रंगे हाथों पकड़ा :** गोलियों की आवाज सुनकर जुटे ग्रामीणों ने अपराधियों का पीछा कर एक को धर दबोचा। पकड़े गए अपराधी की पहचान रौशन पासवान, निवासी सलेमपुर, थाना टेकारी, जिला गया (बिहार) के रूप में हुई है। उसके पास से एक पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। ग्रामीणों ने आरोपी को घर में बंद कर पड़वा थाना पुलिस को सूचना दी।

हालांकि ग्रामीण आरोपी को तुरंत पुलिस को सौंपने को तैयार नहीं थे। रात दो बजे पड़वा अंचलाधिकारी डॉ. अमित कुमार झा, डीएसपी मणिभूषण प्रसाद, और डीएसपी राजेश यादव के समझाने पर आरोपी को थाना को सौंपा गया।

पुलिस ने मौके से गोली के दो खोखे और हथियार जब्त किया। पिस्टल में तीन गोली लोड थी, जिनमें से दो फायर हुए और तीसरी गोली पिस्टल में फंस गई, जिससे और बड़ा हादसा टल गया। आरोपी रौशन पासवान ने पुलिस के समक्ष कबूल किया कि उसे पैसे देकर हत्या की सुपारी दी गई थी। उसे सिर्फ इतना बताया गया था कि जो घर में दिखे, उसे गोली मार देनी है।

**पूर्व में भी हो चुका है हमला, अब तक नहीं हुआ खुलासा :** घटना से गांव में आक्रोश है और परिजन भयभीत हैं। परिजनों ने बताया कि दो साल पहले 18 अप्रैल 2023 को रामा सिंह के पुत्र नंदन सिंह का अपहरण कर उसे मरा समझकर जंगल में फेंक दिया गया था। इस घटना की जानकारी मोबाइल नंबर सहित पुलिस को दी गई थी, लेकिन तत्कालीन पुलिस प्रशासन की लापरवाही से अब तक उस मामले का खुलासा नहीं हो सका। परिजनों ने कहा कि यदि पुलिस ने पहले मामले में सख्ती दिखाई होती तो आज यह घटना नहीं होती।

**परिजनों ने सुरक्षा की गुहार लगाई :** घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। गांव में पुलिस बल तैनात कर दी गई है और पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

# अयोध्या में सूर्य की किरण से रामलला का हुआ अभिषेक

- श्री राम का सूर्य तिलक देख भावविभोर हुए श्रद्धालु



**अयोध्या।** रामनवमी पर श्री राम लला के दर्शन करने के लिए रविवार को देशभर से श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के अयोध्या पहुंचे। यहां पर दोपहर में ठीक 12 बजे भगवान सूर्य ने रामलला के ललाट पर तिलक किया जिसे देख कतारबद्ध श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए।

अयोध्या में सूर्य तिलक समारोह देखने के अपने अनुभव को साझा करते हुए पूजा शेखर ने कहा, राम नवमी के अवसर पर, हम अयोध्या सपरिवार आई। यहां की व्यवस्थाएं बहुत बढ़िया थीं। हमने मंदिर के अंदर सूर्य तिलक देखा तो देखते ही रह गए। उन्होंने आगे कहा, सूर्य की किरणें भगवान रामलला के माथे को छू रही थीं। यह वास्तव में एक दिव्य और भक्तिपूर्ण अनुभव था। रामलला के माथे पर सूर्य तिलक देखना आध्यात्मिक रूप से संतुष्टिदायक था।

पूजा ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं की तारीफ करते हुए कहा कि बहुत बढ़िया व्यवस्था की गई थी। हर जगह पानी की व्यवस्था, जमीन पर कालीन बिछाई गई थी और भीड़ को नियंत्रित करने का बहुत अच्छा प्रबंध था। हम इसके लिए योगी सरकार का तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हैं।

वहीं, प्रीति सिंह ने बताया कि श्रीराम लला के भव्य दर्शन कर मन को शांति मिली। जिला प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं के लिए बहुत अच्छी व्यवस्था की गई। रामनवमी पर श्रद्धालु की भारी भीड़ होने के बावजूद किसी को परेशानी नहीं हुई। हम खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि अपनी आंखों से हमने श्री राम का सूर्य तिलक देखा।

श्रद्धालु लक्ष्मण ने बताया कि आज परिवार के साथ भगवान श्री राम के भव्य और दिव्य दर्शन किए। यहां आकर काफी अच्छा लगा। योगी सरकार ने बहुत अच्छी व्यवस्था की है। अयोध्या निवासी श्रद्धालु ने कहा कि सूर्यतिलक देखकर मन को सुकून मिला है। भीड़ बहुत ज्यादा था लेकिन जिला प्रशासन द्वारा बहुत ही अच्छी व्यवस्था की गई थी। श्री राम लला के जन्मोत्सव पर वैज्ञानिक तरीके से प्रभु के ललाट पर सूर्य की किरणों को स्पर्श कराया गया। शनिवार को इसे लेकर आखिरी ट्रायल हुआ था। आठ मिनट तक चले इस ट्रायल को कराने के दौरान इसरो के साथ-साथ आईआईटी रुढ़की और आईआईटी चेन्नई के विशेषज्ञ मौजूद थे।

नागरमल मोदी सेवा सदन
कम खर्च- समुचित ईलाज- सही व्यवहार
सेवा सदन पथ रांची पूछताछ : 6204752640
स्थापित 1958
PRE ACCREDITED

विश्व स्वास्थ्य दिवस
07 अप्रैल 2025 ( सोमवार )
मातृ-नवजात शिशु एवं घुटना-कुल्हा प्रत्यारोपण
नि:शुल्क जांच - परामर्श शिविर एवं संवाद सत्र
समय : अपराह्न 2.30 से सायं 5:00 तक । स्थान - सेवा सदन आधार तल संपर्क करें 6204752651

सेवारत विभाग
सामान्य चिकित्सा Medicine | स्त्री रोग Gynaecology | बाल चिकित्सा Paediatric
हृदय रोग Cardiology | किडनी संबंधी Nephrology | मूत्र रोग Urology
पेट संबंधी Gastroenterology | मधुमेह / चीनी Diabetes | तंत्रिका रोग Neurology
हड्डी रोग Orthopaedic | ईएनटी ENT | दंत चिकित्सा Dental
शल्य चिकित्सा Surgery | नेत्र चिकित्सा Eye | आयुर्वेद Ayurveda
Maxillofacial चेहरा/जबड़ा | चर्म रोग Skin | होम्योपैथी Homeopathy

Day OPD 10am to 2pm & Evening OPD 04pm to 07pm
(all days except sundays)

उपलब्ध सेवाएं
24x7 Emergency | 24x7 Pathology | 24x7 Blood Bank
24x7 Labour Room/ Caesarian | 24x7 Ambulance | 24x7 X-Ray
Physiotherapy | Cashless Facility Available with Major Insurance Co. | Vaccination All Types
C T Scan | Ultrasound

HEART CENTRE
ETHICAL • EMPATHETIC • ECONOMICAL
(A Unit of Hrudayalaym Healthcare Pvt. Ltd.)
स्थापित 1958

sevasadanhospital sevasadanranchi www.nmss.co.in
पीढ़ियों की पसंद - सबका सेवा सदन

# हुसैनाबाद क्षेत्र हुआ राममय श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** रामनवमी पर्व को लेकर हुसैनाबाद क्षेत्र पूरी तरह राममय हो उठा है। जपला महावीर जी भवन में आयोजित श्रीरामचरितमानस नवाह परायण यज्ञ के पाठ से वातावरण भक्ति में रंग गया है। सोमवार को निकाले जाने वाले रामनवमी जुलूस को लेकर संपूर्ण शहर महाबीरी पताकाओं और झंडों से सजाया गया है। शहर के जयप्रकाश चौक, महावीर मंदिर, एसबीआई चौक, मुख्य बाजार, नहर मोड़ समेत कई स्थानों पर भव्य सजावट की गई है। विभिन्न अखाड़ा समितियाँ पारंपरिक लाठी-डंडा अभ्यास में जुटी हैं। वहीं पूजा समितियाँ रंग-बिरंगी झांकियों की तैयारी में दिन-रात लगी हैं। विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष एवं रामनवमी पूजा महासमिति के संयोजक लोकनाथ केशरी ने बताया कि सोमवार को जुलूस में 37 लाइसेंसधारी अखाड़ा समितियाँ भाग लेंगी। जुलूस गांधी चौक से प्रारंभ होकर जेपी चौक स्थित छठ पोखरा के समीप संपन्न होगा। जुलूस का नेतृत्व रामनवमी पूजा महासमिति करेगी और पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन, झांकियाँ एवं महाबीरी झंडा शोभा यात्रा की शान बढ़ाएंगे। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली अखाड़ा और पूजा समितियों को महासमिति द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा।



## भगवान राम के आदर्शों पर चलने की जरूरत : ब्रजकिशोर तिवारी

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** प्रखंड के ग्राम कमल केडिया में चल रहे श्री राम चरित मानस नवाह पारायण पाठ महायज्ञ के तृतीय दिवस पर श्रीराम विवाह के पावन अवसर पर चतरा जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी ने यज्ञ मंडप पहुंचकर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर यज्ञ पूजा समिति द्वारा उन्हें माला व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में श्री तिवारी ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन आदर्शों और मयार्दा की मिसाल है, और आज की पीढ़ी को उनके बताए रास्तों पर चलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि रामकथा हमें यह सिखाती है कि यदि एक मार्ग बंद होता है तो ईश्वर दूसरा रास्ता जरूर खोलता है, इसलिए कभी हार नहीं माननी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भगवान राम के जीवन से हमें यह शिक्षा मिलती है कि अगर लक्ष्य सच्चे हों और प्रयास ईमानदार, तो सफलता निश्चित है। कार्यक्रम में सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, यज्ञ पूजा समिति के अध्यक्ष रिंकु उपाध्याय, सचिव मंटू शुक्ला, कोषाध्यक्ष अमित शुक्ला, संरक्षक बाबू राम शुक्ला, प्रदीप शुक्ला, यज्ञाचार्य अभय मिश्रा, मुख्य यजमान रामाशीष शुक्ला, बिट्टू उपाध्याय, ऋतिक शुक्ला, गौरव शुक्ला, नीरज शुक्ला सहित दर्जनों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## रामनवमी पर भव्य जुलूस व भंडारे का आयोजन, सम्मानित हुए जनप्रतिनिधि



नवीन मेल संवाददाता

**नौडीहा।** रामनवमी पर्व के अवसर पर महाजन क्लब और नौनीयार समाज की ओर से नौडीहा में भव्य जुलूस निकाला गया और भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर रामगढ़ से आई तराशा पार्टी ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी, जिसका नेतृत्व अमरेश कुमार श्रीवास्तव, नावाटांड़ के मुखिया पति आलोक यादव और समाजसेवी चिंटू सिंह ने किया। कार्यक्रम में नौडीहा थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी, प्रखंड विकास पदाधिकारी राम राज खलखो तथा जिला पार्षद सदस्य सुदामा प्रसाद को पारंपरिक पगड़ी पहनाकर व तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रखंड के नामुदाग, विशुनपुर, लक्ष्मीपुर, सर ईडीह तथा तरीईडिह पंचायतों द्वारा भी अलग-अलग जुलूस निकाले गए, जो अंत में नौडीहा बाजार में एकजुट होकर मिलाप समारोह में शामिल हुए। सभी समिति प्रतिनिधियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री राम राज खलखो ने अपने संबोधन में कहा, 'भगवान श्रीराम ने समाज को आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा दी। हमें भी उनके पदचिन्हों पर चलकर समाज में सद्भाव और नैतिकता की मिसाल कायम करनी चाहिए।' मौके पर तिलक सिंह, मनोज गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, आलोक यादव, संदीप सिंह, विजय सिंह, गुड्डू सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बजरंग दल ने निकाली शौर्य यात्रा, जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा इलाका



नवीन मेल संवाददाता

**ऊंटारी।** पांडू प्रखंड के मुसीखाप गांव में रामनवमी के अवसर पर बजरंग दल की ओर से रविवार को भव्य शौर्य शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र जय श्रीराम और जय हनुमान के नारों से गूंज उठा। सैकड़ों युवाओं ने हाथों में अस्त्र-शस्त्र लेकर पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच नाचते-गाते हुए भाग लिया। शोभा यात्रा की शुरूआत दुर्गा बाड़ी से हुई, जो मुसीखाप के पुरवारा टोला होते हुए पहाड़ी तक पहुंची। वहां ध्वज स्थापना के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद यात्रा यज्ञशाला मैदान पहुंचकर परिक्रमा के साथ संपन्न हुई। इस दौरान युवाओं ने तलवारों के साथ हैरतअंगेज करतब दिखाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर उपस्थित मैजिस्ट्रेट रितेश दुबे, पांडू थाना पुलिस व अन्य गणमान्य जनों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर गार्जियन रामबेलाश सिंह, देवनन्दन सिंह, हर्षू शर्मा, राजू शर्मा, संदीप सिंह, श्रीराम गुप्ता, तेजेन्द्र सिंह, आशीष सिंह, प्रिंस सिंह, मुन्ना सिंह, सुरेन्द्र चंद्रवंशी, प्रवेश साव, सुरेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# रामनवमी पर अयोध्या की कीर्तन मंडली ने भक्ति रस में डुबोया

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** रामनवमी के शुभ अवसर पर महाबीर मंडल हरिनगर (हैदरनगर) के तत्वावधान में चैत शुक्ल पक्ष नवमी से एकादशी तक आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला की शुरूआत रविवार को भक्ति संगीत और कीर्तन के साथ हुई। राम मंदिर प्रांगण में दोपहर से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी, जहां भक्ति गीतों की प्रस्तुति ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। इससे पहले क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ों में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ महाबीरी झंडा स्थापित किया गया। रामनवमी को लेकर हरिनगर के गली-मुहल्लों, मुख्य सड़कों और निजी घरों तक केसरिया ध्वज लहराते दिखे, जिससे पूरा क्षेत्र राममय हो गया।

**अयोध्या से पहुंचे कलाकारों ने बांधा समां :** मंडल अध्यक्ष अभिराज गुप्ता, संतन चौधरी और जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर अयोध्या (उत्तर प्रदेश) से विशेष कीर्तन मंडली को आमंत्रित किया गया। मंडली का नेतृत्व पं. लक्ष्मण पांडेय और शुभम पांडेय ने किया। इनके साथ अनुराग त्रिपाठी, अभय पांडेय, उपेंद्र पांडेय और कमल नयन त्रिवेदी जैसे कलाकारों ने हनुमान जी की जीवनी पर आधारित भक्ति संगीत की प्रस्तुति देकर वातावरण को भावविभोर कर दिया।



### नवमी की रात को होगा भगवती जागरण

मंडल की ओर से बताया गया कि नवमी की रात को चौक बाजार प्रांगण में भगवती जागरण का आयोजन होगा, जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस सांस्कृतिक उत्सव का समापन एकादशी को होगा, जब क्षेत्र के सभी अखाड़ों के महाबीरी ध्वजों का पारंपरिक विसर्जन किया जाएगा।

## श्रीराम कथा में डूबे नगरवासी, संत मालती देवी ने कहा - सनातन धर्म के प्रति बनें निष्ठावान



नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** रामनवमी के शुभ अवसर पर विजय तारा रिसॉर्ट के समीप हिंदू सेवा समिति के तत्वावधान में श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें नगरवासियों ने भक्ति भाव से भाग लिया। समिति द्वारा एकम से नवमी तक श्रीराम दरबार का रथ नगर क्षेत्र में भ्रमण कराया गया, जिससे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। कथा वाचन के लिए चित्रकूट से पधारीं संत सुश्री मालती मानस मंडली ने राम कथा के माध्यम से नगरवासियों को मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के पदचिह्नों पर चलने की प्रेरणा दी। कथा में संत मालती देवी ने कहा कि, ₹हमें अपने धर्म के प्रति निष्ठावान बनकर समाज और देश को मजबूत बनाने में सहयोग देना चाहिए।₹ उन्होंने हिंदू सेवा समिति को इस धार्मिक आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि, 'यह मंच सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए एक सशक्त माध्यम बन रहा है।' उन्होंने कहा कि आज भारत सनातन परंपराओं के परम वैभव की ओर अग्रसर है, और यदि हम सभी सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ें, तो फिर से भारत विश्वगुरु बन सकता है। कथा स्थल पर प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक भक्ति भाव से कथा का श्रवण किया जा रहा है, और पूरे नगर क्षेत्र में भक्ति का माहौल व्याप्त है। इस अवसर पर उमेश जायसवाल, बिहारी सोनी, अरुण सोनी, गौतम सागर राणा, राजेश जायसवाल, शिबू कुमार, अमित कुमार समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# चैत्र नवमी पर सप्तमात्रिकाओं के धाम में उमड़ी श्रद्धा, भक्तों ने चढ़ाया चढ़ावा

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** चैत्र नवरात्रि की नवमी तिथि पर रविवार को सप्तमात्रिकाओं के धामों पर श्रद्धा और भक्ति की बेमिसाल तस्वीर देखने को मिली। कादलकुर्मी, भजनियां, सोनबरसा, माली, भाली, करडंडा सहित आसपास के गांवों के हजारों श्रद्धालुओं ने सप्तमात्रिका मंदिरों में पारंपरिक पूजा-अर्चना की। भक्तों ने देवीधामों में बताशा, पकवान, नारियल, नव वस्त्र आदि चढ़ाते हुए अपनी मन्नतें मांगी। महिलाओं और पुरुषों की भारी भीड़ मंदिरों में उमड़ पड़ी। स्थानीय रेलवे स्टेशन के समीप काली मंदिर में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं।

**सालों भर होती है आराधना, नवरात्रि पर विशेष उत्सव :** इन शक्ति पीठों में पूरे वर्ष पूजा की जाती है, लेकिन आश्विन और चैत्र शुक्ल पक्ष की नवरात्रियों में विशेष आयोजन होते हैं। सप्तमात्रिकाएं रोग हरणी, संतान दात्री, सुख समृद्धि की देवी के रूप में पूजनीय हैं।

**हैदरनगर देवीधाम बना आकर्षण का केंद्र :** इस क्षेत्र में स्थित हैदरनगर देवीधाम अंतर्राज्यीय श्रद्धालुओं का प्रमुख केंद्र है, जहां इन दिनों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। यह दशार्ता है कि आस्था आज भी परंपरा से गहराई से जुड़ी हुई है।



### दीपदान, संध्या आरती और बलि परंपरा निभाई गई

चैत्र नवरात्र की समाप्ति संध्या आरती और दीपदान के साथ की गई। कई स्थानों पर सदियों पुरानी बकरा बलि परंपरा भी निभाई गई, जिसमें मन्नत पूरी होने पर देवी को बलि अर्पित की जाती है। परंपरा के अनुसार, बकरों को पहले दाना चराया गया, फिर उनका मांस प्रसाद स्वरूप ग्रहण कर परिजनों और मित्रों में बांटा गया।

## एक नजर

### प्रधानाध्यापक उमाशंकर सिंह को भावभीनी विदाई

**नौडीहा।** प्रखंड अंतर्गत विशुनपुर हाई स्कूल में विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमाशंकर सिंह के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के शिक्षक जय गोविंद पासवान ने की। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य विजय सिंह, शिक्षक संघ के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार, समाजसेवी बसंत चंद्रवंशी, शिक्षक संदीप चंद्रवंशी, रामाश्रय पाठक, लालदेव सिंह, मिथिलेश यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।समारोह में वक्ताओं ने उमाशंकर सिंह की सेवा और योगदान को याद करते हुए कहा कि सरकारी सेवा में आना-जाना स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन जब कोई अपने ही गांव और विद्यालय से जुड़ा शिक्षक सेवा निवृत्त होता है तो भावनाएं उमड़ पड़ती हैं।

## सांसद प्रतिनिधि ने भाजपा के स्थापना दिवस पर किया ध्वजारोहण

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** भाजपा के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को गोड़ाडीह स्थित सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह के आवासीय परिसर में पार्टी का ध्वजारोहण कर जश्न मनाया गया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के ऐतिहासिक, वैचारिक और राष्ट्र निर्माण में किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में एक अधिवेशन के माध्यम से हुई थी, जिसके पहले अध्यक्ष भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी बने थे। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य भारत को एक मजबूत, आत्मनिर्भर और विश्वगुरु बनाने का रहा है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मूर्त रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कभी दो सांसदों से शुरूआत करने वाली भाजपा आज देश की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। 1984 के लोकसभा चुनावों में दो सीटें जीतने वाली पार्टी आज पूर्ण बहुमत से सरकार चला रही है और पूरे देश के जनमानस को जोड़ने में सफल रही है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे भाजपा की नीतियों और विचारधारा को घर-घर पहुंचाएं और राष्ट्र निर्माण की इस प्रक्रिया में अपना सक्रिय योगदान दें। कार्यक्रम में राम लखन सिंह, अशोक सिंह, कृष्ण सिंह, अर्जुन चंद्रवंशी, राजदेव रजवार, राजेश्वर राम, दशरथ राम, अशरेश सिंह, डोमन साहू, बिट्टू सिंह समेत कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे।



## श्रीराम के जयघोष के साथ निकला भव्य रामनवमी जुलूस

### ▸ ड्रोन से निगरानी और जगह-जगह लंगर-शरबत से भक्तों का हुआ स्वागत

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** रामनवमी का पर्व रविवार को हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में पारंपरिक उत्साह और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। मुख्य शोभायात्रा रामनवमी पूजा समिति के तत्वावधान में संकट हरण हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए देर रात तक चली। इस विशाल शोभायात्रा में दो दर्जन अखाड़ों के महावीरी झंडे, सैकड़ों छोटे झंडे, ढोल-ताशे, घोड़े और सजे हुए वाहनों के साथ हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र राममय हो उठा। शोभायात्रा का मार्ग मेन रोड, न्यू बस स्टैंड, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अररूआ खुर्द शिव मंदिर, झंडा चौक, मेन बाजार, सतगांवा होते हुए संपन्न हुआ। शोभायात्रा में शामिल रंग-बिरंगी झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। युवाओं ने कई स्थानों पर गोल लगाकर शस्त्र संचालन की कला का प्रदर्शन किया। साथ ही स्थानीय समितियों द्वारा जगह-जगह भक्तों के बीच गुड़, चना और शरबत का वितरण किया गया। आयोजन से पूर्व बाल भोजन और भंडारा का भी आयोजन किया गया था। जुलूस मार्ग पर ड्रोन कैमरे से निगरानी और चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था की कमान एसडीपीओ अवध यादव, बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष कुमार सिन्हा, और पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार के नेतृत्व में रही। शोभायात्रा में शामिल दस प्रमुख झांकियां आकर्षण का केंद्र बनीं। न्यू प्रायोजक बाल मंडली समिति की ह्यसंभाजी महाराज शेर से युद्धह्न और इंद्र बाल समिति की ह्यरामलला विराजमानह्न झांकी विशेष चर्चा में रहीं। इसके अलावा राम दरबार, बजरंगबली, शेषशैया पर भगवान विष्णु आदि झांकियों की खूब सराहना हुई। मेन बाजार में सेवा बाल मंडली ने भव्य भंडारे का आयोजन किया, वहीं लोहार संघर्ष मोर्चा ने गुड़-चना वितरित किया। न्यू बस स्टैंड, सतगांवा मोड़, अररूआ जैसे कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने शरबत व प्रसाद वितरित कर सेवा भाव दिखाया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष बल्लू बलराम, सचिव सोनू जायसवाल, सन्नी गुप्ता, दिलीप स्वर्णकार, अशोक सिंह, पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, विनोद कुमार सिंह, उत्कर्ष जायसवाल, और बड़ी संख्या में आयोजक समिति एवं श्रद्धालु शामिल रहे।




## न्यूज बॉक्स

### जय श्रीराम की जयघोष से गूंजा क्षेत्र, धूमधाम से मनी रामनवमी

**चैनपुर।** रामनवमी का पर्व रविवार को चैनपुर और रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे क्षेत्र में जय श्रीराम के नारों की गूंज रही और भक्त डीजे की धुन पर झूमते नजर आए। शाहपुर में नवयुवक दल जेनरल के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक आलोक चौरसिया ने लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, पूर्व मेयर अरुणा शंकर, और पूर्व नगर निगम उपाध्यक्ष मनोज सिंह भी मौजूद थे। समारोह में नवयुवक दल जेनरल द्वारा पनेरीबांध, धामाटांड़, झरीवा, अलगडीहा, बंदुआ, सेमरटांड़, कल्याणपुर समेत विभिन्न पूजा समितियों के अध्यक्षों को तलवार और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। चैनपुर में भी इसी तरह का कार्यक्रम अध्यक्ष चंदू गुप्ता की अगुवाई में आयोजित हुआ, जिसमें कंकारी, भड़गांवा, डूमरी, लादी, नेउरा और हरभोंगा की पूजा समितियों को सम्मानित किया गया। महान क्लब और कश्यप मुहल्ला की ओर से भव्य रथ यात्रा और मनमोहक झांकियों ने लोगों का मन मोहा। जय किसान संघ द्वारा पूरनचंद चौक और युवा कशौधन वैश्य समिति द्वारा कश्यप मुहल्ला में भंडारा भी आयोजित किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पूरी तरह मुस्तैद रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में धर्मेंद्र जायसवाल, भोला पांडेय, शेखर सिंह, अमित सोनी, अमन कश्यप, अविनाश कुमार, कमलेश कुमार, लल्लू कुमार, विक्की पांडेय, नितेश कमलापुरी, अमन मालाकार सहित कई लोग सक्रिय रूप से जुड़े रहे।

### रामनवमी पर भजन-कीर्तन से गुलजार हुआ मोहम्मदगंज बाजार

**मोहम्मदगंज।** रामनवमी के पावन अवसर पर मोहम्मदगंज बाजार क्षेत्र का माहौल भक्ति रस में डूबा रहा। शनिवार की रात्रि को निमाणार्धीन हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित भजन-कीर्तन कार्यक्रम ने श्रद्धालुओं को भक्ति में लीन कर दिया। स्थानीय कीर्तन मंडली द्वारा प्रस्तुत भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों पर आधारित भजन, गीत और पारंपरिक चैता ने समां बांध दिया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देर रात तक भक्ति संगीत का आनंद लेती रही। कार्यक्रम में बुजुर्ग देवचंद साव, भोला मेहता, सुदर्शन शर्मा व्यास, घुरा राम, विनोद मेहता और संतोष सहित कई वाद्य कलाकारों ने ढोलक और झाल की लयबद्ध ताल पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। व्यासों की भजन प्रस्तुति ने माहौल को और भी भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में अन्नू सिंह, महेश चौरसिया, पिंटू चंद्रवंशी, गिरधर प्रसाद, रामजी सिंह, शशि मेहता, विकास कुमार मुरली समेत अनेक लोगों ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

### रामनवमी पर बराही धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**हुसैनाबाद।** रामनवमी के पावन अवसर पर हुसैनाबाद क्षेत्र पूरी तरह राममय हो गया। जय श्रीराम के नारों से शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक का वातावरण भक्तिरस में डूबा रहा। विशेषकर बराही धाम परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। धाम परिसर को भगवा ध्वजों से सजाया गया था और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु कतारबद्ध खड़े रहे। बड़ी संख्या में महिलाएं देवी मंदिर की परिक्रमा करती रहीं और भजन-गीत गाती नजर आईं। बजरंगबली मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। भक्तों ने बजरंगबली की पूजा कर महावीरी झंडा चढ़ाया। पुजारी दिलीप मिश्रा और अजित चौबे द्वारा पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई गई।

## कबरा कला गांव में नाली निर्माण से लोगों को मिली राहत

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत परता पंचायत के कबरा कला गांव में रविवार को नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन पंचायत के मुखिया कमल कुमार पासवान और पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने बताया कि 15वें वित्त आयोग मद से इस नाली का निर्माण मोतीलाल चौधरी से लक्ष्मण चौधरी तक कराया गया है। इसके निर्माण से दो दर्जन से अधिक घरों के लोगों को जलजमाव और गंदगी से राहत मिलेगी। इससे न केवल सड़कों पर जमा पानी की समस्या का समाधान होगा, बल्कि जलजनित बीमारियों से भी लोगों को निजात मिलेगी।



**गुणवत्ता को बताया सराहनीय :** मुखिया ने लाभुक समिति अध्यक्ष राजेश राम, सचिव प्रमोद चौधरी और मोतीलाल चौधरी के कार्य की प्रशंसा करते हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि परता पंचायत में दर्जनों नाली और गली निर्माण कार्य प्रगति पर हैं, जिससे विभिन्न गांव और टोले शीघ्र ही लाभान्वित होंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में हीरालाल चौधरी, रामजी साह, दिनेश सिंह, विश्वनाथ पाल, प्रमोद राम, प्रहलाद चौधरी, गोरख प्रसाद साहू समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे और निर्माण कार्य को लेकर संतोष जताया।

## प्रदर्शन | आईआईटी दिल्ली में आयोजित एसबीआई यूथ आइडियाथॉन 2025

# ग्रैंड फिनाले में चमकी जीईसी पलामू की स्टार्टअप टीम 'ई-सारथी'

नवीन मेल संवाददाता

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज पलामू की टीम ई-सारथी ने एसबीआई यूथ2025 के ग्रैंड फिनाले में शानदार प्रदर्शन कर झारखंड का नाम रोशन किया। देशभर की 65,000+ टीमों में से चयनित शीर्ष 100 टीमों में शामिल होकर, इस टीम ने आईआईटी दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। टीम में हिमांशु कुशवाहा (टीम लीडर), अनूप कुमार, सौरव कुमार और इशिका मोदी शामिल हैं, जो सभी इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के तृतीय वर्ष के छात्र हैं। इन्होंने सटीक कृषि के लिए प्लेटफॉर्म पर अपना नवाचार प्रस्तुत किया। प्रतिष्ठित संस्थान के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए, जीईसी पलामू की टीम बीआईटी मेसरा और आईआईटी आईएसएम धनबाद के साथ झारखंड से चयनित तीन टीमों में से एक रही। इस उपलब्धि का श्रेय इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. मुरली मनोहर और विभागीय शिक्षक डॉ. दीपेश कुमार को जाता है, जिनके मार्गदर्शन में टीम ने यह मुकाम हासिल किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार सिंह ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, 'यह प्रमाण है कि अवसर और मार्गदर्शन मिलने पर प्रतिभा कहीं से भी उभर सकती है।'



# रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा बनी आकर्षण का केंद्र

**❖ श्रद्धालुओं ने परंपरा व भक्ति में डूबकर मनाया पर्व, झांकियों और वितरण कार्यक्रमों ने बढ़ाया उत्साह**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में रामनवमी पर्व पर निकली अनोखी शोभायात्रा लोगों के लिए आस्था, भक्ति और परंपरा का जीवंत अनुभव बन गई। यह यात्रा शिवाला रोड, जोरावर राम चौक, मुस्लिम नगर, कन्नीराम चौक, सब्जी बाजार, पंचमुहान और थाना रोड होते हुए आगे बढ़ी।

शोभायात्रा के मार्ग में विभिन्न संघों और सामाजिक संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए खीर, हलवा, चाय, बिस्कुट और ठंडा पानी जैसी चीजों का वितरण किया गया। जगह-जगह श्रद्धालु जय श्रीराम के नारों के साथ भक्ति में लीन दिखे।





### रामभक्ति में डूबा शहर, दिखी सांस्कृतिक झलक

रामनवमी की पूर्व संध्या पर श्री महावीर नवयुवक दल जनरल द्वारा छहमुहान पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शैलेश दुबे व उनकी टीम ने भक्तिमय गीत-संगीत से श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया।

### पारंपरिक हथियार और ताशा-ढोल की गूंज

शोभायात्रा में ताशा, ढोल, डीजे और अन्य वाद्य यंत्रों की धुन पर श्रद्धालु थिरकते रहे। पारंपरिक हथियार लेकर युवकों ने झुंड बनाकर लाठी-भाजी और करतब भी दिखाए, जिससे वातावरण में उत्साह और शौर्य की अनुभूति हुई।

### झांकियों में दिखा राममंदिर और सनातन संस्कृति का स्वरूप

सुरभि क्लब हमीदगंज द्वारा अयोध्या राममंदिर का भव्य स्वरूप प्रस्तुत किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही उपकार संघ की राम-कृष्ण की संगीतमयी झांकी, हनुमान, शिवभक्त रावण, मणिकर्णिका घाट, माता सती का पार्थिव शरीर लिए शिव, आदियोगी जैसे दृश्य शोभायात्रा के प्रमुख आकर्षण बने।

### सेवा और सहयोग की मिसाल बनी शोभायात्रा

जन जागृति संगठन, राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी, विराट फैशन, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, पतंजलि योग समिति सहित कई संगठनों ने खीर, हलवा, पानी की बोतल, शरबत, चाय, बिस्कुट और चिकित्सा शिविर के माध्यम से श्रद्धालुओं की सेवा की।

### सुरक्षा व्यवस्था रही सख्त और चुस्त

रामनवमी के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा शनिवार को फ्लैग मार्च निकाला गया था, जबकि रविवार को शोभायात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। निर्धारित स्थलों पर नियुक्त मजिस्ट्रेट और पुलिस बल लगातार निगरानी करते रहे। वहीं बिजली विभाग द्वारा शोभायात्रा के दौरान बिजली आपूर्ति बंद रखी गई, ताकि सुरक्षा और सुव्यवस्था बनी रहे।

# ईश्वर में सच्ची आस्था व विश्वास हमें सच्ची राह दिखाता है : गंगोत्री तिवारी



**■ महायज्ञ में अतिथियों का शॉल व रामचरितमानस प्रति देकर हुआ सम्मान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ठाकुरबाड़ी में आयोजित नौ दिवसीय नवाह्न पारायण महायज्ञ के सातवें दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा प्रारंभ से पूर्व झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा समेत अन्य गणमान्य अतिथियों को महायज्ञ समिति अध्यक्ष दिलीप कुमार तिवारी द्वारा शॉल और रामचरितमानस की प्रति भेंटकर सम्मानित किया गया।

दोपहर में रामचरितमानस पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

रात्रि में हरिद्वार से पधारे कथावाचक गंगोत्री तिवारी ने श्रीराम के वनगमन प्रसंग की विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि महर्षि वाल्मीकि के प्रश्न पर प्रभु श्रीराम ने मंद मुस्कान के साथ उत्तर दिया कि वे पिता के वचन और माता की मयार्दा की रक्षा हेतु वन आए हैं। उन्होंने परिवार या परिस्थिति की कोई निंदा नहीं की, जिससे सीख मिलती है कि घर की बातों को बाहर बताना अनुचित है।

कथावाचक ने आगे कहा कि आधुनिक समय में लोगों का ईश्वर पर विश्वास डगमगाने लगा है, जबकि सच्ची आस्था और पूर्ण विश्वास ही जीवन को सही दिशा प्रदान करता है। कथा के दौरान श्रद्धालुओं की बड़ी उपस्थिति रही। आयोजन में महायज्ञ समिति अध्यक्ष दिलीप कुमार तिवारी, प्रदीप तिवारी, राजन पंडित, प्रशांत तिवारी, विपुल पांडेय समेत कई लोग सक्रिय रहे।

# रेड़मा के गैराज में भीषण आग, आधा दर्जन से अधिक वाहन जलकर खाक

**■ चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू, लाखों का नुकसान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के रेड़मा स्थित पुरानी रांची रोड में शनिवार देर रात एक गैरेज में भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। इस आगलगी में आधा दर्जन से अधिक वाहन जलकर पूरी तरह खाक हो गए। घटना में लाखों रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार यह आग रात लगभग एक बजे लगी। जानकारी मिलने के बाद टीओपी-2 के पुलिस जवान और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक प्रयासों के बावजूद जब आग तेजी से फैलने लगी, तो दमकल विभाग को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद लगभग चार घंटे में आग पर नियंत्रण पाया गया।



**गैरेज संचालक ने बताई संभावित वजह :** गैरेज संचालक आफताब अंसारी ने बताया कि गैरेज बंद करने से पूर्व किसी व्यक्ति ने कचरा जलाने हेतु आग लगाई थी, जो बाद में धीरे-धीरे फैलकर गैरेज में खड़ी गाड़ियों तक पहुंच गई। उनका कहना है कि यह लापरवाही पूर्व में भी देखी जा चुकी है, लेकिन इस बार आग ने भीषण रूप ले लिया। हालांकि आग किस कारण लगी, इसकी पुष्टि के लिए पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

**स्थानीयों में दहशत, बड़ी दुर्घटना टली :** गैरेज के समीप रहने वाले लोगों में इस आग की घटना के बाद दहशत फैल गई। आधी रात को धुएं और लपटों को देखकर लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। कई स्थानीय लोग आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। सुबह तक गैरेज से धुआं उठता रहा, जिससे क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। दमकल विभाग की तत्परता और स्थानीय सहयोग से एक बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# रामनवमी पर पलामू पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन को मिला सम्मान

**■ अखिल भारतीय मध्यदेसीय वैश्य सभा ने चुनरी, पट्टा और शील्ड प्रदान कर किया सम्मानित**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामनवमी पर्व को लेकर पलामू जिला पुलिस पूरी तरह से सतर्क और मुस्तैद है। पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु जिले की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन स्वयं मैदान में उतरकर तैयारियों की निगरानी कर रही हैं। शनिवार को उन्होंने मेदिनीनगर नगर क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील स्थलों का दौरा किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



नगर भ्रमण के उपरांत अखिल भारतीय मध्यदेसीय वैश्य सभा की ओर से पलामू पुलिस कप्तान का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभा की स्थानीय इकाई ने उन्हें धार्मिक प्रतीक स्वरूप चुनरी, श्रीराम जी का पट्टा और सम्मान-पत्र के साथ एक शील्ड भेंट कर उनका अभिनंदन किया। सभा के सदस्यों ने कहा कि पुलिस अधीक्षक का नेतृत्व जनमानस में सुरक्षा की भावना पैदा कर रहा है। उन्होंने त्योहार के मद्देनजर जिस प्रकार सक्रियता दिखाई है, वह सराहनीय है। इस सम्मान समारोह के माध्यम से वैश्य समाज ने उनके प्रति अपनी कृतज्ञता और समर्थन व्यक्त किया।

**पुलिस कप्तान ने दिया सौहार्दपूर्ण त्योहार का संदेश :** सम्मान प्राप्त करने के उपरांत एसपी रेशमा रमेशन ने सभा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पलामू पुलिस आम जनता के सहयोग से ही शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित कर सकती है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने सभी नागरिकों को रामनवमी की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं।

# देवी मंदिर समिति के अध्यक्ष गुरु प्रताप शाहीदेव का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** स्थानीय प्रसिद्ध देवी मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष गुरु प्रताप शाहीदेव का रविवार दोपहर 12 बजे निधन हो गया। वे 63 वर्ष के थे और विगत चार माह से मधुमेह व कैंसर से पीड़ित थे। बताया गया कि मधुमेह नियंत्रित न होने के कारण कई बड़े अस्पतालों में इलाज के बावजूद कैंसर का समुचित उपचार नहीं हो सका। अंततः उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही मंदिर समिति के उपाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, सचिव रामाश्रय सिंह व कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार सहित समिति के अन्य सदस्यों ने शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

मृतक पूर्व जमींदार स्व. पृथ्वी नाथ साहिदेव के सुपौत्र व स्व. महेन्द्र नाथ साहिदेव के पुत्र थे। वे जगदंबा कॉम्प्लेक्स के मालिक होने के साथ-साथ बाजार क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यवसायियों में शुमार थे। डेढ़ दशक से देवी मंदिर समिति के अध्यक्ष के रूप में उनकी सेवा को पूरे क्षेत्र में श्रद्धा के साथ याद किया जाता है।

उनके निधन की खबर से बाजार क्षेत्र के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में सन्नाटा पसर गया। दोनों समुदायों के व्यवसायी उनके आवास पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाने में जुटे रहे। भाजपा कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह, पूर्व विधायक दशरथ कुमार सिंह, प्रो. अरविन्द कुमार सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डॉ. अमीनुल हक अंसारी, डॉ. अजय जयसवाल, मुखिया संतोष कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य संगीता देवी, पंचायत समिति सदस्य शैलू जयसवाल, गुप्तेश्वर पांडेय समेत बड़ी संख्या में सामाजिक और व्यवसायिक क्षेत्र की हस्तियों ने शोक व्यक्त किया।

# रामनवमी पर 'नई उम्मीद एक पल' संस्था ने सेवा कैंप लगाकर किया जनसेवा का संकल्प



**❖ निःशुल्क शरबत, जूस, दवाएं व सम्मान कार्यक्रम से जागरूकता और सेवा का संदेश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामनवमी के शुभ अवसर पर टाउन थाना के समीप सामाजिक संस्था 'नई उम्मीद एक पल' द्वारा सेवा कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं और आम लोगों के बीच निःशुल्क शरबत, लीची जूस, बिस्किट, चना-गुड़ और आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संस्था के सभी सदस्यों एवं अन्य सहयोगियों को सम्मानित कर सेवा कार्यों के लिए प्रेरित किया गया। संस्था की ओर से पूर्व में भी जरूरतमंद, गरीब, अनाथ बच्चों को भोजन, वस्त्र, शिक्षा, दवा और अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाती रही है। हर रविवार को अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर बच्चों को स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाता है।

संस्था के अध्यक्ष रवि दयाल कुमार, उपाध्यक्ष विशाल चंद्रा, सचिव विनय शर्मा, कोषाध्यक्ष अक्षय कुमार सहित अन्य सदस्यों जैसे राहुल, मुन्ना, अभिमन्यु, मोहन, संजय, शुभम, आकाश, डीजे पिंकू, सुशील कुमार शर्मा आदि ने सेवा भाव से कार्यक्रम में भाग लिया। महिलाओं में पूजा देवी, ज्योति कुमारी और चंदा कुमारी ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। बच्चों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

इस मौके पर नंदा लाइब्रेरी की अध्यक्ष बबीता कुमारी ने भी सहयोग किया। कार्यक्रम के संरक्षक अधिवक्ता जितेंद्र कुमार उपाध्याय ने सभी सदस्यों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया और संस्था के माध्यम से पलामू जिले में गरीब, अनाथ, मानसिक रूप से कमजोर बच्चों एवं वृद्धों के लिए सहयोग जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# दंगवार में निकाली गई रामनवमी शोभायात्रा जय श्रीराम के नारों से गूंजा इलाका



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** रामनवमी पर्व के अवसर पर हुसैनाबाद प्रखंड के दंगवार पंचायत में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा दंगवार देवी स्थान से प्रारंभ होकर दंगवार बाजार, अंबागढ़ शिव मंदिर, दंगवार ओपी होते हुए नदियाईन तक पहुंची। पूरे मार्ग में जय श्रीराम और जय हनुमान के गगनभेदी नारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। जुलूस के शांतिपूर्ण संचालन हेतु एसडीएम गौरांग महतो, सीओ पंकज कुमार, बीडीओ सुनील कुमार वर्मा, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी और दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता समेत पुलिस बल की पूरी टीम मुस्तैद रही। थाना प्रभारी ने लोगों से पर्व को सौहार्दपूर्वक मनाने और सोशल मीडिया पर अफवाहें न फैलाने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि भ्रामक जानकारी साझा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुखिया अमरेंद्र ठाकुर ने सभी श्रद्धालुओं को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं और कमेटी की ओर से अतिथियों को अंगवस्त्र व तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन में अध्यक्ष गोविंद सिंह, सचिव संतोष राम, कोषाध्यक्ष संतोष सिंह, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता सहित कई प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और हजारों रामभक्त शामिल हुए।

# रामनवमी पर लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने झंडा चौक में किया भंडारे का आयोजन

**■ सेवा, समर्पण और सामाजिक एकता का दिया संदेश, श्रद्धालुओं को वितरित किया गया प्रसाद**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राम नवमी के पावन अवसर पर लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने शहर के व्यस्ततम क्षेत्र झंडा चौक में भव्य भंडारे का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं को पारंपरिक व्यंजन और मिनरल वाटर निःशुल्क वितरित किया गया। आयोजन ने न सिर्फ धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक प्रस्तुत किया, बल्कि सामाजिक सेवा और एकजुटता का उत्कृष्ट उदाहरण भी स्थापित किया।




परियोजना अध्यक्ष वरुण जायसवाल ने बताया कि राम नवमी के अवसर पर क्लब ने संकल्प लिया था कि समुदाय के सभी वर्गों तक सेवा और सहयोग की भावना पहुंचे। इसी उद्देश्य से भंडारे का आयोजन किया गया, जहाँ भक्तों को भोजन के साथ-साथ ताजगी प्रदान करने के लिए मिनरल वाटर भी उपलब्ध कराया गया।

भंडारे में पौष्टिक व पारंपरिक व्यंजन बड़ी श्रद्धा और मेहनत से तैयार किए गए, जिन्हें श्रद्धालुओं ने श्रद्धा से ग्रहण किया। इस पहल के माध्यम से क्लब ने सामाजिक समरसता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा दिया।

लायंस महिला शक्ति की आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि राम नवमी का पर्व धर्म, न्याय और सहानुभूति जैसे जीवन मूल्यों की शिक्षा देता है। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सशक्त किया, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी को भी उजागर किया। लायन डॉ. रवीश कुमार ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब समाज एकजुट होकर सेवा के कार्य करता है, तो सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है। भंडारे की तैयारी सुबह से ही शुरू हो गई थी, जिससे प्रत्येक आगंतुक को समय पर प्रसाद मिल सके।

इस आयोजन में क्लब के डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ (अध्यक्ष), निलेश चंद्र (सचिव), डॉ. उदय कुमार, डॉ. निशांत कुमार, फिरोज अंसारी, प्रियंका आनंद साहू, लिली मिश्रा, अनूप कुमार, मनोज कुमार सोनी, परिमल प्रसून, डॉ. अमित कुमार रंजन, रणजीत मिश्रा, डॉ. गौरव विशाल, आनंद केशव, नवदीप सिंह, रितेश कुमार, गुरवीर सिंह, विकास शेट्टी, इंद्रजीत सिंह डिंपल, मुकेश कुमार अग्रवाल, श्रीकांत कुमार सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। लायंस क्लब द्वारा आयोजित यह भंडारा धार्मिक श्रद्धा और सामाजिक सेवा का अद्भुत संगम रहा, जिसकी सराहना स्थानीय नागरिकों ने खुलकर की। इस आयोजन को भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ आयोजित करने की आशा जताई जा रही है।

# झलखंडी स्थल को विकसित करने का लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के तरहसी प्रखंड अंतर्गत मझिगवां ग्राम स्थित मां झलखंडी मंदिर परिसर में रामनवमी के पावन अवसर पर नवमी तिथि को भव्य मेले का आयोजन हुआ। हर वर्ष की भांति इस बार भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूजा कमेटी द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए कांग्रेस के प्रोफेशनल विंग के प्रदेश कोऑर्डिनेटर रूद्र शुक्ला को कमेटी द्वारा पारंपरिक पगड़ी पहनाकर और तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया।

सम्मान पाकर युवा नेता ने झालखंडी पूजा कमेटी के अध्यक्ष प्रयदर्शी , सचिव अनुज सिंह और पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने मां झलखंडी का आशीर्वाद लेकर कहा कि यह स्थल शीघ्र ही पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होगा, जिससे मेले का विस्तार होगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। रूद्र शुक्ला ने कहा कि मां झलखंडी एक देवी हैं, जिनकी महिमा से लाखों श्रद्धालु हर वर्ष पलामू सहित अन्य जिलों से दर्शन करने आते हैं और अपनी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। उन्होंने अंत में कामना की कि मां झलखंडी का आशीर्वाद पांकी विधानसभा, पलामू और समस्त झारखंड पर बना रहे और क्षेत्र में शांति, समृद्धि व उन्नति का मार्ग प्रशस्त हो।

# भीलमा में शांतिपूर्ण वातावरण में निकली रामनवमी की शोभायात्रा



नवीन मेल संवाददाता

**कांडी।** रामनवमी के पावन अवसर पर प्रखंड के बलियारी पंचायत अंतर्गत ग्राम भीलमा में शांतिपूर्ण वातावरण में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस यात्रा में राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान और सुग्रीव की झांकियों ने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। महावीरी झंडा लिए रामभक्तों ने जय श्रीराम के जयकारों से पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा गांव के गली, चौक, चौराहों से होते हुए कांडी कांचर तक गई। हालांकि, इस बार कांडी मुख्यालय तक रामनवमी का जुलूस नहीं पहुंच सका। इसका प्रमुख कारण प्रखंड पूजा समिति के अध्यक्ष और कांडी पंचायत के मुखिया विजय राम के छोटे भाई उदय राम का आकस्मिक निधन रहा, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। भीलमा की शोभायात्रा में समिति अध्यक्ष सुनील सिंह, सचिव डॉ. रंजीत मेहता, गुड्डू सिंह, भोला सिंह, कौशल सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस बल की तैनाती की गई थी और पुलिस लगातार गश्त करती रही।

# केतार में भव्य रामनवमी जुलूस: पारंपरिक झांकियों के साथ निकला शोभा यात्रा

**सैकड़ों रामभक्तों ने बाइक जुलूस में भाग लिया, मुस्लिम समुदाय ने पेश की आपसी सौहार्द की मिसाल**



नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** प्रखंड के सुप्रसिद्ध मां चतुर्भुजी मंदिर से रामनवमी के शुभ अवसर पर पारंपरिक रथ यात्रा और झांकियों के साथ एक भव्य जुलूस निकाला गया। इस शोभायात्रा में श्रीराम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की भव्य झांकी सजाई गई थी, जिसे सैकड़ों रामभक्तों ने बाइक जुलूस के रूप में पूरे उल्लास से निकाला। बाइक सवार श्रद्धालु पारंपरिक हथियारों से सुसज्जित थे और ₹जय श्रीराम₹, ₹जय हनुमान₹ के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना दिया। जुलूस को मां चतुर्भुजी मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, ज्वाला प्रसाद, हेमंत पाठक, राजीव रंजन तिवारी, रामविचार साहू सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जुलूस केतार बाजार से होते हुए नवाडीह स्थित हनुमान मंदिर पहुंचा, जहां स्थानीय ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं का जलपान और शरबत से स्वागत किया। इसके बाद बेलाबार मस्जिद के समीप मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी श्रद्धालुओं के लिए जलपान का प्रबंध कर आपसी भाईचारे की एक खूबसूरत मिसाल पेश की। जुलूस अंततः कोल्ह रोड होते हुए पुनः केतार बाजार पहुंचकर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह, थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी, कनीय अभियंता आनंद कुमार एवं समाजसेवी पंकज सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### तकुशाहदाता के मजार पर मिथिलेश ठाकुर ने की चादरपोशी

**रंका।** रंका क्षेत्र के ऐतिहासिक तकुशाहदाता के मजार शरीफ पर सलाना उर्स के अवसर पर एक भव्य कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 5 अप्रैल की रात 10 बजे शुरू हुआ, जिसका उद्घाटन झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने चादरपोशी कर एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने मजार पर चादर चढ़ाकर श्रद्धा निवेदित की और क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, मेरठ के प्रसिद्ध कव्वाल अजमत आफताब वारसी और दिल्ली के रेहान कव्वाल ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। दोनों कव्वालों ने एक से बढ़कर एक सूफी और भक्ति रचनाएं प्रस्तुत कीं, जिससे रात भर श्रोतागण झूमते रहे। कव्वाली के दौरान पूरे परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। कार्यक्रम की सफलता और शांति व्यवस्था को लेकर रंका थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह, एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह, व प्रशासनिक टीम मुस्तैद रही। इस आयोजन में कव्वाली कमेटी के सदस्य एवं स्थानीय समाजसेवी भी उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

### काडी : भक्ति सागर में पूरी रात डूबे श्रद्धालु

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के लमारी खुर्द गांव स्थित देवी धाम मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने तथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम नवमी के शुभ अवसर पर शनिवार रात्रि को भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कांडी थाना प्रभारी अविनाश राज, जिप सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार, घटहुआं कला के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अजीज अंसारी, वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम एवं गांव के वरिष्ठ नागरिकों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। थाना प्रभारी अविनाश राज ने सभी प्रखंडवासियों को नवमी की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द, शांति और संयम बनाए रखने की अपील की। उन्होंने सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट या टिप्पणियों से बचने का संदेश भी दिया। भजन संध्या की शुरुआत गायिका पूजा कैमूरी के भावविभोर गीतों से हुई – ₹जो भी आ जाए माता जी के दरबार में, कुछ न कुछ जरूर मिलता है₹ जैसे भजनों पर श्रोता झूम उठे। ₹मैया तेरे चरणों में₹ भजन को भी खूब सराहा गया। वहीं गायक सूरज तहलका और शक्तिमान राज की प्रस्तुतियों ने भी माहौल को भक्तिमय बनाए रखा। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्ति के सागर में डूबते नजर आए। अंत तक पंडाल खचाखच भरा रहा। मौके पर संतोष बैठा, गोपाल सिंह, चंद्रिका बैठा, आलोक सिंह, विकेश सिंह, राजा सिंह, धीरेन्द्र कुमार सहित आसपास के कई गांवों से लोग उपस्थित थे।

### उत्साह के साथ महावीरी झंडा जुलूस निकला

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को रामनवमी का पर्व श्रद्धा, उत्साह और शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। मंदिरों से लेकर घर-आंगन तक भक्ति का वातावरण बना रहा। रात्रि में विभिन्न मंदिरों में अखंड कीर्तन और भजन का आयोजन किया गया, जबकि घरों में मंत्रोच्चार के साथ माँ दुर्गा की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। सुबह होते ही महावीरी झंडों के साथ युवाओं ने जय श्रीराम के नारों के बीच पैदल पावन जुलूस निकाला। डंडई, जारही और सोनेहरा गांवों में विशेष आयोजन देखने को मिला। सियाराम जानकी मंदिर, डंडई में शनिवार रात 7 बजे से प्रारंभ हुआ अखंड कीर्तन रविवार सुबह 7 बजे तक चला, जिसमें श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर कीर्तन करते रहे। रविवार सुबह हनुमत पूजा के पश्चात महावीरी झंडा पूरे गांव में भ्रमण कराया गया। गांव के विभिन्न टोले – उत्तर हरिजन टोला, कुम्हार टोला, ठाकुर टोला – से आए झंडों का मुख्य बाजार में मिलान किया गया। झंडा मिलन कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने जयघोष करते हुए भाग लिया। करतब प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें तलवार, लाठी और गड़ासा के माध्यम से युवाओं ने कला का प्रदर्शन किया। विशेष रूप से 20 वर्षीय युवती नैंसी भारती द्वारा लाठी से किए गए करतब को लोगों ने खूब सराहा। इसके उपरांत दानरो नदी किनारे स्थित सूर्य मंदिर परिसर में श्रीराम सेवा समिति द्वारा महाभंडारे का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष आयोजन को विशेष रूप देकर ग्रामीणों के लिए मनोरंजन और भक्ति का समन्वय किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद रही। पुलिस पदाधिकारियों एवं महिला कांस्टेबलों की उपस्थिति ने शांति बनाए रखी।

### रामनवमी पर निकला भव्य जुलूस, जगह-जगह हुआ भंडारा

**मेराल।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को रामनवमी का पर्व श्रद्धा, उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया। जगह-जगह भव्य शोभायात्राएं निकाली गईं, वहीं श्रद्धालुओं के लिए भंडारों का आयोजन कर उन्हें प्रसाद वितरित किया गया। पूरा क्षेत्र जय श्रीराम और जय बजरंगबली के उद्घोष से गुंजायमान रहा। नव युवक संघ मुडल टोला की ओर से निकाले गए रामनवमी जुलूस में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मुडल टोला से निकला यह जुलूस महावीरी झंडा एवं गाजे-बाजे के साथ दिलबोध टोला, अस्पताल चौक, थाना होते हुए मेराल बस स्टैंड तक पहुंचा। इसके बाद जुलूस मेराल बाजार होते हुए पुनः मुडल टोला पहुंचकर शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इसी तरह हासनदाग, करकोमा, बाना, दुलदुलवा सहित अन्य गांवों में भी परंपरागत तरीके से महावीरी झंडा जुलूस निकाला गया। सभी जगहों पर स्थानीय लोगों ने रामभक्तों का स्वागत किया एवं उन्हें जलपान कराया। रामनवमी पर्व को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार आजाद एवं थाना प्रभारी विष्णु कांत के नेतृत्व में पुलिस बल लगातार गश्ती कर रहा था। थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर तैनात पुलिसकर्मी जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में मुस्तैद दिखे।

### मां शायर देवी धाम में रामचरितमानस नवाह्न पारायण महायज्ञ का समापन

**मेराल।** मां शायर देवी धाम मंदिर परिसर में आयोजित पांचवें वार्षिक महोत्सव के अंतर्गत नौ दिवसीय श्री रामचरित मानस नवाह्न पारायण महायज्ञ का रविवार को विधिवत समापन हुआ। समापन के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। भंडारे का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, मुखिया उर्मिला देवी, समाजसेवी रामसागर महतो, मुन्ना राम, देवी धाम संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत, प्रेमचंद प्रसाद और वीरेंद्र साव सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान सभी अतिथियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

## एक नजर

### स्कूल में चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा गया चोर, भेजा जेल



**मेराल।** प्रखंड क्षेत्र के पुरबारा टोला स्कूल में चोरी की घटना को अंजाम दे रहे एक चोर को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ लिया है। रविवार की रात मेराल पुलिस ने पहले से घात लगाकर तैनाती कर रखी थी, जहां चोर स्कूल का ताला तोड़कर चोरी करने में जुटा था। जैसे ही वह चोरी कर रहा था, पुलिस ने उसे सामान सहित धर दबोचा। गिरफ्तार चोर की पहचान सुमंत कुमार गुप्ता (पिता-दिनेश प्रसाद गुप्ता), निवासी मेराल पुरबारा टोला के रूप में हुई है। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार व सचिव द्वारा पहले ही आवेदन देकर चोरी की सूचना दी गई थी, जिसके आलोक में पुलिस निगरानी कर रही थी। गिरफ्तार चोर के पास से एचबीएल कंपनी के 12 वोल्ट की चार बैटरियां, पांच मॉनिटर, जैब्रॉन कंपनी के नौ हेडफोन और एक समरसेबल मोटर पंप बरामद किया गया है। पुलिस ने प्राथमिक दर्ज कर चोर को जेल भेज दिया है।

### भाजपा स्थापना दिवस पर गूंजा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का नारा

**श्री बंशीधर नगर।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस शनिवार को स्टेशन रोड स्थित मंडल कार्यालय में उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने पार्टी का झंडोत्तोलन किया और पं. दीनदयाल उपाध्याय तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को स्थापित भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत एवं निर्णायक फैसले ले रही सरकार की मिसाल बन चुका है। उन्होंने हालिया म्यांमार भूकंप में भारत सरकार द्वारा चलाए गए ऑपरेशन ब्रह्मा की सराहना करते हुए कहा कि भारत सदैव अपने पड़ोसी देशों की मदद में अग्रणी रहा है। मौके पर जिला महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता, लालमोहन यादव, शैलेश चौबे, सुरेंद्र गुप्ता, कृष्ण मुरारी चौबे, कमलेश बिहारी, उमेश पासवान, रामजन्म गोस्वामी, अभिषेक कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मझिआंव में रामनवमी पर निकली भव्य जुलूस व सांस्कृतिक झांकियां

नवीन मेल संवाददाता

**मझिआंव।** रामनवमी पर्व के अवसर पर मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र में श्रद्धा और उत्सव का माहौल रहा। राधा कृष्ण मंदिर से एक भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें नगर क्षेत्र और आसपास के गांवों के श्रद्धालु शामिल हुए। जुलूस में स्कूल के बच्चों और बच्चियों ने राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान और रथ सारथी के किरदार निभाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। झांकियों के साथ-साथ विभिन्न गांवों से आए अखाड़ा दलों ने भी महावीर झंडा लेकर हिस्सा लिया और ₹जय श्रीराम₹, ₹बजरंगबली की जय₹ के उद्घोषों से वातावरण को गूंजायमान कर दिया। जुलूस नगर क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए नगरवासियों को भक्ति और संस्कृति से जोड़ता रहा। जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार, थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी और कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार अपने-अपने दल के साथ उपस्थित रहे। रामभक्तों ने इस दौरान विविध कला प्रदर्शनों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई, जिसे दर्शकों ने सराहा। बस स्टैंड परिसर में युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्रीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह, सभी अखाड़ा अध्यक्ष, राधा कृष्ण मंदिर के महंत केशव नारायण दास, भाजपा कार्यकर्ता और प्रबुद्ध नागरिकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही गायत्री परिवार युवा मंडल द्वारा श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। इस तरह मझिआंव में रामनवमी का यह पर्व धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का अनुपम उदाहरण बन गया।



# रंका के सोनदाग पंचायत में दोगोला कार्यक्रम ने बांधा समां

नवीन मेल संवाददाता

**रंका।** रामनवमी पर्व के अवसर पर रंका प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के आम बगीचा में आयोजित दोगोला कार्यक्रम में सांस्कृतिक माहौल चरम पर रहा। यह कार्यक्रम रामनवमी पूजा मेला समिति भलुइनी की ओर से आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन सोनदाग पंचायत की मुखिया रीमा देवी ने फीता काटकर किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी थे, जो अस्वस्थ होने के कारण स्वयं उपस्थित नहीं हो सके। उनकी ओर से रंका उत्तरी मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश दास ने प्रतिनिधित्व किया। समिति की ओर से उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में पलामू से पधारे सुप्रसिद्ध व्यास अनिल विश्वकर्मा एवं रामकंडा के चर्चित भजनाचार्य बाबूलाल यादव ने अपने-अपने गायन शैली से उपस्थित भक्तों को पूरी रात झूमने पर विवश कर दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत चैता, भक्ति गीत और लोक संस्कृति से ओतप्रोत रचनाओं ने श्रोताओं को बांधे रखा। इस अवसर पर मेला समिति के अध्यक्ष मनोज ठाकुर, समाजसेवी डॉ. दया शंकर ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, फौजदार सिंह, उप मुखिया सतनारायण सिंह, बिरबल सिंह, राजेश्वर सिंह, पंकज ठाकुर, प्रभु सिंह, द्वारिका ठाकुर सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। हालाँकि विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी की अनुपस्थिति से ग्रामीणों में थोड़ी निराशा देखी गई, लेकिन सभी ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भगवान श्रीराम से की। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह था।

# रंका में रामनवमी पूजा समिति ने सम्मान समारोह का किया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**रंका।** रामनवमी के पावन अवसर पर शनिवार को रंका रामनवमी पूजा समिति की ओर से भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रंका रघुनाथ अखाड़े में संपन्न हुआ, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सुलपनी सिंह ने की। संरक्षक किशोर कुमार, उत्तम पांडे, भिखारी पाल, विवेक चौधरी, मनीष चौधरी, अमरेंद्र कुमार, कुलदीप ठाकुर, धीरज सिंह, रानू राज, कमल सिंह सहित समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। समारोह के मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी रुद्र प्रताप और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह रहे। इनके अलावा रंका थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह, अंचलाधिकारी शिवपूजन तिवारी, अनुमंडल इंस्पेक्टर, प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बिल्ला टोपनो, रंका पंचायत की पूर्व मुखिया महिमा गुप्ता, रंगशका समाजसेवी मोरध्वज प्रसाद सिंह उर्फ सुमन सिंह को भी समिति द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए एसडीओ रुद्र प्रताप ने कहा कि भगवान श्रीराम का चरित्र आज भी हमें पारिवारिक और सामाजिक मूल्यों की सीख देता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे रामायण का पाठ करें और उसमें वर्णित आदर्शों को आत्मसात करें। वहीं एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह ने कहा कि बिना राम के कोई भी कार्य पूर्ण नहीं होता।

# जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा श्री बंशीधर नगर

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** रविवार को श्रीरामनवमी का पर्व श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। पूरे क्षेत्र में राम जन्मोत्सव को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक संगठनों की ओर से भव्य जुलूस और झांकियों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्री राम सेना, हिंदू सेना एवं देवी मंदिर सेवा समिति पूर्णानगर की ओर से गोसाईबाग लालाबागी स्थित बजरंग बली मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद राम दरबार की भव्य झांकी निकाली गई। झांकी में राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के स्वरूपों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया। 'जय श्रीरा', राम जी की सवारी निकली है न्यारी', 'जय हनुमान' जैसे नारों से पूरा नगर गूंज उठा। पूरे आयोजन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल की तैनाती के साथ ही स्वयंसेवकों ने भी यातायात और भीड़ नियंत्रण में सहयोग किया।



**नगर भ्रमण कर शोभायात्रा का समापन**

शोभायात्रा गोसाईबाग से प्रारंभ होकर मेन रोड, भवनाथपुर मोड़ होते हुए नगर के बस स्टैंड पहुंच कर समाप्त हुई। रथों पर सजे रामदरबार, विभिन्न झांकियां और भक्तों की टोली आकर्षण का केंद्र रही। पूरे मार्ग पर भक्तगण डीजे की धुन पर थिरकते और जयकारे लगाते चल रहे थे। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

# चिनिया में रामनवमी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**चिनिया।** रामनवमी का पर्व चिनिया प्रखंड मुख्यालय समेत विभिन्न पंचायतों में भक्ति, उल्लास और शांति के साथ मनाया गया। पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रशासन की तत्परता और आमजन के सहयोग से पर्व पूरी तरह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। पर्व की शुरूआत नवयुवक संघ के तत्वावधान में चिनिया मुख्यालय से महावीर झंडा जुलूस के साथ हुई। सैकड़ों रामभक्त पारंपरिक वेशभूषा और अस्त्र-शस्त्रों के साथ ₹जय श्रीराम₹ के जयघोष करते हुए जुलूस में शामिल हुए। महावीर मंदिर से निकला यह जुलूस थाना चौक, बस स्टैंड, रंका मोड़ होते हुए रानी चेरी के चैतूवा दामर मैदान तक पहुंचा, जहां विभिन्न पंचायतों से आए झंडों का मिलान किया गया। इसके बाद श्रद्धालु रानी चेरी शिव स्थान पहुंचे, जहां जुलूस मेले का रूप ले चुका था। यहां रानीचेरी कमेटी द्वारा भक्ति दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ सुबोध कुमार और थाना प्रभारी अमित कुमार मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत भगवा गमछा ओढ़ाकर किया गया। प्रशासनिक दृष्टिकोण से भी तैयारियां मुकम्मल थीं। संवेदनशील इलाकों में मजिस्ट्रेट रोशन कुमार की निगरानी में एएसआई नवीन राणा, मकबूल अंसारी, काशिद हुसैन सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष पुलिस बल तैनात रहा। खुरी, रणपुरा, बेता, डोल सहित अन्य गांवों में प्रशासन ने सतर्कता बनाए रखी। पर्व में राम सागर यादव, मोहम्मद फरीद, कपिल प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, रामवृक्ष सिंह, राजेश्वर सिंह, दुबराज सिंह, जन्नत हुसैन, अभय सिंह आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।



### खरौंधी में निकली भव्य राम दरबार झांकी, गूंजे जयघोष

**खरौंधी।** रविवार को रामनवमी के शुभ अवसर पर खरौंधी प्रखंड में श्रद्धा और उल्लास से ओतप्रोत भव्य राम दरबार झांकी निकाली गई। प्रखंडवासियों ने अपने-अपने नजदीकी मंदिरों में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-शांति की कामना की। श्रीराम सेना के अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार के नेतृत्व में चंदनी देवी मंदिर से झांकी का शुभारंभ हुआ, जिसमें भगवा वस्त्रधारी सैकड़ों रामभक्तों ने पारंपरिक शस्त्रों के साथ भाग लिया। राम दरबार की झांकी के साथ आकर्षक रथ, भजन और जयघोषों से वातावरण भक्तिमय बन गया। झांकी चंदनी देवी मंदिर से शुरू होकर खरौंधी बाजार स्थित देवी धाम मंदिर तक गई और वहीं पूजा-अर्चना के बाद पुनः मंदिर लौटकर संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में भाजपा, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता एवं हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बीडीओ रवींद्र कुमार, सीओ गौतम कुमार लकड़ा, थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी, पुलिस बल और दंडाधिकारी लगातार निगरानी करते रहे। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, भाजपा नेता राजेश कुमार रजक, आजसू नेता गोरखनाथ चौधरी, चंदनी मुखिया राम गहन मेहता, संदीप जायसवाल, क्रांति कुमार, अंशु चंद्रवंशी, पवन पासवान सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। रामनवमी के अवसर पर क्षेत्र में धर्म, एकता और सांस्कृतिक सौहार्द की अद्भुत झलक देखने को मिली।

**शिलान्यास**

**85 लाख की लागत से होगा निर्माण, मिलेगा स्वास्थ्य लाभ**

# धुरकी में बनेगा पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन, विधायक ने किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

**धुरकी।** क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव ने रविवार को धुरकी प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में 85 लाख रुपये की लागत से बनने वाले पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन का विधिवत पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। भवन निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत इस परियोजना से स्थानीय लोगों को बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि यह भवन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में कार्य करेगा। इससे क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य शिक्षा, प्राथमिक चिकित्सा, रोगों से बचाव और रोकथाम की सुविधा मिलेगी। विधायक ने बजट सत्र में आदिम जनजातियों की भूमि सुरक्षा और हाथियों द्वारा गांवों में की जा रही तबाही का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाने की बात कही। उन्होंने प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर भी चिंता जताई और कहा कि कार्यकर्ता या आम जनता किसी से डरें नहीं। जल्द ही बीडीओ, सीओ सहित तमाम प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक कर मनरेगा सहित अन्य जनहित योजनाओं में व्याप्त घूसखोरी व कमीशनखोरी पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि भ्रष्ट अधिकारी अपने रवैये में सुधार लाएं अन्यथा उन्हें प्रखंड छोड़ना पड़ेगा। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष इसराइल खान ने की। सभा को पूर्व जिप सदस्य जानकी सिंह, पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव, इसलाम खान, शैलेश यादव, मुक्तेश्वर पांडेय, प्रदीप सिंह, जीतेंद्र ठाकुर सहित कई जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया। उपस्थित लोगों में योगेंद्र यादव, एहसान अंसारी, एकराम खान, रामकिसुन कोरवा, बीडीसी कृष्ण कुमार सिंह, मनान अंसारी, इरशाद अंसारी, शंभु सिंह, नरेश गोड़, अशोक यादव, जाबीर अंसारी समेत अनेक ग्रामीण शामिल थे।



# भवनाथपुर में श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया राम जन्मोत्सव

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में रामनवमी पर्व के साथ ही नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र पूजा का समापन श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ। रविवार को सुबह से ही प्रखंड के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिरों में पूजा-अर्चना और कन्या पूजन के साथ व्रतधारियों ने उपवास खोला। टाउनशिप दुर्गा मंदिर, देवीधाम मंदिर (मुख्य मार्ग), नटवा बाबा धाम, अधौरा स्थित मांडर महारानी मंदिर, सिंघिताली मंदिर, अरसली उत्तरी दुर्गा मंदिर और टाउनशिप महावीर मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। महिला और पुरुष श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचकर मत्था टेकते हुए सुख, समृद्धि और शांति की कामना करते देखे गए। रामनवमी को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सभी प्रमुख मंदिरों के बाहर व्यापक पुलिस बल की तैनाती की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी स्वयं थाना प्रभारी रजनी रंजन कर रहे थे, जो पूरे दिन पुलिस बल के साथ क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। वहीं, नवरात्रि की नवमी तिथि पर टाउनशिप दुर्गा मंदिर, देवीधाम और नटवा बाबा धाम पर महाप्रसाद का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



### मुखिया के भाई की असामयिक मृत्यु से सन्नाटा, शोभायात्रा स्थगित

**कांडी।** प्रखंड के कांडी पंचायत में रामनवमी का उल्लास उस समय शोक में बदल गया जब कांडी गांव निवासी मुन्नी राम के पुत्र और मुखिया विजय राम के छोटे भाई उदय राम (२५ वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। बताया गया कि वे पिछले एक महीने से मानसिक परेशानी से ग्रसित थे। रविवार दोपहर अचानक उनकी नाक से खून बहने लगा, जिसके बाद परिजन उन्हें तत्काल अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांडी ले गए। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई मौत की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। कांडी बीडीओ राकेश सहाय, थाना प्रभारी अविनाश राज और डीएसपी चिरंजीवी मंडल दल-बल के साथ मृतक के आवास पहुंचे और घटना की जानकारी लेकर पंचनामा बनाया गया। अंतिम संस्कार सोन नदी में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष विजय राम के छोटे भाई की मौत के बाद समिति द्वारा सभी धार्मिक कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए। महावीर सह राम जानकी मंदिर से निकलने वाली शोभायात्रा को भी निरस्त कर दिया गया।

# राम के आदर्शों को अपनाकर जीवन को बनाएं सफल : उपायुक्त

**■ रामनवमी पर लातेहार में निकली भव्य शोभायात्रा, झांकियों और जय श्रीराम के नारों से गूंजा शहर**





**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** रामनवमी के अवसर पर रविवार को श्री रामनवमी महासमिति लातेहार की ओर से थाना चौक पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव और विधायक बैद्यनाथ राम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों को समिति की ओर से पगड़ी और तलवार देकर सम्मानित किया गया।

### डीसी ने दिया प्रेरणादायक संदेश

डीसी उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि भगवान राम के जीवन से हमें अपने जीवन को बेहतर बनाने की प्रेरणा मिलती है। उनके आदर्शों को अपनाकर हम लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं।

### राम के आचरण को जीवन में उतारने की जरूरत : एसपी

पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि श्रीराम का जीवन अनुकरणीय है। उनका चरित्र समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने की दिशा में प्रेरक है।

### स्वार्थ त्यागने से ही रामराज्य संभव : विधायक

विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि रामराज्य की स्थापना तभी संभव है जब हम स्वार्थ त्यागकर निस्वार्थ भाव से कार्य करें। उन्होंने राम के जीवन चरित्र को आत्मसात करने पर बल दिया।

### शहर में निकाली गई विशाल शोभायात्रा

शहर के जुबली चौक, बानपुर, बायपास चौक, धर्मपुर, चटनाही, मेन रोड, होटवाग, मोंगर समेत विभिन्न अखाड़ों से महावीरी झंडा के साथ श्रद्धालु जुलूस में शामिल हुए। शोभायात्रा में भगवान राम, सीता और हनुमान की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई।

### अखाड़ों की कलाकारी बनी आकर्षण का केंद्र

अखाड़ों के युवाओं ने पारंपरिक हथियारों और लाठी चलाने की कला का प्रदर्शन किया। ताशा, ढोल और डीजे की धुन पर रामभक्त थिरकते नजर आए।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

रामनवमी को लेकर प्रशासन पूरी तरह चौकस रहा। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। थाना प्रभारी दुलाड़ चौड़े स्वयं विधि व्यवस्था पर नजर बनाए हुए थे।

### सेवा भाव से किया गया प्रसाद वितरण

शहर के विभिन्न स्थलों पर श्रद्धालुओं के लिए शरबत, चना, पानी आदि का वितरण किया गया। कई समाजसेवी संगठनों ने इस पुण्य कार्य में भागीदारी निभाई।

### गांवों में भी दिखा उत्साह

रामनवमी का उल्लास गांवों में भी दिखा। ग्रामीण क्षेत्रों के देवी स्थलों और मंडपों में पूजा-अर्चना की गई तथा महावीरी झंडा का मिलान कराया गया। मौके पर महामंत्री राजन तिवारी, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, एसडीएम अजय रजक, नगर प्रशासक राजीव रंजन, एनडीसी संजीत कुमार, एसडीपीओ अरविंद कुमार, त्रिभुवन पांडेय, अंकित पांडेय, राजमणी प्रसाद, जय सिंह, संतोष पासवान, सुनील प्रसाद, गौरव दास, उज्ज्वल पांडेय, अर्जुन पाठक, अश्विनी सिंह, सागर कुमार समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## मगध सीसीएल कोल माइंस में उच्च स्तरीय सुरक्षा जांच समिति का निरीक्षण



**बालूमाथ।** सीसीएल की मगध कोल माइंस में खान सुरक्षा समिति का टीके नाग के नेतृत्व में आगमन हुआ। निरीक्षण के दौरान निदेशक एमओसी वीरेंद्र ठाकुर, सीसीएल निदेशक सीबी तिवारी सहित अन्य अधिकारियों ने सुरक्षा प्रथाओं की समीक्षा की। टीम ने व्यू प्वाइंट से लेकर खदान तक निरीक्षण कर वृक्षारोपण किया और सुरक्षा सुधार को लेकर कई सुझाव दिए।

## जंगल से लकड़ी लाने पर ग्रामीणों ने वनकर्मियों पर लगाया मिलीभगत का आरोप



**महुआडांड़।** लोध जंगल से अवैध रूप से लकड़ी ले जा रहे दो ट्रैक्टर ग्रामीणों ने पकड़े, जिसमें वन विभाग के दो टेकर भी शामिल थे। कागजात मांगने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। ग्राम प्रधान फांसीस केरकेट्टा की अध्यक्षता में बैठक कर डीएफओ को आवेदन सौंपा गया। ग्रामीणों ने वनपाल पर मिलीभगत कर लकड़ी तस्करी का आरोप लगाया है।

## महुआडांड़ में निकली रामनवमी की विशाल शोभायात्रा, महिला शक्ति की रही भागीदारी



**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ प्रखंड में रामनवमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। बाइक जुलूस, झंडा मिलान और अखाड़ा प्रदर्शन में दुर्गा वाहिनी की बहनों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए। बजरंग दल व हिंदू महासभा ने पूजा समितियों व कलाकारों को सम्मानित किया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने हंटरगंज में मनाया स्थापना दिवस

**हंटरगंज/चतरा।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी का 46वां स्थापना दिवस घर-घर झंडोत्तोलन कर मनाया। मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया व अन्य कार्यकर्ताओं ने अपने आवास पर झंडा फहराया और शुभकामनाएं दीं।

## रामनवमी पर चंदवा में भव्य शोभायात्रा अखाड़ा प्रतियोगिता में दिखा शौर्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** रामनवमी के मौके पर चंदवा में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें युवाओं ने पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों से करतब दिखाए। आयोजन में यूपी से आए कलाकारों ने भी झांकियों का प्रदर्शन किया। अखाड़ों का आयोजन युवा भारत और रामनवमी पूजा समिति ने किया, जिसमें कलाकारों को सम्मानित भी किया गया। प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा।

## भव्य उल्लास और भक्तिमय माहौल में मनाया गया श्रीराम नवमी पर्व झंडा जुलूस, झांकियों और हनुमत पाठ से गूंज उठा चतरा जिला

**● सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद, हर गांव व नगर हुआ राममय**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/हंटरगंज/सिमरिया/पत्थलगड़ा।** रविवार को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी पर्व को लेकर जिले भर में भक्तिमय माहौल रहा। नगर से लेकर गांवों तक श्रीराम के जयघोष से वातावरण गुंजायमान होता रहा। जिले के विभिन्न प्रखंडों में सुबह से ही श्रद्धालु अपने-अपने घरों, मंदिरों एवं देवी मंडापों में हनुमान चालीसा का पाठ कर महावीरी झंडे का ध्वजारोहण किया।

**अखाड़ों और समितियों ने निकाले जुलूस व झांकियां :** गिद्धौर, मयूरहंड, इटखोरी, सिमरिया, टंडवा सहित विभिन्न प्रखंडों में दोपहर बाद विभिन्न अखाड़ा कमेटियों द्वारा पारंपरिक झंडा जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल युवाओं ने पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों के साथ करतब दिखाए, वहीं डीजे की धुन पर जमकर थिरके। जगह-जगह जुलूस में शामिल गगनचुंबी महावीरी झंडों की पूजा की गई और गांव भ्रमण के बाद उनका सामूहिक मिलान किया गया। सिमरिया प्रखंड में झंडा जुलूस के दौरान पूरे क्षेत्र में 'जय श्रीराम' और 'जय हनुमान' के नारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

**स्वर्णकार संघ और सामाजिक संगठनों की भागीदारी :** जिला मुख्यालय में जिला स्वर्णकार संघ की ओर से झंडा जुलूस निकाला गया, जिसमें संघ के अध्यक्ष, सचिव व समाज के अन्य प्रबुद्ध जन शामिल हुए। केसरी चौक स्थित बजरंगबली मंदिर में पूजा-अर्चना के उपरांत विभिन्न क्लबों द्वारा भी भव्य झांकियों के साथ जुलूस निकाले गए।

### राममय हुआ हर गांव व शहर

**गिद्धौर।** प्रखंड सहित जिले के बारियातु, गंगापुर, केंदुआ, पहरा, सिंदुआरी, मंझगांवा, पिंडारकोण आदि गांवों में रामनवमी के अवसर पर पारंपरिक झंडा जुलूस, मनमोहक झांकियां और अस्त्र-शस्त्रों के साथ लाठी खेल का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी बजरंगबली का ध्वज फहराकर अपनी श्रद्धा प्रकट की।

### बारियातू में रामनवमी पर झंडा जुलूस व अखाड़ा प्रदर्शन

**बारियातू।** प्रखंड में रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जय श्रीराम के नारों के बीच पारंपरिक हथियारों से सजे रामभक्तों ने करतब दिखाए। प्रशासनिक व्यवस्था चाक-चौबंद रही।

## रामनवमी पर भक्तिमय हुआ चतरा, निकले जुलूस व झांकियां, जयकारों से गूंजा वातावरण

**● शहर से गांव तक रामभक्ति की लहर, सुरक्षा के लिए ड्रोन व सीसीटीवी से निगरानी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/सिमरिया/पत्थलगड़ा/इटखोरी।** श्रीरामनवमी के शुभ अवसर पर रविवार को चतरा जिला राममय हो गया। प्रातः काल से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और दिन भर पूजा-पाठ का सिलसिला जारी रहा। दोपहर में जिला स्वर्णकार संघ ने मुख्यालय में भव्य झंडा जुलूस निकाला, जिसमें संघ के पदाधिकारियों के साथ समाज के प्रबुद्धजन शामिल हुए। इसके बाद विभिन्न क्लबों द्वारा केसरी चौक स्थित बजरंगबली मंदिर में अस्त्र-शस्त्र की पूजा कर पारंपरिक झांकियां निकाली गईं। शहर की मुख्य सड़कों पर भारी भीड़ जमा हो गई। जय श्रीराम व जय हनुमान के नारों से वातावरण गूंज उठा।

जुलूस की निगरानी के लिए जिला प्रशासन ने ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी की सहायता ली। संवेदनशील क्षेत्रों में दंडाधिकारी और सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति के साथ-साथ कुछ जवानों को सादे वेश में भी तैनात किया गया था।

प्रखंडों में भी उत्सव की छटा देखते ही बन रही थी। गिद्धौर को छोड़ शेष पंचायतों में भव्य झंडा जुलूस निकाला गया। बारियातु, गंगापुर, केंदुआ, सिंदुआरी, मंझगांवा, पिंडारकोण आदि गांवों में अखाड़ों द्वारा झांकियां निकाली गईं और लाठी खेल का प्रदर्शन किया गया। राम भक्तों ने अपने घरों पर ध्वज लगाकर उत्सव में भागीदारी निभाई। सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी थी और कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

## नवादा पंचायत में पांच किलोमीटर कच्ची सड़क की मरम्मत, ग्रामीणों को मिली राहत

**● मुखिया भरत यादव ने निजी खर्च से करवाया कार्य, वैवाहिक कार्यक्रमों व आपात स्थिति में होगा सुगम आवागमन**



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा (चतरा)।** नवादा पंचायत अंतर्गत सिंदरी से पचम्बा तक की लगभग पांच किलोमीटर लंबे कच्ची सड़क की मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया है। इस कार्य को पंचायत के मुखिया भरत यादव ने अपने निजी खर्च पर संपन्न कराया है। वर्षों से उपेक्षित इस सड़क की जर्जर हालत से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। विशेषकर वैवाहिक कार्यक्रमों व अन्य सामाजिक आयोजनों के समय घरों तक वाहन नहीं पहुंच पाने के कारण ग्रामीणों को कठिनाई झेलनी पड़ती थी। मुखिया भरत यादव ने ग्रामीणों की पीड़ा को समझते हुए जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क की समतलीकरण और गड्ढों की भराई करवा कर उसे आवागमन योग्य बना दिया। इस कार्य से ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। स्थानीय लोगों ने सड़क मरम्मत के लिए मुखिया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब जनप्रतिनिधि ही जनता की प्राथमिक समस्याओं को लेकर संवेदनशील होंगे, तभी बदलाव संभव है।

**प्रशासनिक चुप्पी पर जताई नाराजगी :** ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार इस सड़क के पक्कीकरण की मांग स्थानीय विधायक, सांसद और उपायुक्त से कर चुके हैं, लेकिन अब तक प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क दर्जनों गांवों को जोड़ती है और इसका पक्कीकरण न होना विकास की राह में बाधा है।

**मुखिया ने जताई चिंता, उग्र आंदोलन की दी चेतावनी :** मुखिया भरत यादव ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी इस इलाके के कई गांव पक्की सड़क से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण को लेकर विभागीय दावे तो बड़े-बड़े किए जाते हैं, लेकिन जब धरातल की बात आती है, तो सब खोखले साबित होते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही ग्रामीणों की मांग पर कार्रवाई नहीं की गई, तो ग्रामीण आंदोलन को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि अब विभागीय अधिकारी इस सड़क की सुध लेंगे और उसे पक्की बनाकर जनसुविधा को प्राथमिकता देंगे।

**ग्रामीणों की मांगें**

- सिंदरी-पचम्बा मार्ग का शीघ्र पक्कीकरण किया जाए
- आपातकालीन व सामाजिक कार्यक्रमों में निर्बाध आवागमन सुनिश्चित हो
- विद्यार्थियों की पढ़ाई में सहूलियत हेतु सड़क सुधार को प्राथमिकता दी जाए

## रामनवमी पर हनुमत पाठ व महावीरी पताकाओं का ध्वजारोहण, उत्साह व आस्था का अद्भुत संगम



**- जिले के विभिन्न प्रखंडों में निकला भव्य जुलूस, प्रशासन ने किए व्यापक सुरक्षा प्रबंध**

**चतरा/पत्थलगड़ा/सिमरिया।** श्रीरामनवमी के अवसर पर रविवार को जिले भर में श्रद्धा और भक्ति की बयार बहती रही। जिला मुख्यालय से लेकर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक लोगों ने अपने-अपने घरों में हनुमत पाठ किया और विधिवत हनुमान चालीसा के पाठ के साथ महावीरी पताकाओं का ध्वजारोहण किया।

गिद्धौर, मयूरहंड, इटखोरी, सिमरिया और टंडवा जैसे प्रखंडों में दोपहर बाद पारंपरिक झंडा जुलूस निकाले गए। युवाओं ने जुलूस के दौरान करतबों का शानदार प्रदर्शन कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गांवों में गगनचुंबी झंडों को घुमाकर उनका मिलान किया गया और विभिन्न स्थलों पर पूजा-अर्चना की गई।

भीड़ नियंत्रण व विधि-व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी मुस्तैदी दिखाते हुए मयूरहंड, पत्थलगड़ा, प्रतापपुर, जोरी, टंडवा सहित अन्य थाना क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। संवेदनशील इलाकों में दंडाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

सिमरिया में अखाड़ा कमेटियों ने पारंपरिक झंडा जुलूस निकाला जिसमें युवा पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों के साथ शामिल हुए और डीजे की धुन पर झूमते नजर आए। थाना प्रभारी प्रियेश प्रशुन के नेतृत्व में शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित किया गया।

**इंडिया**

# रामराज्य तो तब आएगा जब हम अपने को राम बनाएंगे



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

स्वार्थ लूट और धन से सुख के बजाय समाज में नैतिकता और संबंधों में बिखराव से दुःखी लोग पहले पश्चिमी देशों से आते थे और आज देश का उच्च मध्य वर्ग भी उसी दर्द का अनुभव कर रहा है। ऐसे में मयार्दा पुरुषोत्तम राम याद आते हैं पर क्या अपने अंदर को मारे बिना हम रामराज्य ला सकते हैं? राम का पूरा व्यक्तित्व ही प्रेरक है, लेकिन अगर हम राम से सिर्फ एक जीवन मूल्य और एक कुशलता सीखेंगे, तो वह क्या होगा? आज हम जिस संसार में रह रहे हैं, वहां व्यक्ति का आकलन सिर्फ और सिर्फ उसकी कुशलता से होता है और जीवन मूल्यों को छोड़ दिया जाता है। ऐतिहासिकता का समाजशास्त्रीय विमर्श हमें राम के उन मूल्यों की निश्चित जानकारी देता है, जो मौखिक और लिखित संस्कृति का हिस्सा रहे। लेकिन वर्तमान का विमर्श क्या समाज के उन मूल्यों और कौशल को गढ़ रहा है, जो राम होने या बनने के प्रतीक रहे? यह किसी भी तत्कालीन समाज की नैतिक जिम्मेदारी होती है कि वह उन मूल्यों को जगह दे, जिनमें सामूहिकता, मानवीय गरिमा के लिए जगह हो और राम की मयार्दा के मानवीय पक्ष को गंभीरता से सामाजिक व्यवहार का अंग बनाया जाए। राम ने तो यही चाहा होगा कि उनकी कुशलता और मूल्यों को समाज कंठस्थ कर ले। ऐसा नहीं कि अगर रावण को हराया, तो उसी जीत का ढिंढोरा पीटते नजर आएं। शायद राम जीत को विनम्रता से जोड़ना चाहते थे।

आज के माहौल में तो एक छोटी-सी जीत पूरे जीवन के दंभ की कहानी बन जाती है। और जब प्रजातंत्र हमेशा एक चुनावी माहौल से परिभाषित हो और हर महीने कोई न कोई किसी को हराता नजर आए तथा बस अपनी जीत का बिगुल बजाता नजर आए, तो राम की कहानी से भला कौन सीखेगा? धर्म से राजनीति या राजनीति से धर्म निर्देशित हो, तो समाज के जीवन मूल्यों को कौन तय करेगा? राम के लिए क्या पशु-पक्षी, क्या इन्सान! क्या पक्ष, क्या विपक्ष! सभी राम के साथ, और सभी के साथ राम! राम के मूल्य तो सार्वभौमिक रहे। राम ने तो लक्ष्मण तक को यह आदेश दिया था कि वह रावण से जाकर कुछ ज्ञान की बातें सीखें। क्या कोई आज पक्ष या विपक्ष से, अपने या परायों से सीखने की दृष्टि या ख्वाहिश रखता है या क्या घर में ही कोई पिता को सुनना और मां को समझना चाहता है? राम यानी सुनना और सहानुभूतिपूर्ण श्रोता बने रहना। यह उनका मूल्य भी रहा और उनकी दक्षता भी। क्या यह समाज इस मूल्य और कौशल को अपनाना चाहता है?



चुनावी समाज हो या परिवार, कौन किससे सीखना चाहता है? यहां परिवार में अगर कोई जीतता है, तो पूरा परिवार उसके घमंड को सौ गुना करने में कोई कसर नहीं छोड़ता। लेकिन राम को अपनी जीत इतनी बड़ी नहीं लगी कि वह जीत उन्हें मयार्दा से तनिक भी दूर कर दे। घमंड तो दूर की बात, राम तो कभी जीत का हुंकार भी भरते नजर नहीं आए और चाहे वाल्मीकि का रामायण हो या गोस्वामी तुलसीदास का रामचरितमानस, राम तो उन्हीं मूल्यों और कुशलता के सान्निध्य में सभी जनों के प्राण बने रहे। और लक्ष्मण को हर परिस्थिति में राम सिर्फ बड़े भाई ही नजर आए। राम ने समाज को यह बताना चाहा कि व्यक्ति के किसी गलत आचरण को कभी भी अपनाना, नकल करना या दोहराना नहीं चाहिए। लेकिन अगर कोई प्रतिद्वंद्वी या दुश्मन असाधारण क्षमता वाला या ज्ञानी हो, तो हमें उससे भी कुछ सीखने की हरसंभव कोशिश करनी चाहिए और यहीं राम हमें बहुत बड़ी सीख देते हैं। और इस सीखने के भाव से फिर घृणा की कोई जगह ही नहीं बनती। राम से यह भी सीख मिलती है कि कोई जीत घृणा और अहंकार को सुनिश्चित नहीं करती।आज कई बार यह देखा गया कि लोग अपने ही परिवार के बड़े-बुजुर्गों से या किसी सदस्य से कुछ भी सीखने का उत्साह ही नहीं रखते। और तो और, सगे-संबंधियों ?के बीच में ही तमाम तरह के मतभेद पाल लेते हैं। दुश्मन से सीखना तो दूर की बात है, अब तो अपनों से भी नहीं सीखते। घर के सदस्य से तो और भी कोई नहीं सीखना चाहता। बस यही सुनने को मिलता है कि 'ज्ञान न बांटा जाए।' मानो पूरा समाज अज्ञानता को ही सुनने और देखने के लिए तैयार बैठा है। एक अजीब तरह की हीनता, जलन और अहंकार में सभी फंसे नजर आ रहे हैं। अगर ऑफिस में पास भी बैठे हैं, तो फोन से बात करेंगे या मेल कर देंगे। मानो ऑफिस के केबिन भी घरों के कमरों की तरह सिमटते जा रहे हों। हर कोई? कटाक्ष करना, सिखाना या कमियां निकालना चाहता है। और राम ने तो कभी रावण पर भी कटाक्ष नहीं किया। राम ने रावण पर जीत हासिल करके सिर्फ अच्छाई को स्थापित किया, न कि घृणा और दंभ को।

राम ने हमें यह सिखाया कि जीवन के उतार-चढ़ाव के बीच भी बेहतर व्यवहार करते रहना कितना जरूरी है। वह इसलिए कि हम एक ऐसे संसार में रह रहे हैं, जहां आचरण का स्तर गिरता जा रहा है। नफरत या घृणा ने हमारे अंदर के मनुष्य को नजर लगा दी है। अब तो लोग विमानों में भी लड़ते नजर आते हैं। ऐसा लगता है, जैसे पूरी दुनिया ही गुस्से में है और सभी बस, सभी को हराना चाहते हैं।

इन्सान बनकर रहना ही राम के प्रति सच्चा आदर, प्रेम और श्रद्धा है। चलिए, ?किसी को हराने से अच्छा है कि खुद के दुगुर्णों से जीतें। अपनी कुशलता या योग्यता को मूल्यों के बिल्कुल करीब रखें, जिससे कोई जीत हमें घमंड से न भर दे और किसी के पराजित होने से घृणा का भाव न आए। राम की वह मूर्ति, जिसकी अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा हुई, वह हमसे यह चाह रही है कि हम सभी अपने मन में भी उस राम को प्रतिष्ठित करें, जिन्होंने सभी को मनुष्य ही बनकर रहना सिखाया। राम तो अयोध्या लौट आए। उन्हीं जीवन मूल्यों और कौशल के साथ, जिसने राम को राम बनाया। हम भी लौटें इन्सानियत की ओर, क्योंकि राम इनके या उनके कभी नहीं थे, बल्कि वह पूरे जगत के रहे। राम ने अपने जीवन में सिर्फ और सिर्फ व्यवहार को ही परिष्कृत ?नहीं किया, बल्कि मयार्दा रूपी सीमा भी तय की। जिस जीवन में जय और पराजय का संबंध शक्ति से नहीं, बल्कि नीति से निर्धारित हो, जहां मयार्दा व्यक्ति का पर्याय बन जाए, वहीं राम हैं और ऐसा होने और बनने की आकांक्षा करना ही, पूर्णता में रामत्व है भीड़ नहीं।



# जय श्री राम के नारों से गूंज उठा लोहरदगा





## रामजन्मोत्सव पर रात्रि में निकाली गई शोभायात्रा



**सेन्हा-लोहरदगा।** रामजन्मोत्सव के पावन अवसर पर सेन्हा मुख्यालय में शनिवार रात्रि रामभक्तों द्वारा आयोजित हुआ शोभायात्रा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ा के लोग ढोल,नगाड़ा और बैंड तासा तथा पारंपरिक अस्त्र शस्त्र के साथ सैकड़ो सनातनी भक्त गण शोभायात्रा में शामिल हुए.विदित हो कि सेन्हा प्रखंड मुख्यालय ग्राम में रामजन्मोत्सव पर केंद्रीय रामनवमी समिति द्वारा शोभायात्रा आयोजित किया गया.शोभायात्रा के दौरान राम भक्त व हिन्दू संगठन के लोग शोभायात्रा कार्यक्रम में शामिल भगवान श्री राम एवं हनुमान जी का गगनभेदी उद्घोघोष लगा रहे थे.जिसे क्षेत्र गूंजायमान हो रहा था.सेन्हा प्रखंड मुख्यालय ग्राम में शोभायात्रा का भव्य आयोजन को लेकर साज सज्जा के साथ ग्रामीण इलाकों में भी शोभयात्रा और मेला आयोजन के लिये जनसंपर्क किया जा रहा है। शोभायात्रा का सफल आयोजन के लिये सभी सनातनियों ने बढ़ चढ़ कर सहयोग किया। वही रामजन्मोत्सव पर रामनवमी का शोभायात्रा शनिवार रात्रि में सती मंदिर प्रांगण से पारम्परिक वाद्य यंत्र एवं ध्वनि यंत्र के साथ प्रारम्भ हुआ जो महतो मुहल्ला,ठाकुरबारी, होते हुए लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग के रास्ते मेन चौक स्थित हनुमान मंदिर के समीप पंहुच विभिन्न अखाड़ा दल के भक्तों द्वारा अस्त्र शस्त्र खेल का प्रदर्शन किया गया.गौरतलब हो कि रामनवमी के त्यौहार पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में रविवार को मेला का आयोजन किया जायेगा.वही दशमी को यानी सात अप्रैल को सेन्हा में प्रखंड स्तर पर मेला आयोजन की तैयारियां आरम्भ कर दिया गया है।

## भव्य तरीके से निकाली गई श्रीरामनवमी की शोभायात्रा





**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा शहरी क्षेत्र में रविवार को श्री रामनवमी की भव्य व आकर्षक तरीके से शोभायात्रा निकाली गई। हर ओर जय श्री राम, जय हनुमान के जयघोष लगाए जा रहे थे। शोभायात्रा में शामिल युवक युवतियां बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए थे जिससे पूरा शहर भगवामय लग रहा था। हिन्दू संगठनों के आह्वान पर लोगो ने भगवा रंग का वस्त्र पहनकर शोभायात्रा में शामिल हुए थे। लोग पारंपरिक अस्त्रों व महावीरी पताकों के साथ शामिल होकर हर आयु वर्ग के लोग रामभक्ति की धुन पर खूब झूमे। जुलूस में पारंपरिक अस्त्र शस्त्र के खेल का भी प्रदर्शन हुआ। भगवामय शोभा यात्रा में बजरंगियों ने जय श्रीराम के खूब नारे लगाए। इस दौरान श्री राम, लखन जानकी जय बालो हनुमान की... जैसे गगन भेदी नारों से शहर पूरी तरह गुंजायमान रहा. अखाड़ों के लोगों ने अस्त्र और शस्त्रों के साथ कलाबाजियों का प्रदर्शन किया.शोभा यात्रा की अगुवाई केंद्रीय महावीर मंडल के संरक्षकों, पदाधिकारियों व गणमान्य लोगों ने की। केंद्रीय महावीर मंडल पदाधिकारी और काफी संख्या में सनातन धर्मावलंबी ने अपनी भागीदारी दी.रामनवमी जुलूस को लेकर विशेषकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया. शोभायात्रा में शामिल दर्जनों अखाड़ा दलों के युवाओं ने केसरिया वस्त्र धारण कर पारंपरिक हथियारों के साथ जुलूस में शामिल हुए. इधर पुलिस प्रशासन की ओर से ड्रोन से निगरानी सहित सुरक्षा की अभूतपूर्व व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था में खुद उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिस बिन जमां की अगुवाई में एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, एसडीओ अमित कुमार टाउन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रत्नेश मोहन ठाकुर समेत अन्य पदाधिकारी घंटो विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में कैंप किए थे।

जुलूस में विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आये. इधर रामनवमी की शोभायात्रा में रामायण काल पर आधारित निकली झांकियां रामायण की याद दिला रही थी।



### रामभक्तों का उत्साह देखते बन रहा था

**लोहरदगा।** लोहरदगा में रामनवमी की शोभायात्रा में बजरंगियों का उत्साह देखते बन रहा था। शोभायात्रा में शामिल भक्त भक्तिमय गीतों की धुन पर झूमते नजर आये। दीवाना मैं दीवाना श्री राम का मैं दीवाना गाने पर लोग जमकर झूमे। हर तरफ राम राम नाम की धुन सुनाई दे रही थी। हर ओर जय श्री राम के नारे गूंज रही थी। लोग डीजे की साउंड पर जमकर थिरके। जय श्री राम के गानों से पूरा शहर गुंजायमान हो गया।

### रामनवमी जुलूस की शोभायात्रा में शामिल हुए 62 अखाड़े

लोहरदगा। लोहरदगा में रामनवमी के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा में 62 अखाड़े शामिल हुए। शोभायात्रा शहर के विभिन्न हिस्सों से होकर गुजरी और लोगों को रामनवमी के त्योहार की भक्ति और उल्लास में भाग लेने का अवसर प्रदान किया। इस शोभायात्रा में 62 अखाड़ों के अलावा स्थानीय लोगों और आसपास के क्षेत्रों से भी लोग भाग लिए। यह शोभायात्रा रामनवमी के त्योहार की भक्ति और उल्लास को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन और सामाजिक संगठनों का सहयोग भी महत्वपूर्ण रहा। जिसमें महावीर मंडल नीम मुहल्ला, नवयुवक संघ पावरगंज, शास्त्री नगर रेलवे क्रासिंग, न्यू रोड, शांति नगर किस्को मोड़, अमला टोली, थाना टोली, शास्त्री चौक, टंगरा टोली, सुनहला संघ, सुभाष चौक, सुनहला संघ, गोपाल बगीचा, पंचमुखी मंदिर बीआईडी, बक्सीडीपा, रघु टोली, रामचरितमानस नवाह्न परायण, नीचे टोली निंगनी, हरमु आदि शामिल हुए।



## मसमानो गांव में रामजन्मोत्सव के अवसर पर भव्य मेला का हुआ आयोजन, जयकारों से गूंजा पूरा गांव



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** आस्था का महापर्व रामनवमी के अवसर पर भंडरा प्रखंड क्षेत्र के मसमानो गांव में रामजन्मोत्सव के अवसर पर भव्य मेला सह अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान सुबह से ही राम भक्त श्री राम व भक्त हनुमान की पूजा अर्चना में मग्न दिखे। वहीं दोपहर बाद शाम में मेला आयोजन महावीर मंडल मसमानो के बैनर तले भव्य मेला का आयोजन किया गया। वहीं डीजे व बैंड बाजा के साथ जुलूस में बच्चे बूढ़े व युवक हाथ में लाठी डंडा व पारम्परिक हथियार लेकर नाचते थिरकते नजर आए। वहीं जय श्री राम, जय बजरंगबली, रामलखन जानकी जय बोलो हनुमान की नारा से क्षेत्र गुंजायमान हो रहा। वहीं मेला टांड़ में शामिल लोगों के लिए चना, गुड़, पानी व शरबत की व्यवस्था की गई थी। मेला में मिठाई, खिलौना, श्रृंगार सहित अन्य चीजों की खूब बिक्री हुई। इधर के त्योहार शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो इसके लिए दंडाधिकारी नितलेंद्र सिंह के साथ भंडरा थाना पुलिस प्रशासन चौकस नजर आए। वहीं मेला में आए 15 अखाड़ों के लोगों ने एक से बढ़कर एक खेल प्रस्तुत किए। खेल प्रदर्शन में शामिल सभी अखाड़े के लोगों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मेला सह अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में मसमानो पंचायत की मुखिया ममता कुमारी, लाल देशकुमार नाथ शाहदेव सहित अन्य अतिथि शामिल हुए।

## शांति व सौहार्द के साथ प्रखंड क्षेत्र में सम्पन्न हुआ रामनवमी मेले



**सेन्हा-लोहरदगा।** रामजन्मोत्सव के पावन अवसर पर प्रखंड क्षेत्र विभिन्न गांवों में शांति और सौहार्द के साथ मेला का आयोजन किया गया.रामनवमी के उपलक्ष्य में सुबह से ही लोग श्रद्धा और भक्तिभाव से पूजा अर्चना में व्यस्त दिखाई दिये.रामनवमी त्यौहार को लेकर सभी का मन में उमंग व उत्साह था.जिसे सभी लोगों ने मंदिरों में और अपने अपने घरों के आंगन में महावीरी झंडा निकाल कर विधिवत पूजा अर्चना किया गया। वही दोपहर के बाद रविवार को प्रखंड क्षेत्र के बाजार डांडू, कोराम्बे,चमडू, सीठीयो, अरु सहित विभिन्न गांवों में शांति व सौहार्द के साथ मेला का आयोजन किया गया। वही रामनवमी के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक भक्तिमय था.मेला में जय श्री राम,जय बजरंगबली, रामलखन जानकी जय बोलो हनुमान की उद्घोष से वतावरण गुंजायमान हो रहा था.रामनवमी त्यौहार को लेकर बच्चे,बुजुर्ग और नवयुवकों का मन मे उत्साह चरम पर था.सभी लोग ढोल,नगाड़ा,बैंड और तासा सहित विभिन्न तरह के पारम्परिक वाद्य यंत्र के साथ हाथ मे लाठी,डंडा,भला,तलवार के अलावे पारंपरिक अस्त्र शस्त्र ले कर नाचते झूमते दिखाई दे रहे थे.वही मेला स्थल में नवयुवकों द्वारा लाठी,डंडा और तलवारबाजी खेल प्रतियोगिता का नुमाइश किया गया।

## भाजपा राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत विचारधारा है : सचिन कुमार साहू



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भाजपा का 46वां स्थापना दिवस रविवार को लोहरदगा के अटल भवन में गरिमापूर्ण माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की। समारोह की शुरूआत ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके बाद सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' का गायन किया गया। कार्यक्रम स्थल को भगवा ध्वज और पार्टी के आदर्शों को दशार्ते नारों से सजाया गया था। इस अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। वक्ताओं ने उनके विचारों को आज के सामाजिक और राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में अत्यंत प्रासंगिक बताया। भाजपा नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि यह एक ऐसी विचारधारा है जो राष्ट्रवाद, सेवा और विकास के मूल सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण है। पार्टी के हर कार्यकर्ता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के संकल्प के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि एक संकल्प है जो हमें अपने मूल विचारों की याद दिलाता है। भाजपा की जड़ें भारतीय जनसंघ से जुड़ी हैं, जिसकी स्थापना 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने की थी। विचारधारात्मक दृढ़ता और संगठनात्मक प्रतिबद्धता के साथ 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना हुई। तब से लेकर आज तक पार्टी ने अनेक संघर्षों और सफलताओं के माध्यम से देश की राजनीति में एक सशक्त और निर्णायक स्थान बनाया है। भाजपा की विचारधारा अंत्योदय, अर्थात समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति के कल्याण, सुशासन, आत्मनिर्भरता, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और पारदर्शिता पर आधारित है। ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्व जैसे मूल मंत्र पार्टी को जन-जन से जोड़ते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिनमें उपेंद्र कुशवाहा, सत्यम कुमार, धनराज साहू, सूरज उरांव, निरंजू उरांव, मनीष यादव, ननकू मुंडा, शंभू वर्मा, अशोक कसकर, शुभम गुप्ता, मनीष गुप्ता, चंदन गोप, मनोज कुमार और दीपक कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता प्रमुख रूप से शामिल थे।

## रामनवमी के अवसर पर भंडरा में अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा ।** महावीर मंडल भंडरा के तत्वावधान में रविवार को ठाकुरबाड़ी प्रांगण में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता सह रामनवमी मेला का आयोजन किया गया। जिसमें भंडरा, भौंरो, भैंसमुंदो, अंबेरा, कसपुर, बिछिया टोली, नवाटोली, कुम्हरिया आदि गांवों के महावीर मंडल के अखाड़े शामिल हुए। मेला सह अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ,विशिष्ट अतिथि अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा,बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार, थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह, डॉ संजय कुमार ने संयुक्त रूप से भगवान श्रीराम व बजरंग बली के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने महावीर मंडल अध्यक्ष ईश्वरी शर्मा ने लाठी भांजकर किया। तत्पश्चात डॉ संजय कुमार और थाना प्रभारी ने तलवार से करतब दिखाते हुए लोगों का मनोरंजन किया।

## कुडू में शांति पूर्वक संपन्न हुआ रामनवमी का त्योहार

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू प्रखंड क्षेत्र में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान रामजी का प्रकटोत्सव रामनवमी पर्व रविवार को धार्मिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। इस दौरान जुलूस में शामिल भक्तों ने पारंपरिक हथियार लाठी-डंडे, तलवार के साथ जय श्री राम के पट्टी सर पर बांधे जय श्री राम, रामलखन जानकी, जय बोलो हनुमान की आदि जयकारा लगा रहे थे। इससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था। यह सिलसिला दोपहर दो बजे से ही प्रारंभ हो गया था। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव के अखाड़ों के साथ कुडू पहुंचे लोग जमा होते गए और एक बड़ा अखाड़ा का रूप ले लिया। जुलुस शहर भ्रमण के पश्चात कुडू बाजार टांड़ पहुंचा जहां खिलाडियों ने एक से बढ़कर एक कला का प्रदर्शन किया।

## बड़े भाई ने छोटे भाई पर किया जानलेवा हमला, गंभीर रूप से जख्मी

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के जिंगी गांव में रविवार की सुबह दो सगे भाइयो के बीच हुए झगड़े में बड़े भाई ने अपने छोटे भाई पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर कुडू अस्पताल पहुंचे जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल आदित्य कुमार 19 पिता सुखदेव साहु ने बताया कि किसी बात को लेकर हुई कहा सुनी के बाद उसके बड़े भाई दीपक साहु ने उसपर पर चाकू से वार करने लगा जिससे उसके चेहरे और शरीर से खुन बहने लगा। आदित्य ने बताया कि हमेशा उसका भाई उसके साथ मारपीट करता है और एक बार तो उसके खाने में जहर भी मिला दिया था। लेकिन उसके पिता ने देख लिया जिससे उसकी जान बच गयी थी। फिलहाल पीड़ित ने कुडू थाना पहुंच मामले की जानकारी दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।







## रामनवमी पर गुमला में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

# भक्ति, शौर्य और समरसता से सजा नगर, अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन और झांकियों की भव्य प्रदर्शनी

**गुमला।** पावन रामनवमी पर्व के अवसर पर गुमला जिला भक्ति, श्रद्धा और परंपरा के रंगों से सराबोर हो गया। रविवार को केंद्रीय महावीर मंडल समिति के नेतृत्व में निकाले गए रामनवमी जुलूस में गुमला की सड़कों पर आस्था का विशाल जनसैलाब उमड़ा। पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे भक्तों की टोलियों, गगनभेदी जयघोषों, आकर्षक झांकियों और शस्त्र संचालन के करतबों ने ऐसा दृश्य रचा, जिसे शब्दों में पिरोना भी कम पड़ जाए।

**●आंजनधाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

रामभक्त हनुमान जी की जन्मभूमि आंजनधाम में अलसुबह से ही भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। जय श्रीराम और पवनपुत्र हनुमान की जय के गगनभेदी नारों के बीच हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। पूरा क्षेत्र भक्ति रस में डूबा नजर आया।

**●तीन दर्जन से अधिक अखाड़ों ने दिखाया शौर्य**

नगर में निकले विशाल जुलूस में लगभग 36 अखाड़ों ने भाग लिया। युवाओं ने पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों जैसे तलवार, लाठी और भाला के माध्यम से युद्ध कौशल का प्रदर्शन किया। तलवारबाजी, लाठी संचालन, अग्निक्रीड़ा जैसे करतबों को देख दर्शक रोमांचित हो उठे।

**●नारी शक्ति का उत्साह रहा देखते ही बना**

इस बार की रामनवमी विशेष रही क्योंकि नारी शक्ति की भागीदारी पहले से कहीं अधिक मजबूत और उत्साहवर्धक दिखी। महिलाओं ने न सिर्फ जयघोषों में भाग लिया, बल्कि कई अखाड़ों में अपने शस्त्र संचालन से लोगों को चकित कर दिया। यह भागीदारी समाज में बदलते सोच और समावेशिता की मिसाल बन गई।

**●आकर्षक झांकियों ने मोहा मन**

रामायण की कथाओं पर आधारित झांकियों ने भक्तों को भावविभोर कर दिया। राम वनवास, सीता हरण, राम-रावण युद्ध, हनुमान द्वारा संजीवनी लाना आदि प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसे देखने भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

**●राजनीतिक-सामाजिक हस्तियों की मौजूदगी**

जुलूस में भाजपा नेता समीर उरांव, पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव, केंद्रीय महावीर मंडल के रविंद्र सिंह और निर्मल गोयल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने नगरवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं और इस आयोजन की सराहना की।

**●भक्तों की सेवा में जुटे संगठन**

नगर के मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों और जुलूस पथ पर व्यापारी, सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने सेवा शिविर लगाए। जगह-जगह चना, शर्बत, लड्डू, ठंडा पेयजल और प्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं के स्वागत में स्टॉल सजाए गए और हर कोना ₹जय श्रीराम₹ के नारों से गूंज उठा।

**●सुरक्षा व्यवस्था रही अभूतपूर्व**

जुलूस को शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात था। संवेदनशील क्षेत्रों में सादे लिबास में जवान, ड्रोन कैमरे, टीम तैनात रहे। डीसी, एसपी, डीएसपी सहित आला अधिकारी लगातार निगरानी में जुटे रहे।

गुमला में आयोजित रामनवमी का यह भव्य आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि सामाजिक समरसता, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का जीवंत उदाहरण भी बना। भक्तों की सहभागिता, प्रशासन की व्यवस्था और जन संगठनों की सेवा भावना ने मिलकर इस पर्व को अविस्मरणीय बना दिया।





## पहाड़ टोली में हर्षोल्लास से मनाया गया रामोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता**

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड अंतर्गत उत्तरी पंचायत के पहाड़ टोली गांव में रविवार को रामनवमी के अवसर पर श्रद्धा और उल्लास के साथ रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूज्य पुरोहित विजय बाबा के मार्गदर्शन और सनातन धर्म के अनुयायियों के सहयोग से यह कार्यक्रम एक सप्ताह तक चलने वाली पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन के साथ संपन्न हुआ।

गांव के मनोज गोप और बिहारी गोप ने बताया कि पूरे गांववासियों ने भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को एक साथ मिलकर मनाया। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ना और हिंदू संस्कृति की जड़ों को मजबूत करना है। एक सप्ताह से महिलाएं और पुरुष मिलकर पूजा और रामकथा के आयोजन में जुटे थे। रामनवमी पूजन के बाद भी प्रतिदिन शाम को भजन-कीर्तन जारी रहेगा।






इस अवसर पर धर्मरक्षक विजय बाबा ने कहा कि मेरा लक्ष्य है कि पालकोट प्रखंड के प्रत्येक गांव में एक-एक मंदिर की स्थापना हो, जिससे धर्म और संस्कृति को संरक्षित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस दिशा में लगातार कार्य हो रहा है और अब तक कई गांवों में मंदिर स्थापित किए जा चुके हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में वीएचपी कार्यकर्ता बिहारी गोप, मनोज गोप, पूज्य विजय बाबा और सभी ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## आंजन धाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की कार में लगी भीषण आग



**गुमला।** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रसिद्ध धार्मिक स्थल आंजन धाम में उस समय हड़कंप मच गया जब पहाड़ी स्थित मंदिर में दर्शन के लिए जा रही एक कार में अचानक आग लग गई। यह घटना रविवार को उस वक्त हुई जब श्रद्धालु मंदिर की ओर बढ़ रहे थे और कार अचानक धूं-धूं कर जलने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसके कारण चिंगारी निकलते ही आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। कार में सवार लोगों ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए तुरंत कार से कूदकर अपनी जान बचाई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की जानकारी मिलते ही टोटो थाना की पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। बताया गया है कि यह कार जमशेदपुर निवासी एक व्यक्ति सुधीर की थी, जो अपने परिवार या साथियों के साथ आंजन धाम दर्शन के लिए आया था। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते पूरा वाहन जल गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। हालांकि इस घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और श्रद्धालुओं में दहशत फैल गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट का कारण क्या था। प्रशासन ने तीर्थयात्रियों से सतर्कता बरतने की अपील की है, विशेषकर पहाड़ी मार्ग पर वाहन संचालन के दौरान। इस घटना ने एक बार फिर धार्मिक स्थलों की ओर जाने वाले यात्रियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## बाधिमा में भव्य रामोत्सव कार्यक्रम संपन्न, सामाजिक समरसता और श्रद्धा का दिखा अद्भुत संगम





**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड अंतर्गत खास बाघिमा पंचायत में रविवार को रामनवमी के अवसर पर राम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। रामनवमी पूजा समिति बाघिमा के तत्वावधान में आयोजित झंडा मिलन कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से रामभक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी-अपनी झांकियों, लीला मंचनों और दलगत प्रस्तुतियों के माध्यम से रामभक्ति की अद्भुत छटा बिखेरी। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि यह आयोजन स्थानीय संस्कृति और परंपरा को सहेजते हुए सामाजिक समरसता का संदेश भी दे गया। हजारों वर्षों से चली आ रही रामनवमी की परंपरा को यहां के ग्रामीणों ने पूरे श्रद्धा भाव के साथ निभाया। रामनवमी पूजा समिति बाघिमा द्वारा श्रद्धालुओं के बीच चना, गुड़ और सत्तू का वितरण किया गया, वहीं जय गुरुदेव संगठन की ओर से शीतल जल, अर्चना और गुड़ सरबत की व्यवस्था कराई गई, जिसने कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत देने का कार्य किया। इस अवसर पर आसपास के क्षेत्रों से आए वरिष्ठ नागरिकों, समाजसेवियों और श्रद्धालुओं ने एकजुट होकर आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में जोश और उल्लास देखते ही बन रहा था। आयोजकों द्वारा जानकारी दी गई कि झंडा मिलन समारोह में जिन रामनवमी समितियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए विशेष जज कमेटी का गठन किया गया है, जो सभी प्रस्तुतियों का मूल्यांकन कर विजेताओं की घोषणा करेगी। समारोह का समापन श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक सौहार्द के रंगों से सराबोर एक अनुपम माहौल में हुआ, जिसने सभी श्रद्धालुओं के मन में राम भक्ति का भाव और गहरा कर दिया।

## गुमला में रामनवमी पर भक्ति का उल्लास, शोभायात्रा का डीएसपी रोड में हुआ भव्य स्वागत



**गुमला।** रामनवमी को लेकर गुमला नगर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। हर गली, हर चौक राम भक्ति से सराबोर है। इसी कड़ी में केन्द्रीय महावीर मंडल द्वारा अष्टमी की रात भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका डीएसपी रोड पर जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान वार्ड पार्षद शैल मिश्रा, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, यशवंत सिंह, राकेश पाण्डेय, वीरेंद्र सिन्हा, महावीर मिश्र, श्यामा कांत मिश्र, विकास कुमार श्रीवास्तव समेत स्थानीय मुहल्लेवासियों ने केन्द्रीय समिति के पदाधिकारियों का पट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। शोभायात्रा में शामिल विभिन्न अखाड़ों के रामभक्तों ने अपने कौशल और आस्था का अद्भुत प्रदर्शन किया। श्रद्धालु युवाओं के प्रदर्शन को देखते हुए माहौल भक्तिरस से भर गया। इस दौरान चना और शरबत का वितरण कर रामभक्तों की सेवा की गई, जिससे हर किसी के चेहरे पर संतोष और प्रसन्नता देखने को मिली। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और नगर की गलियों में रामभक्ति की गूंज सुनाई दी। शोभायात्रा के सफल आयोजन से नगरवासियों में उत्साह का माहौल है और रामनवमी पर्व को लेकर तैयारियां चरम पर हैं।

## रामनवमी जुलूस का गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने किया भव्य स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** रामनवमी के पावन अवसर पर रविवार को गुमला केंद्रीय महावीर मंडल समिति के तत्वावधान में नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सनातनी समाज की विभिन्न समितियों द्वारा आयोजित इस शोभायात्रा का गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने मेन रोड में स्टॉल लगाकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

चेम्बर अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को चना और शरबत वितरित कर सेवा भाव के साथ स्वागत किया गया। वहीं शोभायात्रा का नेतृत्व कर रहे अगुवा लोगों को माला पहनाकर चेम्बर पदाधिकारियों ने सम्मानित किया और रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर चेम्बर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, राजेश लोहानी, सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव प्रणय साहू, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, मीडिया प्रभारी मोहम्मद इम्तियाज, गुरमीत सिंह, पंकज सोनी, शाहनवाज खान और रूपक कुमार समेत अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### भरनो में भक्ति, परंपरा और शौर्य का संगम

## रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा बाहुबली हनुमान बने आकर्षण का केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड मुख्यालय भरनो समेत आसपास के गांवों में रामनवमी का पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास और भक्ति भाव से मनाया गया। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव के अवसर पर नगर और ग्रामीण इलाकों की सड़कों, गलियों और चौक-चौराहों पर महावीरी झंडे लहराते नजर आए। पूरा क्षेत्र जय श्रीराम और जय हनुमान के उद्घोष से गूंज उठा।



प्रखंड मुख्यालय के बाजार टांड़ से विशाल शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ, जो विभिन्न मार्गों से होकर रावण मैदान पहुंची। महावीर मंडल और बजरंग दल के तत्वावधान में निकाली गई इस शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए। हाथों में ध्वज लिए, पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवाओं ने अखाड़ा खेल और अस्त्र-शस्त्र संचालन से अपना शौर्य प्रदर्शन किया।

## चैनपुर में धूमधाम से मनाई गई रामनवमी, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी का त्योहार इस वर्ष भी बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी चैनपुर, बेंदोरा, भटौली, लंगड़ा मोड़ समेत अनेक स्थानों पर रामनवमी को लेकर भव्य मेले का आयोजन किया गया।मेले में क्षेत्रीय अधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। एसडीओ पूर्णिमा कुमारी, एसडीपीओ ललित मीणा, सर्किल इंस्पेक्टर महेन्द्र करमाली, प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, सीओ दिनेश गुप्ता, थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, और एसआई दिनेश कुमार,अशोक कुमार सहित अन्य प्रमुख व्यक्ति मेले में शामिल हुए।



यह एकता और उत्साह का प्रतीक था, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।रामनवमी के इस भव्य जुलूस में भक्तजन दुर्गा मंदिर परिसर स्थित बजरंगबली मंदिर पहुंचे, जहां प्रभु श्री राम के भक्तों द्वारा भव्य पूजा-अर्चना की गई। प्रखंड के विभिन्न पूजा समितियों और अखाड़ों का जुलूस एक साथ इकट्ठा हुआ, जिससे जुलूस का दृश्य अत्यंत आकर्षक बना। शोभायात्रा का मार्ग प्रमुख सड़क से होते हुए दुर्गा मंदिर परिसर अखाड़ा तक पहुँचा। शोभायात्रा के दौरान लोग भगवा वस्त्र धारण किए हुए थे और हाथ में महावीरी पताका लिए झूमते नजर आए। इस दौरान बच्चों ने पारंपरिक हथियारों के वेश में प्रदर्शित होकर जुलूस में रंग भरा। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से संरक्षक यमुना प्रसाद, रघुनंदन प्रसाद, त्रिभुवन, अरुण जयसवाल, संतोष केशरी, संतोष कुमार, विनय केशरी, कौशल केशरी, दीपक कुमार, कोमल बैगा, कृष्ण कुमार, अरुण चौधरी, अशोक सिंह और यशवंत केशरीजैसे अनेक प्रमुख व्यक्तित्व शामिल हुए।इस वर्ष की रामनवमी न केवल धार्मिक आस्था को दशार्ती है, बल्कि स्थानीय समुदाय में एकता और सहयोग का भी प्रतीक बनी रही। इस अवसर पर पूरे प्रखंड क्षेत्र में खुशी का माहौल बना रहा, जो दशार्ता है कि धार्मिक उत्सवों में सामाजिक समरसता की भावना कितना महत्वपूर्ण है। रामनवमी के इस जश्न ने सभी को एकजुट होने का अवसर प्रदान किया और प्रेम और भक्ति का संदेश फैलाया।

## हाथियों ने एक वृद्ध व्यक्ति को किया घायल

**सिसई (गुमला)।** सिसई थाना क्षेत्र के ग्राम छारदा पतरा में एक जंगली हाथी ने 60 वर्षीय ग्रामीण भोला उरांव को उठाकर फेंक दिया। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। ग्रामीणों में भय का माहौल है। यह घटना रविवार सुबह 9:00 बजे के आसपास की है। घटना तब घटी जब गांव वालों को सूचना मिली की पतरा में एक जंगली हाथी आया है। तो हाथी को देखने के लिए लोग पतरा की ओर जाने लगे। ऐसे में खूंखार हाथी तेजी से ग्रामीणों को दौड़ाने लगा। अन्य लोग भाग गए। लेकिन भोला उरांव थोड़ा वृद्ध होने के कारण भाग नहीं सका। जिसके बाद हाथी ने उसे अपने सूंड़ से उठाकर सीधे फेंक दिया। इससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। समाचार लिखे जाने तक घायल को उठाकर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल सिसई ले जाया जा रहा था।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

आपकी मुस्कुराहट में अनंत परमात्मा की हँसी स्पन्दित होनी चाहिए। उनके प्रेम की बयार को दूसरों के हृदयों में आपकी मुस्कुराहटें फैलाने दें। उनका तेज संक्रामक होगा। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**


## संपादकीय

### भाषाई राजनीति से घटेगा विकास

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में राज्यों को अधिक स्वायत्तता देते हुए अधिकार दिया गया है कि वे अपने राजकीय विद्यालयों में इच्छानुसार कोई दो भारतीयों भाषाओं को पढ़ा सकते हैं। यह निर्णय उन सभी प्रदेशों में, जहां मुख्य कार्यकारी भाषा हिंदी नहीं है, और विशेष रूप से दक्षिण के राज्यों की भाषायी अस्मिता की भावना की रक्षा और राजनीति प्रेरित भाषा आधारित चिंताओं से निपटने की दिशा में सराहनीय कदम था, जिसे सभी विपक्षी दलों की सहमति से अंगीकार किया गया था। हालांकि, वर्तमान में तमिलनाडु और कर्नाटक दोनों ही राज्यों में राजनीति से प्रेरित होकर भाषा के आधार पर भेदभाव पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। यह समझना आवश्यक है कि इस प्रकार के कुत्सित प्रयासों से कई नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं, जो शायद छोटी अवधि में महसूस न हों, पर लंबे समय में जरूर असर डालते हैं। अंततः राज्य और इसके विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ऐसे निर्णय निवेशकों की सोच को प्रभावित कर सकते हैं। सामान्यता भाषायी भेदभाव से प्रेरित राजनीति के सामाजिक दुष्प्रभावों पर तो चर्चा होती है, लेकिन इससे होने वाले आर्थिक नुकसानों पर भी चर्चा की जरुरत है। हाल ही में तमिलनाडु सरकार ने अपने सालाना बजट में रुपये के घोषित प्रतीक को छोड़कर तमिल भाषा में किसी और ही प्रतीक का उपयोग किया। हास्यास्पद यह है कि रुपये का चिह्न तमिलनाडु के ही एक युवा की ओर से बनाया गया, जिसे यूपीए सरकार ने स्वीकार किया और तमिलनाडु राज्य का सत्तारूढ़ दल डीएमके सरकार सहयोगी दल था। दूसरा महत्वपूर्ण बिंदु भारतीय बाजारों के एकीकरण का है। जिस प्रकार जीएसटी ने संपूर्ण भारत को एकल बाजार बना दिया, जो छोटी कंपनियों के लिए अत्यधिक सहायक सिद्ध हुआ है। इसी दिशा में यदि विभिन्न राज्यों के बीच एक अकेली भाषा प्रयोग हो, तो यह छोटे व्यापारियों और उद्यमियों के लिए सहायक होगा। यदि तीन भाषा फॉर्मूला में सभी राज्यों के विद्यार्थी हिंदी लिखने-पढ़ने और बोलने में एक न्यूनतम स्तर को प्राप्त करते हैं, तो उनके लिए यह एक बड़ा बाजार खोल देगा, जहां वे आर्थिक गतिविधियों में आसानी से जुड़ पाएंगे और भाषा के आधार पर होने वाले झगडे भी कम हो जायेंगे। सवाल उठता है कि हिंदी ही क्यों? हिंदी अनेक राज्यों में जनसामान्य की भाषा है। यदि कोई भी व्यक्ति एक भी भारतीय भाषा को अपनी भाषा समझता है, उसके लिए दूसरी भारतीय भाषा सीखना आसान होगा, क्योंकि लगभग सभी भारतीय भाषाओं में कई ऐसे शब्द है, जो हिंदी या संस्कृत की भाषाओ में भी प्रचलित है। राजनीतिक पार्टियों और व्यक्तियों की ओर से दिया जाने वाले यह तर्क कि हिंदी सीखने या अपनाने से उनकी भाषा समय के साथ नष्ट हो जाएगी, उनके सामने अरुणाचल प्रदेश का उदाहरण दिया जाना चाहिए। अरुणाचल में सभी जनजातीय समूहों की अपनी भाषा है और विशिष्ट पहचान भी। सभी जनजातीय भाषा ही बोलते हैं, लेकिन अन्य समूहों से बातचीत के लिए हिंदी का प्रयोग करते है। इस वजह से उनके लिए अन्य राज्यों के लोगों के साथ बातचीत करने में आसानी होती है।

> *सामान्यता भाषायी भेदभाव से प्रेरित राजनीति के सामाजिक दुष्प्रभावों पर तो चर्चा होती है, लेकिन इससे होने वाले आर्थिक नुकसानों पर भी चर्चा की जरुरत है।*

# भारत के नेतृत्व में वैश्विक रचनात्मक कंटेंट सृजन वेव्स




रचनात्मकता की सीमा नहीं होती। अनादि काल से, रचनाकारों ने इस दुनिया को विकास की वो दिशा दी है, जिसने हमारा जीवन संवारा है। ऐसे अनेकों महान रचनात्मक विचार थे, जिन्होंने हमें सभी वैश्विक सभ्यताओं में, एक आधुनिक सभ्य समाज के रूप में आकार दिया। हमारे पूर्वजों के रचनात्मक दृष्टिकोण ने न सिर्फ अंधकारमय युग से लेकर अब तक, अपना भविष्य संवारा बल्कि हमारी "आज की पीढ़ी का वर्तमान" भी। 21वीं सदी में बेबी बूमर्स पीढ़ी से लेकर जेन जी तक, हम जिस प्रगति का लाभ उठा रहे हैं, वो हमारे पूर्वजों की रचनात्मकता ही तो है। आज के इंटरनेट युग में यदि तकनीक से लैस रचनात्मक युवा सोच को कुशल अनुभवी पीढ़ी का दिग्दर्शन मिल जाय तो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी मानव "बेहतर जीवन" जी सकेगा। इस लिहाज से, रचनाकारों की पहचान करना, उन्हें समसामयिक अनुभवी विद्वानों का कुशल मार्गदर्शन देना, पारम्परिक समझ साझा करना और रचनाकारों की उत्कृष्ट सामग्री, "क्रिएटिव कंटेंट" के लिए उन्हें बाजार उपलब्ध कराना, ये हर पीढ़ी के नीति निर्माताओं के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण हो जाता है। आधुनिक इंटरनेट युग में, दुनिया की रचनात्मक संभावनाओं को युवा सोच के लिए खोलते हुए, भारत सचमुच रचनात्मकता की वेव्स पर सवार है। वेव्स (विश्व दृश्य श्राव्य एवं मनोरंजन, वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट), जो मुंबई में 1 से 4 मई तक हो रही है, में भारत का लक्ष्य है अपनी "क्रिएटिव सॉफ़्ट पावर" की शक्ति से दुनिया को एकजुट करना, जिससे हम सभी देशों के बीच आपसी सद्भाव बढ़ा सकें। वहीं, मीडिया और मनोरंजन उद्योग के स्तर पर, नई दिल्ली के हमारे नीति निर्माता वेव्स 2025 के माध्यम से "रचनाकारों को जोड़ने" का भागीरथ कार्य देश की मनोरंजन राजधानी मुंबई में इस आयोजन के रूप में पहली बार कर रहे हैं। वेव्स न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया भर के रचनाकारों के लिए एक शानदार अवसर है। इस समिट का व्यापक उद्देश्य है "कनेक्टिंग कंट्रीज, कनेक्टिंग क्रिएटर्स"। चाहे वह प्राचीन काल से चला आ रहा योग एवं आयुर्वेद का भारतीय ब्रांड हो या बोलती फिल्मों के अस्तित्व में आने के बाद पिछले 100 वर्षों में बॉलीवुड का "मनोरंजक" संगीत, हमारे रचयिता या क्रिएटर्स, सभी पीढ़ियों के क्रिएटर्स के लिए ज्ञान को सुलभ कराते हुए दुनिया को आकार दे रहे हैं। इसी प्रकार से, दुनिया भर के क्रिएटर्स के लिए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने और सही मायनों में स्वयं का भविष्य संवारने की खुद की रचनात्मक यात्रा में अपना नाम और यश कमाने हेतु वेव्स हम सभी के लिए एक शानदार अवसर है। फिल्में हों, संगीत हो, गेम्स हों, कॉमिक्स हो या फिर शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी सेवा को अधिक किफायती बनाने के लिए तकनीकी नवाचार, क्रिएटर्स को मीडिया और मनोरंजन उद्योग को भविष्य में आकार देने की क्षमता रखने वाले उपकरण विकसित करके सदैव आगे बने रहने का "लाभकारी अवसर" #वेव्स 2025 का मंच प्रदान करता है। उच्च गुणवत्ता की रचनात्मक प्रतिभाओं की पहचान करने की दिशा में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा किए गए प्रयासों के अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। 32 'क्रिएट इन इंडिया, क्रिएट फॉर द वर्ल्ड' चैलेंज के माध्यम से दुनिया भर से चुने गए करीब 750 शॉर्टलिस्टेड क्रिएटर्स अब मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में अपना जलवा दिखाएंगे। पूरा देश और दुनिया देखेगी, इन क्रिएटर्स के उन कामों को जो सही मायनों में नवाचार हैं। उद्योग जगत के विशेषज्ञों तथा बाजार के पेशेवरों द्वारा जूरी-आधारित चयन की प्रक्रिया के माध्यम से भारत सरकार द्वारा पहचाने गए क्रिएटर्स के बेहतरीन काम मीडिया के सामने आने लगे हैं, जिसमें अभिनव तरीकों का प्रयोग कर हमारे जीवन को बदलने की एक बड़ी क्षमता परिलक्षित होती है।

अगली बार जब आप पर्यटक के तौर पर पोर्ट ब्लेयर स्थित सेलुलर जेल जाएंगे, तो आपको स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर से बातचीत करने का बेहतरीन अनुभव प्राप्त होगा। महज एक क्रिएटिव फर्म द्वारा इसे संभव बनाने के लिए अपने एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर) टैलेंट का इस्तेमाल किए जाने की बदौलत ऐसा होगा। वेव्स के वैश्विक मंच से क्रिएटर्स ऐतिहासिक गाथाओं व लोककथाओं का वर्णन करते हुए भारत या विदेश में अन्य ऐतिहासिक स्थलों तक भी खुद की पहुँच कायम करने की इच्छा शक्ति रखते हैं। अपने एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर) और वर्चुअल रियलिटी (वी. आर.), कौशल का प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ नए युवा बल्कि अनुभवी टेक्नोमेडिया कंपनियाँ दोनों को ही क्रमशः बाज़ार और मनोरंजक व रचनात्मक सामग्री वेव्स के मंच के माध्यम से मिल रही है। मीडिया व मनोरंजन जगत के साथ साथ देश दुनिया की स्ट्रीमिंग तथा प्रसारण जैसी तकनीक आधारित फर्म्स के लिए भी भविष्य के अनोखे क्रिएटर्स की परख मील का पत्थर है। क्रिएटर्स की एक और टीम ने हमारी ऑनलाइन खरीददारी में वास्तविक दुनिया के वाणिज्य का अहसास देने के लिए वीआर का उपयोग किया है, ताकि आप को मात्र कुछ तस्वीरों से उत्पाद का त्रिविमीय अनुभव कराया जा सके। प्रौद्योगिकी से प्रेरित एक अन्य क्रिएटिव प्रतियोगी कम्पनी ने योगाभ्यास करने वालों की दोषपूर्ण मुद्राओं के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता समाधान के रूप में एक्सआर का उपयोग करके फिटनेस फ्रीक लोगों की योग मुद्राओं को दुरुस्त करने का एक समाधान, पोज़परफेक्ट, निकाला है। ये क्रिएटिव प्रयास है, जो वास्तविक समय की एक समस्या है का समाधान देकर आपकी हमारी जीवनशैली सुधारता है। उचित सहायता और मार्गदर्शन के साथ युवा रचनात्मकता भारत को वर्ल्ड कॉन्टेंट हब के रूप में स्थापित कर सकती है। हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ा सकती है। साथ ही वेव्स दुनिया भर में रोजगार के अवसरों का सृजन कर सकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'क्रिएट इन इंडिया, क्रिएट फॉर द वर्ल्ड' के विजन को वेव्स के माध्यम से साकार किया जा सकता है। भारत के दूरदराज के इलाकों के कोडर भी वेव्स के तहत सीआईसी चैलेंज से लाभान्वित हो रहे हैं। वेव्स के मंच पर अपने कोडिंग कौशल की पहचान की बदौलत कश्मीर के एक 16 वर्षीय लड़के ने खुद का स्टार्टअप बनाने के सपनों को आकार देना शुरू कर दिया है। ये सिर्फ कश्मीर के एक युवा की कहानी नहीं है, बल्कि दुनिया भर में अनेक क्रिएटिव युवा हैं, जो वेव्स के टैलेंट हंट फोरम, क्रिएटोस्फेयर पर अपने कौशल का प्रदर्शन करके अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कलात्मक सृजन के साथ प्रौद्योगिकी का संगम अपने चरम पर होने के कारण मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में अपनी सॉफ्ट पावर के माध्यम से आने वाले समय में भारत रचनात्मक कंटेंट सृजन की वैश्विक क्रांति में नेतृत्व कर सकता है। हमारी कहानी सुनाने की एक समृद्ध विरासत है जिसमें यदि कोडिंग का कौशल भी मिल जाय तो हम भारतीय अपनी रचना को न केवल पारंपरिक रूप से उत्कृष्ट, बल्कि नैतिक रूप से भी मनोरंजक के साथ शिक्षाप्रद बना सकते हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**धर्मेंद्र तिवारी**
एडीजी, पीआईबी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय

## पेड़ काटना मानव हत्या के समान

अब यह समझ लेना जरूरी है कि कोई कानून और पेड़ों को हल्के में न ले। देश में लगातार जारी पेड़ों की अवैध कटाई के खिलाफ सख्त रवैया अख्तियार करते हुए देश की शीर्ष अदालत ने कहा है कि एक पेड़ का कटना इंसान की हत्या से भी बदतर है। कोर्ट ने आरोपी व्यक्ति को नये पौधे लगाने की अनुमति तो दी, लेकिन काटे गए 454 पेड़ों के बदले प्रति पेड़ एक लाख रुपये के हिसाब से लगाया जुर्माना कम करने से इनकार कर दिया। ऐसा कोर्ट ने अभियुक्त के गलती स्वीकारने और माफी मांगने के बावजूद किया। इसके जरिए कोर्ट ने साफ संदेश दिया कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों को कोई रियायत नहीं दी जाएगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने स्पष्ट संदेश दिया कि संबंधित प्राधिकारी की आज्ञा के बिना पेड़ काटने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि ताजमहल व अन्य पुरातात्विक इमारतों के संरक्षण के लिये बनाये गए ताज ट्रेपोजियम क्षेत्र में 454 पेड़ कटवा दिए गए थे। दरअसल, कोर्ट ने इस मामले में एमिकस क्यूरी के रूप में सहयोग कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एडीएन राव के इस सुझाव पर सहमति जताई कि कोई कानून और पेड़ों को हल्के में न ले। वहीं, जुर्माना लगाने के बाबत भी कोर्ट ने मानक तय किया कि इसमें किसी तरह रियायत नहीं दी जाएगी। कोर्ट ने इस बात को लेकर भी चिंता जतायी कि जो पेड़ काटे गए हैं, उसकी जगह नये पेड़ लगाने के बावजूद इसकी क्षतिपूर्ति में सौ साल लग जाएंगे। उल्लेखनीय है कि पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील संरक्षित ताज ट्रेपोजियम क्षेत्र में अदालत ने पेड़ काटने पर वर्ष 2015 से ही प्रतिबंध लगा रखा था। इसके बावजूद अदालत की अनुमति के बिना सैकड़ों पेड़ काट डाले गए। जिसके बाद न्यायालय ने केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति यानी सीईसी की वह रिपोर्ट स्वीकार कर ली कि बीते वर्ष 454 पेड़ काटने वाले व्यक्ति पर प्रति पेड़ के हिसाब से एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाए। कोर्ट ने अभियुक्त की तरफ से पेश वकील वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की वह दलील ठुकरा दी कि अभियुक्त ने गलती मानते हुए माफी मांग ली है, तो उसे जुर्माना कम करके राहत दी जाए। हालांकि कोर्ट ने पास के किसी स्थान पर पौधरोपण करने की अनुमति जरूर प्रदान कर दी है। ऐसे वक्त में जब पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग के चलते तापमान में निरंतर वृद्धि जारी है, वृक्षों का होना प्राणवायु का जरिया ही है। जो हमें शहरों के कंक्रीट के जंगल से उत्पन्न खतरों से बचाते हैं। खासकर पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण इलाकों में उनकी दोहरी भूमिका है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**राकेश दुबे**

## रोजाना बड़ी मात्रा में स्लो पॉइजन का सेवन

(विश्व स्वास्थ्य दिवस विशेष 7 अप्रैल 2025)

आज के आधुनिक युग में मनुष्य ने जितनी तरक्की की है, उतना ही स्वास्थ्य से खिलवाड़ भी हुआ है और वक्त के साथ यह लगातार बढ़ रहा है, जिसका कारण मनुष्य स्वयं हैं। हृदय रोग, मस्तिष्क आघात, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियां तेजी से बढ़ रही है, साथ ही मधुमेह, रक्तचाप, मोटापा, कमजोरी, आहार में पोषक तत्वों की कमी की समस्या तो चरम पर है, इस वजह से असमय मौत का आंकड़ा दिन-ब-दिन बढ़ रहा है, कुछ पल पहले एकदम स्वस्थ नजर आनेवाला व्यक्ति, बड़ों से लेकर छोटे-छोटे बच्चे भी खेलते या व्यायाम करते हुए या बैठे-बैठे भी गश खाकर गिरते है और पता चलता है कि मौत हो गयी। एक दशक पहले जो जानलेवा बीमारियां हमें केवल कभी-कभार ही सुनने मिलती थी, अब वो बीमारियां रिश्ते-नातेदारों, आस-पड़ोसियों और हमारे घर-परिवार के लोगों तक पहुंच चुकी हैं। मनुष्य का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहद कमजोर हुआ है, मौसम के करवट लेते ही बीमारियां तुरंत जकड़ लेती हैं। हमारे देश में औसत आयु दर पाश्चात्य देशों की तुलना में लगातार गिर रही हैं। विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट 2024 में 143 देशों में से भारत को 126वां स्थान दिया गया। भारत खुशी के मामले में पाकिस्तान, लीबिया, इराक, फिलिस्तीन और नाइजर जैसे देशों से भी पीछे हैं। कभी इस समस्या पर गंभीरता से विचार किया है कि बीमारियां तेजी से क्यों बढ़ रही है? क्या वजह हो सकती है? स्वस्थ जीवन जीने के लिए क्या हमें रोज शुद्ध ऑक्सीजन, स्वच्छ पानी और पोषक आहार पर्याप्त मात्रा में मिल रहा है? प्रदूषण और अस्वच्छता हमारी सांसे छीन रही हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक 2024 आंकड़ों के अनुसार, विश्व के उच्चतम पांच सबसे ज्यादा प्रदूषित देशों में भारत देश हैं। भारत का लगभग 70 प्रतिशत जल प्रदूषित है, तथा देश की लगभग आधी नदियाँ पीने या सिंचाई के लिए असुरक्षित है, इस कारण 2024 के वैश्विक जल गुणवत्ता सूचकांक में 122 देशों में से भारत 120वें स्थान पर हैं। 2023 में बीएमजे में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि भारत में हर साल 2.18 मिलियन मौतें बाहरी वायु प्रदूषण के कारण होती हैं। लैंसेट 2019 में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि भारत में 500,000 से अधिक मौतें जल प्रदूषण के कारण हुईं। बड़े पैमाने पर देश में हजारों करोड़ रुपयों का नकली दवाइयों का कारोबार चलता है, बड़े-बड़े सरकारी अस्पतालों में तक नकली दवाइयाँ मरीजों को बांटी जाती हैं। एशिया के बड़े अस्पतालों में शामिल महाराष्ट्र राज्य के नागपुर में स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में यह घटना हाल ही में उजागर हुई। अन्न उगाने से लेकर हमारे थाली में परोसने तक उसे अनेक हानिकारक रासायनिक प्रक्रियाओं से गुजारा जाता हैं। देश में अशुद्ध खान-पान और अस्वच्छता की समस्या बहुत ही ज्यादा है, लोग स्वार्थ और लालच में इतने अंधे हो चुके है, कि अपने एक रुपये के फायदे के लिए भी लोगों को जहर खिलाने तैयार हैं। हाल ही में महाराष्ट्र के कोल्हापुर शहर से खबर आई कि शवों पर इस्तेमाल की गई बर्फ का उपयोग बाजार में मिलने वाले शीत पेय में किया जा रहा था। आश्चर्यजनक है, कि देश में उत्पादन से ज्यादा दूध और दुग्धजन्य खाद्यपदार्थ बेचे जाते है, देश के 68.7 प्रतिशत दूध और दूध उत्पादों में प्रदूषक पाए गए है। तेल, घी, शक्कर, नमकीन, मैदेयुक्त खाद्यपदार्थों की मांग अत्याधिक होती है, जबकि यह सेहत पर बेहद बुरा असर करते हैं। शहद, मसाला, चाय पत्ती, तेल, दूध, मिठाइयां, घी, केसर जैसे खाद्यपदार्थों में मिलावट बहुत ज्यादा हैं। बाहरी खाद्य पदार्थों के रंग बहुत ज्यादा तेज और आकर्षित नजर आते है, अधिकांश खाद्य पदार्थों को रंगने के लिए प्राकृतिक रंगों के स्थान पर हानिकारक कृत्रिम रंगों का उपयोग किया जाता है, खाद्य पदार्थों में इस्तेमाल होने वाला बाहरी बर्फ, पानी, चटनियां, सॉसेज, खाद्यतेल गुणवत्ता की कसौटी पर अधिकतम खरी नहीं उतरतीं। देश के अधिकतर स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को खाद्य सामग्रियों में बिना दस्तानों के सीधे हाथ लगाने की बहुत बुरी आदत नजर आती है, इसका खामियाजा ग्राहकों के स्वास्थ्य को भुगतना पड़ता हैं। जो पशुओं के लिए भी ठीक नहीं, वह खाद्य अर्थात घातक कचरा मनुष्य स्वाद लेकर खा रहा हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

धरा नहीं, धूनी लगे, जिधर जायं, तप जांय।
मंत्र पढ़े सीधे मगर, अर्थ उलटते जायं।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## योग प्रारंभ करने का सबसे उत्तम समय मार्च अप्रैल

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर योगाचार्य महेश पाल ने बताया कि पहली बार विश्व स्वास्थ्य दिवस 1950 को मनाया गया था और इस बार 2025 मैं 76 वा विश्व स्वास्थ्य दिवस "स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य।" थीम के साथ पूरा विश्व एवं हम सब 7 अप्रैल को स्वास्थ दिवस मना रहे हैं, जो 7 अप्रैल 1948 में विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना का प्रतीक है। यह दिन दुनिया के सामने आने वाले गंभीर स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें संबोधित करने के प्रयासों को संगठित करने के लिए समर्पित है। स्वास्थ्य दिवस हमें यह याद दिलाता है कि सेहत सबसे बड़ी संपत्ति है, दुनिया भर में लाखों लोगों के स्वास्थ्य का अधिकार तेजी से खतरे में आ रहा है। बीमारियाँ और आपदाएँ मृत्यु और विकलांगता के बड़े कारण बन रही हैं। इसके पीछे का मुख्य कारण है हमारी बदलती आहार शैली और हमारी बदलती दैनिक दिनचर्या, जिसके कारण बच्चे, युवा, महिलाएं बुजुर्ग काफी अधिक संख्या में विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं जिनमें शारीरिक मानसिक बीमारियां मुख्य रूप से है, बदलते खान पान व अव्यवस्थित दैनिक दिनचर्या के कारण बच्चों व युवाओं मैं तनाव, चिड़चिड़ापन, मोटापा, अनिद्रा जैसे रोग तेजी से हो रहे, वही महिलाओं में मोटापा, मधुमेह, पीसीओडी, थायराइड, साइनस, माइग्रेन, हृदय, लिकोरिया, गैस, कब्ज रोग जैसी समस्याएं तेजी से हो रही है बुजुर्गों में अधिकतर जॉइंट पेन, गैस, कब्ज, मानसिक असंतुलन जैसे रोगों से ग्रस्त होते जा रहे हैं, बच्चों व युवाओं में उच्च संस्कार व उच्च गुणवत्ता वाली बौद्धिकता का अभाव होता जा रहा है जिसके कारण आज का युवा श्रेष्ठ कार्यों व भारतीय संस्कृति के उच्च मूल्यों का महत्व खोता जा रहा है बही युवा कई बीमारियों का घर बन चुका हैं, इन सभी समस्याओं से बचाव के लिए योग प्राणायाम ध्यान का अभ्यास कापी उपयोगी है योग से शरीर व मन स्वस्थ बनता है, एवं सभी प्रकार के रोगों से बचा जा सकता है और युवाओं में बौद्धिकता का निर्माण होता है जिसके द्वारा युवा राष्ट्रहित में बड़े-बड़े कार्य कर सकते हैं, योगाचार्य महेश पाल में स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 3 दोष के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते बताया कि, योग मैं त्रिदोष का मतलब है वात, पित्त, और कफ़ ये तीनों दोष शरीर की मूलभूत ऊर्जाएं या सिद्धांत हैं, ये हमारे शारीरिक और मानसिक कार्यों को नियंत्रित करते हैं, योग-आयुर्वेद के मुताबिक, इन तीनों दोषों का संतुलन बना रहना ज़रूरी है, वात दोष प्रकृति में ठंडा और शुष्क होता है, पित्त दोष अग्नि या गर्मी से जुड़ा हुआ है, कफ़ दोष, जल और पृथ्वी से जुड़ा है, योग आयुर्वेद में त्रिदोष सिद्धांत ब्रह्मांड के तीन तत्वों पर आधारित है, वायु, अग्नि और जल, यह तीन मूलभूत ऊर्जाएँ सभी शारीरिक कार्यों को नियंत्रित करती हैं, वात (वायु और आकाश), पित्त (अग्नि और जल), और कफ (जल और पृथ्वी)। ये ऊर्जाएँ मनुष्यों में विभिन्न शारीरिक दिखावट, स्वभाव और बीमारियों के प्रति संवेदनशीलता के लिए जिम्मेदार हैं। वात, पित्त, और कफ़ के असंतुलन से कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं, इन असंतुलनों को त्रिदोष कहते वात के बिगड़ने से ही 80 तरह की बीमारियां हो सकती हैं, वात दोष से पीड़ित व्यक्तियों में दुबला शरीर, गैस, कब्ज और सूखापन, पाचन संबंधी समस्याएं, थकान, जोड़ों का दर्द, और मानसिक परेशानियाँ शामिल हैं, पित्त के असंतुलित होने पर 40 प्रकार के रोग हो सकते हैं, जिनमें पाचन संबंधी समस्याएं, त्वचा रोग, और अन्य कई बीमारियां शामिल हैं। पित्त दोष से प्रभावित लोगों की त्वचा तैलीय होती है और उनमें गुस्सा और अधीरता की प्रवृत्ति होती है। कफ दोष बिगड़ने से 20 प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं, जिनमे सांस संबंधी रोग, अस्थमा, त्वचा संबंधी रोग, मोटापा, मधुमेह, थायराइड, कफ दोष से पीड़ित व्यक्तियों का शरीर भारी और अधिक मोटा होता है, और उनका पाचन धीमा रहता है, स्वस्थ शरीर के निर्माण में सप्त धातुओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है जिनमे योग आयुर्वेद के अनुसार, सप्त धातुएं सात प्रकार के शारीरिक ऊर्जा हैं जो शरीर के लिए आवश्यक हैं: रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा और शुक्र इनके असंतुलन से शारीरिक विकास रुक जाता है। रस (प्लाज्मा) प्रथम धातु है जो भोजन से प्राप्त पोषक तत्वों को अवशोषित करता है और शरीर में तरल रूप में प्रसारित होता है, रक्त रस धातु से बनता है और शरीर में ऑक्सीजन और पोषक तत्वों को परिवहन करता है, मांस रक्त धातु से बनता है और शरीर को आकार और शक्ति प्रदान करता है। मेद मांस धातु से बनता है, शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है और अंगों को सुरक्षा प्रदान करता है, अस्थि मेद धातु से बनता है और शरीर को संरचना प्रदान करता है, मज्जा अस्थि धातु से बनता है और रक्त कोशिकाओं का उत्पादन करता है। शुक्र (वीर्य) मज्जा धातु से बनता है और प्रजनन क्षमता के लिए आवश्यक है, इस तरह त्रिदोष व सप्त धातुओं से स्वस्थ शरीर का निर्माण होता है जब यह संतुलित अवस्था में होते हैं तो हमारा शरीर पूर्ण रूप से स्वस्थ होता है अगर यह तीनों असंतुलित अवस्था में हो जाते हैं तो हमारा शरीर बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**योगाचार्य महेश पाल**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# रामनवमी पर उल्लास, इकबाल अंसारी ने श्रद्धालुओं पर बरसाए पुष्प



**एजेंसी। अयोध्या**

रामनवमी के मौके पर अयोध्या में लोग हर्षित और उल्लासित हैं। दूरदराज से श्रद्धालु राम मंदिर में पहुंचकर रामलला का दर्शन कर आनंदित हो रहे हैं। चहुंओर हर्षोल्लास का वातावरण है। रामजन्म के बाद कोई बधाई गीत गा रहा है, तो कहीं सोहर गाई जा रही है। इसी बीच बाबरी के पैरोकार रहे इकबाल अंसारी ने आज रामभक्तों पर पुष्प वर्षा की है। इस दौरान इकबाल अंसारी ने कहा कि यह अयोध्या रामलला की जन्मभूमि है। यहां श्रद्धालु दर्शन के लिए आए हुए हैं। यहां पर गंगा-जमुनी तहजीब है। हमने श्रद्धालुओं पर पुष्प की वर्षा की है। इकबाल अंसारी ने कहा कि रामनवमी की सबको बधाई देता हूं। अयोध्या आने वाले सभी हमारे मेहमान हैं। यहां पर सरयू नदी है। भगवान राम और बजरंगबली का मंदिर है। यहां पर जो श्रद्धालु निकल रहे हैं, वह हर्षित हैं, इसी कारण हम भी पुष्पों की वर्षा कर रहे हैं। इस मौके पर इकबाल अंसारी के साथ रामलला के दर्शन कर रहे श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा के साथ जयकारे भी लगाए गए। ज्ञात हो कि रामनगरी अयोध्या में राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। रामलला का सूर्य तिलक हुआ। भगवान सूर्य की किरणें रामलला के मस्तक का चार मिनट तक अभिषेक करती रहीं। पुराने जाने-पहचाने रास्ते से विचरण करती भगवान भास्कर की तेजोमय रश्मियां घड़ी की सभी सुइयों के इकट्ठे होते ही जैसे ही बालक श्रीराम लला के ललाट पर प्रतिष्ठित हुईं, प्रभु के समक्ष उपस्थित श्रद्धालुगण प्रसन्नता से झूम उठे। गगनभेदी जयकारों ने अयोध्या समेत पूरे विश्व को गुंजायमान कर दिया। जो अयोध्या नहीं पहुंच सके, उन सबने अपने स्थान पर ही श्री रामलला के महामस्तकाभिषेक का सीधा प्रसारण देखा।



श्रीराम लला के ललाट तक सूर्य देवता का आशीर्वाद पहुंचाने की व्यवस्था के लिए कल ही अंतिम ट्रायल कर लिया गया था। एक बार यह काम किया जा चुका था, इसलिए अबकी बार इसमें अधिक जटिलताएं नहीं आईं। हालांकि, ऊपरी तलों पर निरंतर निर्माण कार्य के चलते समस्याएं तो थीं ही। धनिया से बने प्रसाद के साथ ही इस बार फलाहारी लड्डुओं का भी प्रसाद है।

### पीएम मोदी की तमिलनाडु सरकार से अपील

# 'तमिल भाषा में कराएं मेडिकल कोर्स, गरीब बच्चे बनेंगे डॉक्टर'

**पीएम मोदी की तमिलनाडु सरकार से अपील**

- जनऔषधि केंद्रों का महत्व
- तमिलनाडु में 1,400 से अधिक जनऔषधि केंद्र हैं।
- यहां 80% तक छूट पर दवाएं उपलब्ध हैं।
- इससे तमिलनाडु के लोगों ने 7,000 करोड़ रुपये की बचत की है।

## तमिलनाडु के बुनियादी ढांचे में भारी निवेश



पीएम मोदी ने आगे कहा कि मेरा मानना है कि तमिलनाडु की क्षमता का एहसास होने पर देश का समग्र विकास बेहतर होगा। साल 2014 से पहले रेल प्रोजेक्ट के लिए हर साल सिर्फ 900 करोड़ रुपये ही मिलते थे। इस वर्ष तमिलनाडु का रेल बजट 6,000 करोड़ रुपये से ज्यादा है और भारत सरकार यहां के 77 रेलवे स्टेशनों को मॉडर्न भी बना रही है। इसमें रामेश्वरम का रेलवे स्टेशन भी शामिल है। विकसित भारत के सफर में तमिलनाडु का बहुत बड़ा रोल है। मैं मानता हूं, तमिलनाडु का सामर्थ्य जितना ज्यादा बढ़ेगा, भारत की ग्रोथ उतनी तेज होगी। पीएम मोदी ने प्रदेश सरकार को पहुंचाई जा रही मदद का जिक्र किया। उन्होंने कहा, बीते दशक में, तमिलनाडु के विकास के लिए 2014 की तुलना में तीन गुना ज्यादा पैसा केंद्र सरकार की ओर से दिया गया है। तमिलनाडु का बुनियादी ढांचा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पिछले एक दशक में राज्य का रेल बजट सात गुना से भी ज्यादा बढ़ गया है। इस महत्वपूर्ण वृद्धि के बावजूद, कुछ लोग बिना किसी औचित्य के शिकायत करना जारी रखते हैं। 2014 से पहले हर साल सिर्फ 900 करोड़ रुपये आवंटित किए जाते थे। हालांकि, इस साल तमिलनाडु का रेल बजट 6000 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है। इसके अलावा, भारत सरकार 77 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण कर रही है, जिसमें रामेश्वरम का स्टेशन भी शामिल है।

**एजेंसी। रामेश्वरम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामेश्वरम में विशाल जनसमूह के समक्ष प्रदेश के मुखिया एमके स्टालिन से अपील की। ये अपील 'भाषा' को लेकर थी। उन्होंने आग्रह किया कि गरीब बच्चों की सुविधा को ध्यान में रख प्रदेश सरकार मेडिकल कोर्स तमिल भाषा में कराए। पीएम मोदी ने तमिलनाडु सरकार से एक अपील की। उन्होंने कहा, "तमिलनाडु में 1400 से ज्यादा जनऔषधि केंद्र हैं। यहां 80 फीसदी डिस्काउंट पर दवाएं मिलती हैं। इससे भी तमिलनाडु के लोगों की 7 हजार करोड़ रुपए की बचत हुई। देश के नौजवानों को डॉक्टर बनने के लिए विदेश जाने की मजबूरी नहीं रहेगी। इसके लिए बीते सालों में तमिलनाडु को 11 मेडिकल कॉलेज मिले हैं। अब गरीब से गरीब बेटा-बेटी भी डॉक्टर बन सकते हैं। मैं तमिलनाडु सरकार से कहना चाहता हूं कि वे तमिल भाषा में मेडिकल कोर्स जारी करें, ताकि अंग्रेजी न जानने वाले गरीब परिवार के बेटे-बेटी भी डॉक्टर बन सकें।"

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हजारों साल पुराने शहर को 21वीं सदी के इंजीनियरिंग चमत्कार से जोड़ा जा रहा है। मैं अपने इंजीनियरों और श्रमिकों को उनकी कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद देता हूं। यह पुल भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे समुद्री पुल है। इसके नीचे से बड़े जहाज गुजर सकेंगे। इस पर ट्रेनें भी तेजी से चल सकेंगी। नई ट्रेन सेवा से रामेश्वरम से चेन्नई और देश के अन्य हिस्सों तक कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इससे तमिलनाडु में व्यापार और पर्यटन दोनों को लाभ होगा। युवाओं के लिए नई नौकरियां और अवसर भी पैदा होंगे। बीते 10 वर्षों में, भारत ने अपनी इकोनॉमी का साइज दोगुना किया है। इतनी तेज ग्रोथ का एक बड़ा कारण हमारा शानदार मॉडर्न इंफ्रास्ट्रक्चर भी है। बीते 10 वर्षों में हमने रेल, रोड, एयरपोर्ट, पानी, पोर्ट, बिजली, गैस पाइपलाइन, ऐसे इंफ्रास्ट्रक्चर का बजट करीब 6 गुना बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में बड़े निर्माण कार्य चल रहे हैं। उत्तर में, जम्मू और कश्मीर में, दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुलों में से एक, चेनाब ब्रिज का निर्माण पूरा हो चुका है। पश्चिम में, मुंबई में, भारत का सबसे लंबा समुद्री पुल, अटल सेतु का निर्माण किया गया है। पूर्व में, असम में, आप बोगीबील ब्रिज देख सकते हैं और दक्षिण में, दुनिया के कुछ वर्टिकल लिफ्ट ब्रिजों में से एक, पंबन ब्रिज का निर्माण किया गया है। आज देश में बहुत तेजी से मेगा परियोजनाओं पर काम हो रहा है। तमिलनाडु विकसित भारत की ओर बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# वक्फ संशोधन विधेयक को मिली राष्ट्रपति की मंजूरी, कानून का नाम भी बदला

| कानून के प्रमुख प्रावधान | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ● गैर-मुस्लिम सदस्यों और महिलाओं को वक्फ बोर्ड में शामिल करना | ● वक्फ संपत्तियों का डिजिटलीकरण | ● कलेक्टर को सर्वेक्षण का अधिकार देना | ● ट्रिब्यूनल के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की अनुमति |

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद के दोनों सदनों से बजट सत्र में पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई। इस संबंध में गजट अधिसूचना जारी होने के साथ ही वक्फ अधिनियम, 1995 का नाम भी बदलकर यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट, इम्पावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट (उम्मीद) अधिनियम, 1995 हो गया है। केंद्र सरकार में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दोनों सदनों में कहा कि इस विधेयक से मुस्लिम समुदाय को कोई नुकसान नहीं होगा, बल्कि करोड़ों गरीब मुस्लिम महिलाओं और बच्चों को लाभ मिलेगा। राज्य वक्फ बोर्डों में कम से कम दो गैर-मुस्लिम सदस्यों के प्रावधान पर विरोधों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि 11 सदस्यीय बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों की संख्या तीन से अधिक नहीं होगी। इस प्रकार, बहुमत मुसलमानों का ही होगा।

पहले वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को लोकसभा में पेश करने के बाद विपक्ष की आपत्ति के कारण उसे संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज दिया गया था। समिति की सिफारिशों को शामिल करते हुए वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 संसद में पेश किया गया और पारित हुआ। एक सबसे बड़ा बदलाव यह किया गया कि यह कानून पूर्व प्रभाव से लागू नहीं होगा।

## वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में आएगा बदलाव



विपक्षी दलों और कई मुस्लिम संगठनों के विरोध के बावजूद लोकसभा ने 3 अप्रैल को तड़के और राज्यसभा ने 4 अप्रैल को तड़के इसे मंजूरी प्रदान की। लोकसभा में इसके समर्थन में 288 और विरोध में 232 वोट पड़े थे जबकि ऊपरी सदन में इसके पक्ष में 128 और विरोध में 95 वोट पड़े। नए वक्फ कानून का मुख्य उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का दुरुपयोग, पक्षपात और अतिक्रमण को रोकना है। सरकार का कहना है कि यह कानून मुस्लिम विरोधी नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के सही प्रबंधन और संरक्षण को सुनिश्चित करना है। राष्ट्रपति मुर्मु के हस्ताक्षर के बाद अब यह कानून पूरे देश में लागू हो गया है, जिससे वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा और उचित उपयोग को लेकर नई दिशा मिलेगी। इस कानून के लागू होने से वक्फ संपत्तियों के प्रशासन में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।बता दें कि इस बिल में वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों और महिलाओं को शामिल करना, वक्फ संपत्तियों का डिजिटलीकरण, कलेक्टर को सर्वेक्षण का अधिकार, और ट्रिब्यूनल के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की अनुमति दी गई है। इसका उद्देश्य पारदर्शिता और कुशल प्रबंधन बताया गया है। विरोध के कारणों में मुस्लिम समुदाय और विपक्ष का मानना है कि यह धार्मिक स्वायत्तता पर हमला है। गैर-मुस्लिमों की नियुक्ति को हस्तक्षेप माना जा रहा है।

# आज का राशिफल

**मेष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**वृष :** मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी।

**मिथुन :** स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

**कन्या :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

**तुला :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**वृश्चिक :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**धनु :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**मकर :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें।

**कुंभ :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें।

**मीन :** व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

## किरीट सोमैया ने 72 मस्जिदों पर अवैध लाउडस्पीकर को लेकर दर्ज कराई शिकायत

**एजेंसी। मुंबई**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने मुंबई के गोवंडी इलाके में 72 मस्जिदों पर अवैध रूप से लगे लाउडस्पीकरों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। सोमैया ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए कहा कि इन लाउडस्पीकरों को बिना किसी वैधानिक अनुमति के लगाया गया है, जो नियमों का उल्लंघन है। उनकी शिकायत के बाद पुलिस अगले 72 घंटों में कार्रवाई शुरू करेगी।किरीट सोमैया ने शनिवार को शिवाजी नगर-गोवंडी क्षेत्र का दौरा करने के बाद यह कदम उठाया। उन्होंने कहा, "मैंने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। गोवंडी में 72 मस्जिदों पर अनाधिकृत लाउडस्पीकर लगाए गए हैं, जो बिना पुलिस की मंजूरी के हैं। मैंने अधिकारियों से इस पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।"

उनका कहना है कि यह समस्या केवल गोवंडी तक सीमित नहीं है, बल्कि मुंबई के कई अन्य इलाकों में भी ऐसी स्थिति देखने को मिल रही है।

सोमैया ने इससे पहले भी कई बार इस तरह की शिकायतें दर्ज की हैं और प्रशासन से सख्त कदम उठाने की अपील की है। पिछले कई महीनों से किरीट सोमैया इस मुद्दे को लेकर सक्रिय हैं और मुंबई के विभिन्न क्षेत्रों में मस्जिदों पर अवैध लाउडस्पीकरों के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। उनका तर्क है कि यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे आसपास के निवासियों को भी परेशानी होती है। सोमैया ने पहले भी इस तरह की शिकायतें दर्ज की हैं और प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है। मिली जानकारी के मुताबिक, शिकायत मिलने के बाद इस मामले में जांच शुरू की जा सकती है।

## ममता हिन्दुओं पर अत्याचार कर रहीं, भाजपा करेगी डट कर मुकाबला : अग्निमित्रा पॉल

**एजेंसी। आसनसोल**



पश्चिम बंगाल से भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सीएम हिन्दुओं पर अत्याचार कर रही हैं। दावा किया कि प्रदेश में तुष्टिकरण की राजनीति होगी तो भाजपा इसका डट कर विरोध करेगी। रविवार को रामनवमी के अवसर पर भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल को पारंपरिक तलवार और पगड़ी देकर सम्मानित किया गया। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से उन्होंने बातचीत के दौरान कहा कि हम सनातनी हिन्दू और सनातन परिवार की बेटी हैं। हम बचपन से ही मां दुर्गा का पूजन करते आए हैं। हमारे हिन्दू देवी-देवताओं के हाथ में शस्त्र है। यह नई बात नहीं है। बंगाल में ममता बनर्जी हिन्दुओं पर अत्याचार कर रही हैं। तुष्टिकरण की राजनीति कर वह एक विशेष वर्ग के लिए काम कर रही हैं और उन्हें समर्थन दे रही हैं। यह बर्दाश्त नहीं हो रहा है। उन्होंने आगे कहा, "आज यहां के लोगों ने मेरे हाथ में तलवार दी है। हमने हाथ में तलवार ले प्रण लिया है कि अन्याय हिन्दू पर हो या फिर राष्ट्रवादी मुसलमानों पर, हम उनकी रक्षा के लिए खड़े रहेंगे। जहां भी तुष्टिकरण की राजनीति होगी, हम लोग प्रतिरोध करेंगे।"

इससे पहले भाजपा विधायक ने मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा, "पश्चिम बंगाल के सभी लोगों को हार्दिक और आनंदमय राम नवमी की शुभकामनाएं। इस शुभ अवसर पर, मैं प्रार्थना करता हूं कि भगवान रामचंद्र सभी पर अपना दिव्य आशीर्वाद बरसाएं और हर घर में शांति, समृद्धि और खुशहाली लाएं। भगवान राम ने जिन सत्य, साहस और धार्मिकता के मूल्यों का समर्थन किया, वे हम सभी को धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करें।

### यूपी : ग्रामीण महिलाएं सीधे बाजार से जुड़ेंगी

# वाराणसी, सुल्तानपुर और अलीगढ़ में चलाए जा रहे 520 एसएचजी

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिए ग्रामीण महिलाओं को सीधे बाजार से जोड़कर उनकी आय बढ़ाकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसके तहत स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाएं खाद्य प्रसंस्करण, ब्रांडिंग और सीधी बिक्री से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खाद्य प्रसंस्करण उद्यम में स्वयं सहायता समूह के जरिए महिलाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

इसके अंतर्गत वाराणसी, सुल्तानपुर और अलीगढ़ में 520 स्वयं सहायता समूह चलाए जा रहे हैं, जिसके जरिए प्रदेश में बड़े पैमाने पर ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ रही है। यही नहीं, अब बांदा में बड़ा केंद्र चलाने की तैयारी पूरी है। ग्रामीण महिलाओं को अभियान के जरिए बाजार से जोड़कर आर्थिक सशक्तिकरण का नया मॉडल प्रस्तुत किया गया है। महिलाओं को कृषि उत्पादों की खरीद, प्रसंस्करण और मार्केटिंग में शामिल किया जा रहा है। इससे बिचौलियों पर निर्भरता पूरी तरह समाप्त हो गई है और महिलाओं को उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिल रहा है।इस पहल के तहत चल रहे केंद्रों ने महज आठ महीनों में 34.58 लाख रुपये का राजस्व कमाया है, जिसमें से 27.32 लाख रुपये सीधे एसएचजी सदस्यों को मिले हैं। दाल और मसालों जैसे उत्पादों की मांग को देखते हुए इन महिलाओं की आय में निरंतर वृद्धि हो रही है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) का लक्ष्य 15 लाख ग्रामीण परिवारों को 'लखपति दीदी' पहल से जोड़कर उनकी सालाना आय एक लाख रुपये से अधिक करना है। इसके लिए महिलाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार से जोड़ने का काम किया जा रहा है। इस योजना के तहत महिलाओं को व्यवसाय प्रबंधन, वित्तीय साक्षरता और आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



## पुलिस ने 108 लीटर नेपाली शराब और बाइक किया जब्त

**अररिया।** जिले की फुलकाहा थाना पुलिस ने रविवार को भारत नेपाल सीमा क्षेत्र के पास से तस्करी कर लाए जा रहे 108 लीटर नेपाली शराब के साथ हीरो सुपर मोटरसाइकिल बरामद किया। हालांकि तस्कर पुलिस को देखकर मौके पर बाइक और शराब के कार्टन को छोड़कर भागने में कामयाब रहा।फुलकाहा थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से शराब की तस्करी होने वाली है,जिसके आधार पर पुलिस ने सीमा के पास वाहनों के जांच करने शुरू किए।इसी क्रम में नेपाल से शराब लोडकर आ रहे हीरो सुपर स्पलेंडर बाइक संख्या बीआर38वी /9037 पर सवार पुलिस की चेकिंग को देखकर पहले तो बाइक लेकर भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस के द्वारा पकड़ने के लिए दौड़े जाने पर बाइक और शराब को छोड़कर नेपाल सीमा क्षेत्र में प्रवेश कर गया।

## तेजस्वी यादव ऐसे पिता के बेटे, जो गिरगिट की तरह अपना रंग बदलते रहे हैं : विजय कुमार सिन्हा

**पटना।** बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने आरजेडी नेता तेजस्वी यादव को स्वार्थी बताया है। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी यादव ऐसे पिता के बेटे हैं, जो गिरगिट की तरह अपना रंग बदलते रहे हैं। विजय कुमार सिन्हा ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "तेजस्वी यादव ऐसे पिता के बेटे हैं, जो अवसर और स्वार्थ के आधार पर गिरगिट की तरह अपना रंग बदलते रहे। ये वही लालू यादव हैं जिन्होंने कभी कहा था कि मेरी लाश पर बिहार का बंटवारा होगा, लेकिन जब समय आया तो सत्ता के लिए ये राज्य के बंटवारे के समर्थन में खड़े हो गए। जब अटल बिहारी वाजपेयी ने इसका प्रस्ताव रखा तो इन्होंने डर के मारे समझौता कर लिया इसलिए ये नेता गिरगिट की तरह अपना रंग बदलते हैं। जनता अब इनकी बातों पर भरोसा नहीं करती।

## हरिद्वार के सराय क्षेत्र में अवैध मजार पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**हरिद्वार।** हरिद्वार में अवैध मजारों के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। रविवार सुबह प्रशासन की टीम ने सराय क्षेत्र की हरि लोग कॉलोनी में स्थित एक अवैध मजार को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान हरिद्वार के एसडीएम अजयवीर सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। एसडीएम अजयवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशों के तहत जिले में अवैध धार्मिक संरचनाओं को हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। सराय क्षेत्र में बनी इस मजार को अवैध रूप से बनाया गया था, जिसके खिलाफ पहले नोटिस जारी किया गया था। नोटिस का कोई जवाब न मिलने पर हरिद्वार के जिलाधिकारी ने इसे हटाने का आदेश दिया। प्रशासन की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मजार को गिरा दिया। हरिद्वार के सुमन नगर थाना क्षेत्र में सिंचाई विभाग की जमीन पर यह अवैध मजार बनाई गई थी।

## भुवनेश्वर-पुरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस दुर्घटना, एक की मौत, 15 से अधिक घायल

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर-पुरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार देर रात एक दुखद सड़क हादसा हुआ, जिसमें बांग्लादेशी तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस सीआईएफए के पास पलट गई। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक यात्री घायल हो गए। घायलों को तुरंत भुवनेश्वर के कैपिटल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, बस में 65 से अधिक बांग्लादेशी तीर्थयात्री सवार थे, जो पुरी में भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए जा रहे थे। ये तीर्थयात्री बांग्लादेश के चटगांव जिले से आए थे और धार्मिक यात्रा पर थे। उनकी योजना पुरी के बाद वाराणसी के विश्वनाथ मंदिर जाने की थी। समूह दो बसों में यात्रा कर रहा था, जिसमें कुल 125 लोग शामिल थे। इससे पहले वे अयोध्या और द्वारका के दर्शन कर चुके थे।

# इफको से आज खेती हुई समृद्ध व किसान बने आत्मनिर्भर : शाह

- इफको-कलोल में मातृ इकाई के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री
- केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने इफको के नए 'बीज अनुसंधान केंद्र' की रखी आधारशिला

**गांधीनगर (हि.स.)**



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इफको ने किसानों को सहकारिता के साथ और सहकारिता को खाद के साथ जोड़कर किसानों के आर्थिक उत्थान के लिए एक विशेष पहल की है, जिसके परिणामस्वरूप आज खेती समृद्ध और किसान आत्मनिर्भर बन गए हैं। केन्द्रीय मंत्री शाह रविवार को गांधीनगर जिले के कलोल में दुनिया की सबसे बड़ी सहकारी संस्था इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) की मातृ इकाई तथा प्रथम यूरिया निर्माण परिसर के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने इफको के नए 'बीज अनुसंधान केंद्र' की आधारशिला भी रखी। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने इफको-कलोल की स्वर्ण जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इफको की 50 वर्षों की गौरवशाली यात्रा कृषि, उत्पादन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानों की समृद्धि के प्रति समर्पित रही है। इफको ने किसानों को सहकारिता के साथ और सहकारिता को खाद के साथ जोड़कर किसानों के आर्थिक उत्थान के लिए एक विशेष पहल की है। जिसके परिणामस्वरूप आज खेती समृद्ध और किसान आत्मनिर्भर बन गए हैं।

केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि वर्षों पूर्व इफको ने विकसित ठोस यूरिया और डीएपी (डाई-अमोनियम फास्फेट) के निर्माण से कृषि क्षेत्र में एक बड़ी क्रांति थी, लेकिन समय के अनुरूप अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) पर जोर देते हुए आज इफको ने नैनो यूरिया और नैनो डीएपी विकसित किया है, जिसने पूरी दुनिया में भारत के सहकारी क्षेत्र का डंका बजा दिया है। उन्होंने कहा कि इफको ने किसानों के खेतों तक पहुंच को विस्तार देते हुए लेबोरेटरी के प्रयोगों को लैंड यानी खेतों तक पहुंचाने का कार्य किया है। इफको की भावना हमेशा से अनुसंधान और विकास कार्यों के जरिए किसानों की सहायता करने की रही है। उन्होंने कहा कि एक सहकारी क्षेत्र होने के बावजूद इफको ने कुशल परिणाम हासिल करने के लिए कॉर्पोरेट सेक्टर की तरह कार्य किया है। इसीलिए, आज भी सहकारिता क्षेत्र में इफको देशभर में शीर्ष स्थान पर है।

केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के लिए अनेक विशेष पहल की हैं। इसके साथ ही, सहकारी ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए लगभग 65 महत्वपूर्ण निर्णय किए हैं।

उसी दिशा में आगे बढ़ते हुए गुजरात के सहकारी नेता त्रिभुवनदास पटेल ने सहकारी क्षेत्र में दिए गए अभूतपूर्व योगदान को आने वाली पीढ़ी भी याद रखे। इस उद्देश्य से उनके नाम पर देश की सबसे पहली सहकारी यूनिवर्सिटी 'त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी' स्थापित करने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि आज इफको की इकाइयां तीन राज्यों में पांच स्थानों पर संचालित हैं, जिनका वार्षिक टर्नओवर 40 हजार करोड़ रुपये और मुनाफा 3200 करोड़ रुपये है। यह आंकड़ें 50 वर्षों के निरंतर परिश्रम और परिवर्तन के साक्षी हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी समय में बीज अनुसंधान केंद्र उपजाऊ बीजों का संवर्धन करेगा और उच्च गुणवत्ता के बीजों की रक्षा करेगा, जो आने वाले समय में किसानों की समृद्धि का एक बड़ा कारण बनेगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि केवल 57 मंडलियों के साथ शुरू हुई इफको की इस यात्रा में आज 36 हजार से अधिक सहकारी मंडलियां शामिल हैं और बीज से लेकर बाजार तक सरकार की अनेक योजनाओं के साथ किसानों का साथ देती है। उन्होंने कहा कि इफको के नैनो यूरिया और डीएपी आज दुनियाभर में पहुंच गई है। जिसने फसल की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ ही कृषि भूमि के सुधार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मुख्यमंत्री पटेल ने कहा कि राज्य में सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए गुजरात ने 'सहकार से समृद्धि' की दिशा अपनाई है। आज राज्य में कुल 1.71 करोड़ सदस्यों वाली कुल 89 हजार से अधिक मंडलियां कार्यरत हैं। यानी, हर चौथा गुजराती किसी न किसी सहकारी मंडली से जुड़ा है। यह राज्य में सफल सहकारिता प्रबंधन का एक बड़ा उदाहरण है।

## भारतीय मूल के जज अमेरिका में गिरफ्तार

**टेक्सास (हि.स.)।** भारतूय मूल के जज केपी जार्ज को अमेरिका में गिरफ्तार करने की खबर है। हालांकि बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। उधर जार्ज ने इसे राजनीतिक साजिश करार बताते हुए सभी आरोपों को खारिज कर दिया। मामला अमेरिका के टेक्सास राज्य के फोर्ट बेंड काउंटी का है। डिस्ट्रिक्ट अटार्नी के मुताबिक भारतीय मूल के जार्ज पर कथित तौर पर 30 हजार से 1.5 लाख डालर की मनी लांड्रिंग का आरोप है। इसके अलावा उन पर वायर फ्राड और चुनावी फंडिंग में गड़बड़ी के भी कथित आरोप लगे हैं। उन्हें शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल 20 हजार डालर की जमानत पर रिहा कर दिया गया है। अमेरिकी कानूनों के मुताबिक यदि वह दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें दस साल की कैद हो सकती है।

## टैरिफ को लेकर आज को अमेरिका जाएंगे नेतन्याहू

**तेल अवीव (हि.स.)।** अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ को लेकर अंतर्राष्ट्रीय जगत में खलबली का आलम है। इसी बीच इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू आज को अमेरिका के व्हाइट हाउस आ सकते हैं। इसके लिए इजराइल सरकार ने तैयारी शुरू कर दी हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ने दो अप्रैल को अपने नए टैरिफ का ऐलान किया है। इसे लेकर कई देश खासा दवाब महसूस कर रहे हैं। उनमें इजराइल भी है। सूत्रों का दावा है कि दो इजराइली अधिकारियों व एक व्हाइट हाउस के अधिकारी ने संकेत दिए हैं कि बेंजामिन नेतन्याहू सोमवार को टैरिफ के मुद्दे पर बात करने व्हाइट हाउस आ सकते हैं।

## ट्रंप टैरिफ से एप्पल, अमेज़न नाइकी, गैप की सांस अटकी

- कौन से अमेरिकी ब्रांड सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं?
- एशियाई देशों में कंपनियों को कीमतें बढ़ानी पड़ सकती हैं

**- ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** द गार्जियन में मार्क स्वेनी की रिपोर्ट के अनुसार डोनाल्ड ट्रम्प के "मुक्ति दिवस" टैरिफ युद्ध ने अब तक सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कंपनियों के बाजार मूल्य से खरबों डॉलर डूबा दिए हैं, जिसमें 50% तक के व्यापक सीमा कर (टैरिफ) दुनिया भर के व्यवसायों पर कहर बरपाने वाले हैं। नाइक से लेकर एप्पल तक अमेरिका स्थित वैश्विक ब्रांडों को शेयर मूल्य और बाजार मूल्य में सबसे भारी गिरावट का सामना करना पड़ा है, क्योंकि निवेशक मूल्य वृद्धि और उपभोक्ता खर्च में संभावित मंदी के डर से प्रतिक्रिया करते हैं। यहाँ, हम कुछ सबसे अधिक उजागर उद्योगों और ब्रांडों की जाँच करते हैं। एशियाई देश ट्रम्प के टैरिफ का एक बड़ा लक्ष्य हैं, जिसका नेतृत्व चीन कर रहा है, जिस पर अमेरिका में आयात पर 54% की दर लगाई गई थी, जिससे तकनीकी शेयरों में गिरावट आई, जो अपने उत्पादों के लिए घटकों के लिए इस क्षेत्र पर बहुत अधिक निर्भर हैं। चीन ने तुरंत जवाबी कार्रवाई करते हुए अमेरिकी वस्तुओं पर 34% टैरिफ लगा दिया। दुनिया की सबसे मूल्यवान सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी एप्पल ने गुरुवार को 2020 के बाद से सबसे खराब एकल-दिवसीय गिरावट में $300 बिलियन (230 बिलियन) से अधिक के बाजार पूंजीकरण का अनुभव किया, क्योंकि उसे डर था कि टैरिफ से इसकी लागत में नाटकीय रूप से वृद्धि होगी और इसके आईफ़ोन जैसे उत्पादों के लिए ईंधन की कीमतें बढ़ेंगी। एप्पल अपना अधिकांश हार्डवेयर चीन में बनाता है, और दो अन्य प्रमुख उत्पादन केंद्र, भारत और वियतनाम भी 26% और 46% टैरिफ दरों से प्रभावित हुए। अन्य "शानदार 7" मेगा-वैल्यू टेक कंपनियों को भी इसी तरह का नुकसान उठाना पड़ा। दुनिया भर से आयातित वस्तुओं के एक प्रमुख विक्रेता Amazon का बाजार मूल्य लगभग $190 बिलियन कम हो गया। मार्केटप्लेस पल्स के अनुसार, चीन स्थित विक्रेताओं के पास अमेजन के थर्ड-पार्टी सेलर मार्केटप्लेस पर 50% से अधिक बाजार हिस्सेदारी है। बैंक ऑफ अमेरिका के विश्लेषक टैरिफ को ई-कॉमर्स के लिए "सेक्टर नेगेटिव" मानते हैं। हालांकि, बैंक ने कहा कि बड़े पैमाने के खिलाड़ी, जैसे कि अमेजन और इबे, विक्रेताओं को बेहतर तरीके से प्रतिस्थापित करने में सक्षम थे और, यदि कीमतें वैश्विक स्तर पर बढ़ती हैं, तो वे किसी आइटम की कुल बिक्री मूल्य पर कमीशन एकत्र करके लाभ उठा सकते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बूम के लिए महत्वपूर्ण चिप्स बनाने वाली मार्केट लीडर एनवीडिया ने गुरुवार को अपने बाजार मूल्यांकन से $210 बिलियन का नुकसान उठाया, जब ट्रम्प ने ताइवान से आयात पर 32% टैरिफ निर्धारित किया, जहां इसकी मुख्य सेमीकंडक्टर विनिर्माण सुविधाएं हैं। शुक्रवार को, एप्पल के शेयर की कीमत ओपनिंग बेल पर 3% गिर गई, अमेजन में 1% की गिरावट आई और एनवीडिया ने दिन की शुरुआत लगभग 6% की गिरावट के साथ की। फैशनः नाइकी और गैप नाइकी के सिग्नेचर जॉर्डन स्पोर्ट्स शूज़, लेवी की जींस और गैप कपड़ों की कीमतें अमेरिका में बढ़ने की संभावना है क्योंकि ट्रम्प के टैरिफ एशियाई फैक्ट्री हब को प्रभावित करते हैं जो वैश्विक परिधान उद्योग को आधार प्रदान करते हैं।



हाल के वर्षों में चीन में विनिर्माण को कम करने के प्रयासों के बावजूद, नाइकी के बाजार मूल्य में गुरुवार को 13 बिलियन डॉलर की गिरावट आई। पिछले साल, टैरिफ से भारी प्रभावित देशों वियतनाम, इंडोनेशिया और चीन में कारखानों ने नाइकी ब्रांड के सभी जूतों का 95% उत्पादन किया। कई प्रमुख परिधान विनिर्माण देशों में उच्च टैरिफ से ट्रैकसूट से लेकर स्वेटर तक हर चीज की आपूर्ति श्रृंखला लागत में उल्लेखनीय वृद्धि का खतरा है। पिछले साल नाइकी-ब्रांडेड परिधानों का लगभग 60% वियतनाम, चीन और कंबोडिया में निर्मित किया गया था। हालांकि, नाइकी की कुल बिक्री का लगभग 60% अमेरिका के बाहर से आने के कारण, स्पोर्ट्सवियर कंपनी को संभावित अमेरिकी मंदी से कुछ सुरक्षा मिली है।

## अब तक कैसे तय हुआ कौन सी जमीन किसकी है?

- इसमें वक्फ की जमीन कब से हुई?

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** आज का जो भारतीय क्षेत्रफल है , इसमें वैदिक काल से अब तब कैसे तय होता रहा कि कौन सी जमीन किसकी है? पहले जमीन किसी पूरे समाज की हुआ करती थी, बाद में समय के साथ जमीन पर कब्जा किसी राजा का होने लगा, या कहा जा सकता था कि किसी एक शख्स का, उसके बाद जमीदारी सिस्टम आया और फिर अन्य नियम-कायदे। इतिहासकार राजेश कुमार के अनुसार जमीनों को लेकर मालिकाना हक तय होने के नियम बहुत बदले हैं। वैदिक युग के समापन के समय जमीन के मालिकाना हक का पद्धति शुरू हुआ था। ऐतरेय ब्राह्मण पुस्तक के अनुसार जब विश्वकर्मा भूवन पुजारियों को हवन के लिए एक जमीन दान में देना चाहते थे, तब पृथ्वी ने उसका विरोध किया था। उस बात से यह निष्कर्ष निकला कि उस जमाने में जमीन किसी एक राजा या शख्स की नहीं हुआ करती थी, बल्कि किसी एक बिरादरी का उस पर हक रहता था। महाजनपद काल की ओर बढ़ा जाए तो तब भी जमीनों का जिक्र तो रहता था। इस काल में जो भी संपत्ति किसी के आजीविका का साधन रहती थी, उसे कभी भी विभाजित नहीं किया जा सकता था। बाद में जब मौर्य काल आया, तब पहली बार जिक्र हुआ कि जमीन का मालिकाना हक एक राजा के पास होता है। चाणक्य कहते थे कि जितनी भी खेती वाली जमीन होती है, उस पर राजा का हक रहना चाहिए क्योंकि प्रजा का ध्यान रखने की जिम्मेदारी एक शासक की होती है। लेकिन वे यह नहीं मानते थे कि पूरी जमीन ही किसी राजा के नाम कर दी जाए। पूरी जमीन राजा की ही है वाला नियम गुप्त काल के बाद शुरू हुआ था। ऋषि कात्यायन कहते थे कि किसी भी जमीन का मालिक वहां का राजा होता है, एक चौथाई जमीन पर उसका कब्जा रहता है। इसी तथ्य को नरसिंह पुराण ने भी आगे बढ़ाया जिसने राजा को ही किसी भी जमीन का मालिकाना हक देने की बात कही। यहां पर समझने वाली बात यह है कि वैदिक काल के बाद अगर जमीन किसी बिरादरी की हुआ करती थी, गुप्त काल के बाद उसी जमीन पर राजा का हक होने लगा। नरद-याज्ञवल्क्य स्मृति में क्या लिखा? नारद स्मृति इसी जमीन के मालिकाना हक को लेकर अहम बात बताती है। नारद स्मृति के मुताबिक अगर किसी परिवार के पास तीन पीढ़ी तक कोई जमीन है, तो उस पर मालिकाना हक भी उसी का हो जाएगा। लेकिन इतना जरूर है कि कोई राजा जब चाहे उस जमीन को किसी दूसरे किसान परिवार को सौंप सकता है। यह बताने के लिए काफी है कि किसी परिवार को जमीन का मालिकाना हक तो मिल सकता था, लेकिन वो राजा से ऊपर नहीं था। वैसे याज्ञवल्क्य स्मृति बताती है कि अगर किसी जमीन पर कोई पीढ़ी 20 साल तक रहती थी, उस जमीन पर उसका हक हो जाता था। बाद में विष्णु, नारद स्मृति ने इसी समय को 20 साल से बढ़ाकर 60 साल कर दिया। फिर 11वीं शताब्दी में मिताक्षरा याज्ञवल्क्य स्मृति आई जिसने कहा कि अगर कोई परिवार 100 साल तक किसी जमीन रहेगा तो उस पर उसका हक हो जाएगा।

## सिक्किम का सीमावर्ती गांव 'डिचू' पहली बार बिजली की रोशनी से जगमगा उठा

**गंगटोक(हि.स.)**



भारत-चीन और भूटान की सीमा पर डोक-ला पोस्ट के पास स्थित देश का पहला सीमावर्ती गांव 'डिचू' एक ऐतिहासिक पहल का गवाह बना है। सिक्किम के इस गांव के लोगों को पहली बार बिजली की सुविधा मिली है। भारतीय सेना की त्रिशक्ति कोर की इस पहल से स्थानीय लोगों के जीवन को नई दिशा और ऊर्जा मिली है। इसके अलावा सेना ने स्थानीय लोगों की टिन की छतों को भी रंगने का कार्य किया है।

सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने इसी साल 4 जनवरी को डोक-ला चौकी का दौरा किया था। लौटते समय राज्यपाल ने सीमावर्ती गांव डिचू के स्थानीय लोगों से बातचीत की। इस दौरान उन्हें पता चला कि गांव में अभी तक बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं है। राज्यपाल ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर तत्काल ध्यान देते हुए भारतीय सेना की 17वीं माउंटेन डिवीजन के जीओसी मेजर जनरल एमएस राठौर से इस चुनौती का समाधान ढूंढने का आग्रह किया। भारतीय सेना की त्रिशक्ति कोर ने राज्यपाल के अनुरोध को गंभीरता से लिया और त्वरित कार्रवाई की। सेना ने सीमावर्ती गांव डिचू में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए स्थानीय लोगों की बुनियादी जरूरतों पूरा किया। सेना की इस पहल से डिचू के निवासी काफी उत्साहित हैं। ग्रामीणों ने राज्यपाल माथुर और भारतीय सेना के प्रति आभार व्यक्त किया है। अब यह गांव बिजली की रोशनी से जगमगा रहा है। यह पहल दूरस्थ एवं पिछड़े क्षेत्रों के सशक्तिकरण का भी एक उदाहरण है। राजभवन ने कहा कि यह कार्य राज्यपाल के कुशल मार्गदर्शन और भारतीय सेना के प्रयासों से संभव हो सका। राज्यपाल माथुर ने इस कार्य के लिए भारतीय सेना की त्रिशक्ति कोर के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## म्यांमार के भूकंप पीड़ितों के लिए 405 टन चावल लेकर पहुंचा नौसेना का जहाज

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भूकंप से प्रभावित म्यांमार की सहायता के लिए भारत सरकार का 'ऑपरेशन ब्रह्मा' जारी है। भारतीय नौसेना का कहना है कि भारत की ओर से 405 टन चावल सहित 442 टन राहत सामग्री की एक नई खेप लेकर नौसेना का जहाज म्यांमार के शहर यांगून पहुंच चुका है। रविवार को इस विषय में जानकारी देते हुए नौसेना ने बताया कि नौसेनिक जहाज 'आईएनएस घड़ियाल' 405 टन चावल सहित 442 टन राहत सामग्री के साथ 5 अप्रैल को यांगून पहुंचा है। यह राहत सामग्री भारत के राजदूत अभय ठाकुर ने यांगून क्षेत्र के मुख्यमंत्री यू सोई थीन को सौंपी है। म्यांमार में प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए नौसेना ने अभी तक 512 टन से अधिक राहत सामग्री पहुंचाई है। हिंद महासागर क्षेत्र में प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में, भारतीय नौसेना के जहाजों द्वारा बड़े पैमाने पर राहत सामग्री पहुंचाना, म्यांमार में प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए भारतीय नौसेना के दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। गौरतलब है कि म्यांमार में 28 मार्च को विनाशकारी भूकंप आया था। इसके बाद से भारत सरकार ने म्यांमार के लोगों की मदद के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया।



कहानी फिल्म जगत की

## सीआईडी में एसीपी प्रद्युमन का किरदार निभाते नजर नहीं आएंगे शिवाजी साटम


**पार्थ समथान हैं नए एसीपी प्रद्युमन**

अभिनेता पार्थ समथान ने खुलासा किया कि वह सीआईडी में एसीपी प्रद्युमन, शिवाजी साटम के किरदार की जगह ले रहे हैं। सास बहू और बेटियां से बात करते हुए उन्होंने कहा कि एसीपी प्रद्युमन के ऐसे बड़े किरदार को निभाना वाकई बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी है। उन्होंने यह भी बताया कि जब उन्हें इस किरदार के लिए कॉल आया तो वह इस बात को लेकर असमंजस में थे कि उन्हें यह ऑफर लेना चाहिए या नहीं।



### मेकर्स की पुष्टि से फैंस परेशान

सोनी ने इंस्टाग्राम पर एसीपी प्रद्युमन की एक तस्वीर साझा की, जिसमें लिखा था, 'एक युग का अंत, एसीपी प्रद्युम्न (1998-2025)।' तस्वीर के कैप्शन में लिखा था, 'एसीपी प्रद्युमन की प्यारी याद में... एक ऐसा नुकसान जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकेगा।' भारतीय टीवी पर सबसे लंबे समय से चल रहे और सबसे प्रतिष्ठित शो में से एक 'सीआईडी' हाल ही में दूसरे सीजन के साथ टीवी पर लौटा है, जिसे प्रशंसकों से बहुत प्यार मिल रहा है। लेकिन अब शो के निर्माताओं की ओर से एक बड़ी घोषणा ने प्रशंसकों को नाराज कर दिया है। दरअसल, शो के निर्माताओं ने पुष्टि की है कि सभी के प्यारे एसीपी प्रद्युमन अब कहानी का हिस्सा नहीं हैं। सीआईडी के नवीनतम एपिसोड में, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को एक विस्फोट में मरते हुए दिखाया गया था, और इसके तुरंत बाद, अफवाहें फैलने लगीं कि वह शो में आगे नहीं दिखाई देंगे। निर्माताओं की ओर से आधिकारिक पुष्टि के बाद प्रशंसक नाराज हो गए हैं। सोनी ने इंस्टाग्राम पर एसीपी प्रद्युमन की एक तस्वीर साझा की, जिसमें लिखा था, 'एक युग का अंत, एसीपी प्रद्युम्न (1998-2025)।' तस्वीर के कैप्शन में लिखा था, 'एसीपी प्रद्युमन की प्यारी याद में... एक ऐसा नुकसान जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकेगा।'

## ग्रामीण एसपी ने भाईचारगी के साथ पर्व मनाने की जनता से की अपील



**रांची।** राजधानी के ग्रामीण इलाकों में मुस्तैद ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल रामनवमी त्योहार के दौरान रातु थाना क्षेत्र के हुरहुरी, कांके थाना क्षेत्र के होचर और सुकुरहुटू एवं नगड़ी थाना के विभिन्न संवेदनशील मार्गो का भ्रमण कर पर्व के दौरान विधि व्यवस्था संधारण के लिए प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों को चेक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया। भ्रमन के दौरान अखाड़ा सदस्यों को रामनवमी की बधाई दिया साथ ही आपसी सद्भावना एवं भाईचारा पूर्वक पर्व मनाने की अपील की।

## हटिया स्टेशन से साढ़े 14 हजार की शराब संग एक पकड़ा गया

**रांची।** हटिया स्टेशन से आरपीएफ ने छापेमारी कर शराब के साथ शनिवार को एक आरोपी को पकड़ा। नालंदा निवासी पकड़े गए आरोपी प्रेममणि कुमार के पास से जब्त शराब की कीमत साढ़े 14 हजार रुपये आंकी गई है। आरपीएफ पोस्ट हटिया के निरीक्षक रुपेश के नेतृत्व में प्लेटफॉर्म पर एक संदिग्ध को बैग से पकड़ा गया। जांच में बैग से शराब मिली। रविवार को आरोपी को शराब को उत्पाद शुल्क विभाग को सौंप दिया गया।

### प्रदेश भाजपा ने बूथ स्तर पर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया

# अंत्योदय से आत्मनिर्भर भारत की यात्रा पर बढ़ती भाजपा : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने बूथ स्तर पर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। श्री रामनवमी के साथ-साथ अपने-अपने घरों में भाजपा का ध्वज लगाकर हजारों कार्यकताओं ने उत्सव मनाया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने पार्टी का ध्वज लगाया एवं पार्टी के प्रेरणा पुरुष डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर बधाई व शुभकामनाएं देते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा की सरकार आज अंत्योदय के साथ आत्मनिर्भर भारत बनाने की यात्रा पर आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि जनसंघ से लेकर भाजपा के 45 वर्षों के कालखंड में पार्टी ने अपने आदर्शों, सिद्धांतों को मजबूती प्रदान की है। राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्यकर्ता लगातार कार्य कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता अपनी पंच निष्ठा के आधार पर लोकतंत्र की रक्षा, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की मजबूती, संविधान की मयार्दाओं का पालन करते हुए आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए आगे बढ़ चले हैं। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का सम्मान पूरी दुनियां में बढ़ा है। तिरंगा का सम्मान बढ़ा है।



### एक भारत श्रेष्ठ भारत आज साकार हो रहा : कर्मवीर सिंह

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत आज साकार हो रहा। कार्यकताओं के परिश्रम से आज तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प पूर्ण हुआ। जनता में भाजपा की नीतियों-कार्यक्रमों के समर्थन के कारण ही आज 20 प्रदेशों में भाजपा और एनडीए की सरकारें जनता की सेवा कर रही है। आज प्रदेश पार्टी के सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों, कार्यकताओं ने भाजपा का ध्वज लगाकर स्थापना दिवस मनाया।

## रांची पुलिस ने 4 गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पंडरा पुलिस ने 4 गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार चार आरोपियों में से तीन आरोपी आईटीआई बस स्टैंड में गुमटी हैं। दरअसल, शनिवार को करीब 12.15 बजे सूचना मिली थी आईटीआई बस स्टैण्ड के पास तीन गुमटी दुकान में मनोतेजक पदार्थ गांजा की बिक्री की जा रही है। साथ हो एक लडका झोला में गांजा लेकर ब्रिकी करने के लिए आया है। प्राप्त सूचना के सत्यापन के लिए कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। वहीं कार्रवाई करते हुए पंडरा पुलिस भारी के द्वारा मादक पदार्थ गांजा के साथ प्रिंस कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया। वहीं, आरोपी के निशानदेही पर आईटीआई बस स्टैंड में स्थित गुमटी मालिक अजीत कुमार साहु, गुमटी मालिक दामोदर साहु, गुमटी मालिक संजय साहु के गुमटी से अवैध रूप से बिकी के लिए रखा हुआ गांजा को बरामद किया गया। इन सभी से कडाई से पुछताछ करने पर इनलोगो के द्वारा अवैध रूप से घर में भी बिक्री के लिए गांजा रखने की बात बताई गई। जिसके बाद गठित टीम के द्वारा तीनो गुमटी मालिक के घर पर छापामारी की गई। छापामारी में तीनों गुमटी मालिक के घर में अवैध रूप से रखा गांजा को बरामद कर जप्त किया गया।

## झामुमो नेता सह पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को दी गई श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के कद्दावर नेता सह पूर्व मंत्री रहे जगरनाथ महतो की रविवार को दूसरी पुण्यतिथि मनाई गई। पार्टी के कई नेताओं ने पूर्व मंत्री को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड के जन-जन तथा झारखंडी अस्मिता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले महान आंदोलनकारी दादा स्वर्गीय टाइगर जगरनाथ महतो की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन। जगरनाथ महतो को याद करने वालों में मंत्री दीपक बिरुआ, हफीजुल हसन सरीके नेता शामिल थे। दीपक बिरुआ ने कहा है कि टाइटर दादा सदा ही सभी के प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे।



इससे पहले पूर्व मंत्री जगरनाथ महतो की दूसरी पुण्यतिथि पर शनिवार शाम को बोकारो जिले में सिंगारी मोड़ बीएड कॉलेज से समाधि स्थल तक कैंडल मार्च निकाला गया था। इसमें जगरनाथ महतो की पत्नी एवं पूर्व मंत्री बेबी देवी सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता शामिल हुए थे। समाधि स्थल में दिवंगत मंत्री को श्रद्धांजलि दी गई थी।

## मां चैती दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन आज

**रांची।** वासंतिक नवरात्र पर शहर के विभिन्न पूजा पंडाल और मंदिरों में स्थापित मां चैती दुर्गा की प्रतिमाओं का सोमवार को विसर्जन होगा। इस मौके पर आयोजन समिति की ओर से बैंड-बाजा के साथ विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति, भुतहा तालाब की ओर से दिन के एक बजे से विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं, डोरंडा में भी विसर्जन शोभायात्रा निकलेगी। शोभायात्रा में श्री महावीर मंडल समेत विभिन्न अखाड़ा के पदधारी और सदस्य शामिल होंगे। इससे पूर्व महादशमी पर नित्य पूजन, आरती होगी फिर भंडारा होगा। प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा भुतहा तालाब मंदिर परिसर से आरंभ होकर महावीर चौक, शहीद चौक, अलबर्ट एक्का चौक, थड़पखना, लालपुर, डंगराटोली चौक, पुरुलिया रोड, मेन रोड, चर्च रोड से होकर बड़ा तालाब पहुंचेगी।

## विधि व्यवस्था का जायजा लेते रहे डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रामनवमी पर्व को लेकर जिला प्रशासन की पूरी टीम विधि व्यवस्था संधारण के लिए लगी रही। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री रामनवमी पर्व को लेकर रांची शहर के विभिन्न इलाकों में विधि-व्यवस्था का जायजा एवं जिला प्रशासन द्वारा बनाए कंट्रोल रूम का भी मुआयना करते रहे। जिले भर में सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल की पर्याप्त संख्या में तैनाती की गई थी। उपायुक्त लगातर अपने अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ देर रात्रि गश्ती करते रहे। सुबह से ही राजधानी के सभी संवेदनशील स्थानों पर जिला प्रशासन द्वारा गश्ती जारी रहा। इस दौरान डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा एवं जिला के वरीय पदाधिकारी साथ में मौजूद थे।



### विद्यालय स्तर पर फीस समिति व अभिभावक शिक्षक संघ का करें गठन : उपायुक्त

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सचिव के प्रकाशित झारखंड गजट (संलग्न) के आलोक में प्रत्येक विद्यालय में फीस समिति गठित की जाएगी, जिनके सदस्य निजी विद्यालयों में प्रबंधन द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि अध्यक्ष, निजी विद्यालय के प्रधानाचार्य सचिव, निजी विद्यालय के प्रबंधन द्वारा मनोनीत तीन शिक्षक सदस्य, माता-पिता शिक्षक संघ द्वारा नामित चार माता-पिता सदस्य होंगे। साथ ही सभी विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक संघ (पीटीए) का गठन होगा। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने जिले के सभी प्राइवेट स्कूल के प्राचार्यो को निर्देश दिया है कि एक सप्ताह के अंदर विद्यालय स्तर पर फीस समीति एवं अभिभावक शिक्षक संघ (पीटीए) दोनों का गठन करेंगे एवं संबंधित प्रतिवेदन अधोहस्तारी कार्यालय में उपलब्ध कराएंगे।

## मृत मरीजों के नाम पर हुए ऑपरेशन : सरयू राय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय ने स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग ने ऐसे सरकारी डॉक्टरों पर कोई कार्रवाई नहीं की, जो नियमों को ताक पर रखकर आयुष्मान योजना से जुड़े सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में निजी प्रैक्टिस कर रहे थे। इतना ही नहीं, इन डॉक्टरों के नाम पर फर्जी इलाज और ऑपरेशन दिखाकर बीमा कंपनियों से नाजायज दावे भी किए गए। राय ने यह भी दावा किया कि कई मामलों में इन डॉक्टरों के नाम पर चार हजार तक ऑपरेशन दिखाए गए। इतना ही नहीं, मृत मरीजों के नाम पर भी इलाज और ऑपरेशन का दावा किया गया, जिसकी पुष्टि महालेखाकार की रिपोर्ट में भी हुई है।



सरयू राय ने दस्तावेज के हवाले से बताया कि झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के तत्कालीन कार्यकारी निदेशक डॉ. भुवनेश प्रताप सिंह ने 3 अगस्त 2022 को निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं को पत्र लिखकर सरकारी डॉक्टरों की निजी प्रैक्टिस की जांच करने का अनुरोध किया था। पत्र में सरकारी आदेश का उल्लेख करते हुए बताया गया था कि सरकारी डॉक्टरों द्वारा निजी अस्पतालों में काम करना नियमों के खिलाफ है। जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने न तो दोषियों से पूछताछ की और न ही कार्रवाई की। विधायक ने बताया कि कई डॉक्टर अपने पदस्थ जिले से सैकड़ों किलोमीटर दूर के अस्पतालों में प्रैक्टिस करते पाए गए। शिकारीपाड़ा में पदस्थ डॉक्टर गोड्डा के तीन निजी अस्पतालों में कार्यरत मिले।

## रामनवमी महोत्सव में भजन पर झूमे श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रातू रोड के श्रीकृष्णनगर कॉलोनी स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में वासंतिक नवरात्र महोत्सव का धूमधाम के साथ रविवार को समापन हुआ। भगवान श्रीराम जन्मोत्सव पर मुंबई की गायक गिनी कौर ने भजन मंगल भवन अमंगल हारी..., मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे..., भैया नवरात्रों में जब धरती पर आती है..., प्रस्तुत कर भक्तों को झुमाया। इससे पूर्व श्री दुर्गा जागरण मंडली एवं स्त्री सत्संग सभा के सदस्यों ने भजन प्रस्तुत कर मां के दरबार में हाजिरी लगाई। पंडित ज्ञानदेव मिश्रा, पंडित रामचंद्र उपाध्याय एवं पंडित सीताराम ने पूजा की एवं प्रभु श्री राम की स्तुति की व आरती उतारी। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, भाजपा नेता सत्यनारायण सिंह, पूर्व पार्षद अशोक यादव, सुनीता देवी व अन्य ने प्रभु के चरणों में हाजिरी लगाई। गुरुद्वारा श्री गुरु सत्संग सभा, बहावलपुरी पंजाबी समाज, गुरु तेग बहादुर व स्त्री सत्संग सभा की ओर से सेवा शिविर लगाया गया। महोत्सव के दौरान भंडारा का आयोजन हुआ। इधर, मंदिर कमेटी की ओर से रक्तदान शिविर भी लगाया गया। विजयादशमी पर सोमवार को हवन व शाम में ज्योत का विसर्जन होगा। कार्यक्रम के आयोजन में प्रधान नंदकिशोर अरोड़ा, चन्द्रभान तलेजा, रामचंद्र तलेजा, मनोहर लाल जसूजा, सुनील कटारिया, चंदन सिडाना, केसर पपनेजा, मनोज किंगर, हरीश हरीश अरोड़ा, अरुण जसूजा, किशोरी पपनेजा, शकुंतला देवी मुंजाल, ज्योति अरोड़ा, नीलम अरोड़ा, राधा देवी तलेजा, सिम्मी पपनेजा, शशि किंगर, मां भवानी सेवा मंडल की रूबी अरोड़ा, निशा तलेजा व अन्य की भागीदारी रही।

## पृष्ठ एक के शेष

**श्रद्धा का केंद्र बना...**

गांव में केंदू वृक्ष के नीचे हाथी बैठ गया और फिर आगे नहीं बढ़ा। इसी स्थान पर धाम बनाकर मूर्ति की स्थापना की गई। मंदिर परिसर वर्तमान में 1.21 एकड़ में फैला है। मुख्य मंदिर का शिखर 151 फीट ऊंचा और शंकु आकार का है, जबकि चारों कोनों पर 51 फीट ऊंचे शिखर बने हैं। मुख्य गर्भगृह में मां काली के अलावा मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, मां दुर्गा, भगवान गणेश, बजरंगबली और भगवान शंकर की मूर्तियाँ स्थापित हैं। मुख्य मूर्ति को 61 किलोग्राम चांदी से बने श्री यंत्र से सुशोभित किया गया है।

**सुरक्षा और सुविधाओं का पुख्ता इंतजाम :** मंदिर में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरे और महिला-पुरुष पुलिस बल की तैनाती की जाती है। तीन तरफ से पक्की सड़क से मंदिर तक पहुंचा जा सकता है। परिसर में वाहन पड़ाव, अतिथि शाला, पेयजल और स्नानागार की व्यवस्था की गई है। मंदिर के बाहर प्रसाद, खिलौने, चूड़ियां, श्रृंगार सामग्री, मिठाइयों और होटल की अस्थायी दुकानें एक माह के लिए लगाई गई हैं।

**परिसर में शिवलिंग और अन्य मंदिर भी :** मुख्य मंदिर के ठीक सामने शिवलिंग और नंद जी का मंदिर स्थित है। उत्तर दिशा में हवन कुंड, सात बहिनी मूर्ति, हनुमान मंदिर, सीताराम जानकी मंदिर, दुर्गा माता मंदिर, वीआईपी गेस्ट हाउस, विवाह मंडप, झरना, सरयू दास रामलीला मैदान और बलि स्थल भी परिसर का हिस्सा हैं। पूरा परिसर फूलों और इलेक्ट्रॉनिक झालरों से भव्य रूप से सजाया गया है।

**सड़क हादसे में शिक्षाविद की...**

रहे थे। दोनों का इलाज एमएमसीएच में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के समय सिर्फ नीलम शर्मा ने हेलमेट पहना था, जिससे उनकी जान बच सकी। बाकी तीनों बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं पहना था। रविन्द्र शर्मा की असामयिक मृत्यु से शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।

## महावीरी पताका से पटी राजधानी की सड़कें, जयघोष से माहौल हुआ भक्तिमय

**रांची।** भगवान श्रीराम के जन्म की खुशी में रविवार को राजधानी भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के बीच राममय हो गई। महावीरी पताकाओं के साथ राम भक्त सड़कों से गुजरे तो सूरज की धूप भी सोनीली हो गई। रांची पुलिस-प्रशासन की भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दिन के चार बजे के बाद शहर में जन सैलाब उमड़ा तो रांची का रोम-रोम राममय हो गया। जो रास्ते अलबर्ट एक्का चौक तक पहुंचते थे, वह रामभक्तों की भीड़ से पट गए। सभी के कदम निवारणपुर में तपोवन मंदिर की तरफ ही थे। शहर के मुख्य मार्गों पर बैंड-बाजे के साथ महावीरी पताका थामे लोगों ने राम जन्मोत्सव में भाग लिया। महावीरी अखाड़े, स्वयंसेवी व धार्मिक संगठनों के साथ-साथ झांकियों का लंबा सिलसिला देर शाम तक तपोवन के लिए जारी रहा।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना सोरेन के साथ तपोवन धाम में भगवान श्रीराम के दर्शन किए के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं के बीच जयघोष किया। रांची और आसपास के क्षेत्रों के अखाड़ों के कार्यकर्ता ऊंचे महावीरी पताकाओं के साथ जुलूस में शामिल होते रहे। सबकी जुबान पर श्रीराम और वीर हनुमान का ही नाम था। तपोवन मंदिर में जुलूस पहुंचने का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की अगवानी के लिए दो हजार से अधिक सेवा शिविर लगे थे। हर आदमी राम भक्तों की सेवा में तन्मयता से जुटा रहा। मुख्य शोभायात्रा श्री महावीर मंडल केंद्रीय कमेटी के नेतृत्व में निकली, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए राम भक्तों के जत्थों ने हिस्सा लिया।

**हर तरफ उल्लास ही उल्लास :** महारामनवमी पर हर तरफ उल्लास ही उल्लास दिखा। ठेला-खोमचा से लेकर मंदिरों में भगवान राम के ही जयकारें लग रहे थे। जयघोष के बीच महावीरी पताकाएं लहराते हुए इठला रहीं थी। कई अखाड़ा में शामिल रामभक्त ताशा की धुन पर ठुमके लगा रहे थे तो कई तलवार भांज रहे थे। कुछ लोग तो बच्चों को श्रीराम और वीर हनुमान की वेशभूषा में सजा कर घूम रहे थे। कुछ ने मुखौटे लगा रखे थे। बच्चे भी खुश और बड़े भी प्रसन्न थे कि भगवान श्रीराम की शरण में पूरा परिवार है। जुलूस में आने से पहले लोगों ने सुबह मंदिरों में देवताओं के दर्शन कर घरों में महावीरी पताकाएं फहरायीं।

महावीरी पताकाओं से अटी पड़ी सड़कों पर राम नाम के जयघोष से माहौल भक्तिमय बना रहा। चौक-चौराहे पर बज रहे भक्ति गीत रामनवमी के उल्लास को और बढ़ा रहा था। सेवा शिविर के माध्यम से श्रद्धालुओं की सेवा पर्व के उल्लास का बखान कर रही थी।

## रामनवमी पर श्री राधा कृष्ण मंदिर में हुआ पूजा- अर्चना

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम श्री राधा- कृष्ण मंदिर मे महा रामनवमी के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना, भव्य भजन कीर्तन, महाप्रसाद एवं महा आरती का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में ट्रस्ट द्वारा 201 वाँ श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। महाप्रसाद में 101 किलोग्राम की केसरिया मेवा युक्त खीर का भोग भगवान श्री राज श्याम जी को विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे द्वारा लगाया गया। तथा पूरे विधि विधान से पूजा- अर्चना एवं आरती की गई। मंदिर परिसर में उपस्थित 1500 सौ से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद भोग का वितरण किया? गया। तत्पश्चात भजन- कीर्तन का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी, सज्जन पाड़िया,निर्मल जालान, ने अपने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। तथा पूरा वातावरण को राममय एवं भक्तिमय बना दिया।

## न्यूज | बॉक्स

### उत्पाद विभाग ने जावा महुआ व अवैध शराब किया जब्त



**रांची।** शनिवार की देर शाम सहायक आयुक्त उत्पाद रांची के निर्देश पर रामनवमी को लेकर सुखदेव नगर थाना के इंद्रपुरी, रातु रोड दुर्गा मंदिर एवं रातु थाना अंतर्गत नावा सोसे एवं कांके डैम साइड में विभिन्न लाइन होटलों जैसे डैम साइड ढाबा, शिवा होटल, निर्मल ढाबा एवं बिहारी ढाबा तथा किराना दुकानों पर उत्पाद छापामारी की गई। छापामारी के क्रम में कुल 04 लोगों को उत्पाद अधिनियम के उल्लंघन में गिरफ्तार किया गया तथा 01 के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया।

### क्षमा का गुण अपनाकर आशा के तीर्थ यात्री बनें: आर्च बिशप

**रांची।** मिशनरीज ऑफ जीसस द इटरनल प्रीस्ट धर्मसंघ की पांच धर्मबहनों ने रविवार को प्रथम व्रत धारण किया। इसमें सिस्टर मरिया अंजली कुजूर, सिस्टर मरिया क्लारा एक्का, सिस्टर मरिया एलिमा मिंज, सिस्टर मरिया नीलू तिग्गा, सिस्टर मरिया संध्या भुईंया शामिल थीं। आयोजन मोरहाबादी स्थित धर्मसंघ में हुआ। व्रत धारण की पवित्र विधि रांची आर्च डायसिस के आर्च बिशप विंसेंट आइंद ने पूरी कराई। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु के समान ही क्षमा का गुण अपनाकर आशा के तीर्थ यात्री बनें। किसी की गलती के लिए उनके जीवन को कठिन न बनाएं। बल्कि, उन्हें क्षमा कर उनके जीवन को नवीन करने का अवसर प्रदान करें। धर्मबहनों ने ब्रह्मचर्य, आज्ञापालन व निर्धनता का व्रत धारण किया। धर्मबहनों को नियमावली सौंपी गई। मौके पर बरियातू पल्ली पुरोहित फादर हेमलेट, फादर अलेक्स, सिस्टर मेरी चेल्ली, फादर असीम मिंज सहित अन्य मौजूद थे।

### संस्थानों और संगठनों ने शिविर में फल-शरबत बांटे

**रांची।** रामनवमी शोभायात्रा के स्वागत के लिए शहर में सेवा शिविर लगाए गए। इसमें श्री महावीर मंडल महानगर रांची, जन जागरण युवा समिति, रांची सिटी अखबार विक्रेता संघ, भाजपा, राजद, प्रभु श्रीराम सेना, श्री महावीर मंडल मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर, फ्रेंड्स ऑफ ट्राइबल सोसाइटी, स्वामी सहजानंद सरस्वती विकास संघ, बरनवाल सेवा ट्रस्ट, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धर्म जागरण समन्वय, हिंदू महापरिवार, केंद्रीय युवा महावीर मंडल, विश्व सनातन महासंघ, श्रीराम वानर सेना, बंगाली युवा मंच चेरिटेबल ट्रस्ट, केशरवानी वैश्य समाज, विवेकानंद कला प्रगति संघ, ब्रह्मर्षि नवयुवक संघ, श्री महावीर मंडल वाल्मीकि समिति, कला संगम महावीर पूजा समिति, लालपुर सेवक संघ, दांति सांस्कृतिक विकास संघ, महादेव फाउंडेशन, श्री महावीर मंडल इमली टोला, इमाम बख्श अखाड़ा, झारखंड तंजीम, श्री राणी सती मंडल, रांची कल्ब कर्मचारी संघ, सत्य भारती आदि ने शिविर लगाकर लोगों को फल, शरतब आदि बांटा।

### कालीबाबू स्ट्रीट से 81 फीट झंडे के साथ निकाली शोभायात्रा



**रांची।** श्री महावीर मंडल महावीर मंदिर कालीबाबू स्ट्रीट ने शनिवार को अस्त्र शस्त्र के साथ शोभायात्रा निकाली गई। पिछले 10 वर्षों से महावीर मंडल शोभायात्रा निकालती आ रही है। वहीं सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष 81 फीट का झंडा शोभायात्रा में निकाला गया था। भक्त काफी उत्साहित दिखे। शोभा यात्रा में मंडल के दिलीप वर्मा, संजय रजक, एन गोपाल, अभिनव अंकू रहे मौजूद।

### आदिशक्ति काली मंदिर में श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता



**रांची।** डोरंडा-नामकुम रोड तुलसी चौक स्थित जय मां आदिशक्ति काली मंदिर में रामनवमी के पर विशेष पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर में सुबह से ही पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। साथ ही श्रद्धालुओं के बीच मां के भोग स्वरुप खिचड़ी का वितरण किया गया। मंदिर में मां के नौ स्वरूप को दशार्या गया था। मां की आरती की गई। स्वागत शिविर लगाकर राम भक्तों का स्वागत किया गया। प्रसाद वितरण का कार्य चलता रहा।

### रामनवमी के जुलूस में शामिल हुए मंत्री इरफान अंसारी



**रांची/जामताड़ा।** रामनवमी पर श्रीश्री 1008 महावीर अखाड़ा समिति, जामताड़ा द्वारा आयोजित शोभायात्रा में मंत्री इरफान अंसारी शामिल हुए। मौके पर अंसारी ने कहा, श्रद्धा एवं भक्ति के उत्साह से ओतप्रोत वातावरण में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के इस पावन अवसर पर आस्था के समागम का हिस्सा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। श्रद्धालुओं से भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। मंत्री ने कहा, आज हम पूरी श्रद्धा, भक्ति, उत्साह, उमंग और खुशी के साथ रामनवमी महापर्व मना रहे हैं। हम मयार्दा पुरुषोत्तम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें, रामनवमी महापर्व यही संदेश देता है। हमारा जामताड़ा और झारखंड एकता और भाईचारे का प्रतीक है। इस तरह के आयोजन तथा एक दूसरे की सहभागिता के माध्यम से समाज में धर्म, संस्कृति, गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी सौहार्द की मिसाल कायम होती है।

## आज का मैच

मुंबई इंडियंस Vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

दिनांक: 07 अप्रैल सोमवार | स्थान: मुंबई | 7:30 बजे से

## IPL 2025-अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|
| एसआरएच | 04 | 01 | 03 | 02 |
| आरसीबी | 03 | 02 | 01 | 04 |
| पीके | 02 | 02 | 00 | 04 |
| सीएसके | 03 | 01 | 02 | 02 |
| डीडी | 02 | 02 | 00 | 04 |
| एलएसजी | 04 | 02 | 02 | 04 |
| एमआइ | 04 | 01 | 03 | 02 |
| जीटी | 03 | 02 | 01 | 04 |
| केकेआर | 04 | 02 | 02 | 04 |
| आरआर | 03 | 01 | 02 | 02 |

# बुमराह वानखेड़े स्टेडियम में एमआई-आरसीबी मैच में चयन के लिए उपलब्ध : जयवर्धने

एजेंसी

**मुंबई।** तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले मुंबई इंडियंस के मैच में चयन के लिए उपलब्ध हैं, मुख्य कोच माहेला जयवर्धने ने इसकी पुष्टि की। जयवर्धने ने रविवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वह उपलब्ध हैं, वह आज प्रशिक्षण ले रहे हैं, और उन्हें (आरसीबी गेम के लिए) उपलब्ध होना चाहिए। वह कल रात पहुंचे, उन्होंने एनसीए (जिसे अब सीओई कहा जाता है) के साथ अपने सत्र किए, और उन्हें हमारे फिजियो को सौंप दिया गया है। वह आज (अभ्यास सत्र में) गेंदबाजी कर रहे हैं, इसलिए सब ठीक है।"

चोट के कारण सीओई में पुनर्वास की आवश्यकता थी, जिसका अर्थ था कि बुमराह भारत के विजयी 2025 चैंपियंस ट्रॉफी अभियान से चूक गए। बुमराह की उपलब्धता की खबर एमआई के लिए एक बड़ा बढ़ावा है, जिन्होंने आईपीएल 2025 में अब तक केवल एक गेम जीता है। पिछली बार जब ये दोनों टीमें वानखेड़े स्टेडियम में भिड़ी थीं, तो बुमराह ने पांच विकेट लिए थे, जिसमें एमआई ने आरसीबी को सात विकेट से हराया था। 2013 में आईपीएल में पदार्पण करने के बाद से, बुमराह एमआई की गेंदबाजी लाइन-अप के मुख्य खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने फ्रेंचाइजी के लिए 133 मैचों में 165 विकेट लिए हैं। आईपीएल में एमआई के लिए उन्होंने एकमात्र सीजन 2023 में मिस किया था, जब वह पीठ की चोट से उबर रहे थे, जिसके लिए सर्जरी की आवश्यकता थी। जयवर्धने ने अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा की फिटनेस पर भी अपडेट दिया, जो अपने अभ्यास सत्र के दौरान घुटने में चोट लगने के कारण लखनऊ सुपर जायंट्स से 12 रन की हार से चूक गए थे। उन्होंने कहा, रो अच्छा लग रहा है। वह आज भी बल्लेबाजी करने जा रहा है। बल्लेबाजी करते समय उसके पैर पर दुर्भाग्यपूर्ण चोट लगी थी। हम कल यात्रा कर रहे थे, और आज वह हिट करेगा और फिर हम उस पर आकलन करेंगे।

**बुमराह सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट के दूसरे दिन पीठ में चोट लगने के बाद से ही मैदान से बाहर थे।**




# धोनी को बहुत पहले खेलना छोड़ देना चाहिए था : राशिद लतीफ



**नई दिल्ली।** आईपीएल में खराब दौर से गुजर रहे महेंद्र सिंह धोनी को पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज राशिद लतीफ ने सलाह दी है कि उन्हें बहुत पहले ही खेलना छोड़ देना चाहिए था। 43 साल के धोनी ने आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स के चार मैचों में नाबाद 30, 16, नाबाद 30 और नाबाद शून्य के मामूली स्कोर बनाये हैं। चेन्नई की टीम चार में से तीन मैच हारकर तालिका में सबसे नीचे नौवें स्थान पर है। राशिद ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "धोनी को बहुत पहले ही खेल छोड़ देना चाहिए था। एक विकेटकीपर की उम्र आमतौर पर 35 साल होती है, मैं इसका एक उदाहरण हूं... अगर मैं अच्छा प्रदर्शन करता हूं और जब मैं उच्च स्तर पर ऐसा नहीं करता हूं तो मेरी प्रतिष्ठा कम हो जाएगी। उन्होंने कहा, "उनके खेलने से 2019 (वनडे विश्व कप) में भी उनकी टीम को फायदा नहीं हुआ, उन्हें तब समझ जाना चाहिए था। अगर आप एक खिलाड़ी की जगह टीम को चुन रहे हैं तो यह खेल के साथ अन्याय है, यही वजह है कि उन्हें ट्रोल किया जा रहा है। मैंने 2-3 मैच देखे और भीड़ बहुत शोर मचाती है, लेकिन सीएसके को अभी अंक चाहिए, वे तालिका में सबसे नीचे हैं और अगर इसका कारण केवल एक या दो खिलाड़ी हैं तो आपको समय की जरूरत को समझने की जरूरत है।

## एक नजर

### पंजाब की हार के बाद पोंटिंग ने कहा, 'उन क्षेत्रों के बारे में सोचें जहां हम बेहतर कर सकते हैं'



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स की जीत का सिलसिला राजस्थान रॉयल्स से 50 रन की हार के साथ खत्म होने के बाद, मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने टीम से उन क्षेत्रों के बारे में सोचने का आग्रह किया, जहां वे टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों में बेहतर कर सकते हैं।

महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में, आरआर ने 20 ओवरों में कुल 205/4 रन बनाए। जवाब में, पंजाब ने पहले ओवर में प्रियांश आर्य और कप्तान श्रेयस अय्यर के बड़े विकेट खो दिए, जिससे लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल हो गया। नेहाल वढेरा के 41 गेंदों पर 62 रन बनाने के बावजूद, पंजाब 20 ओवरों में केवल 155/9 रन ही बना सका और भारी अंतर से मैच हार गया। रविवार को पीबीकेएस के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में पोंटिंग ने कहा, मुझे लगता है कि यह उन दिनों में से एक था, जब हम खेल को पीछे देखते हुए ईमानदारी से कह सकते हैं कि हम हार गए। बस इतना ही। लेकिन मुझे लगता है कि जब आपके पास ऐसे मैच होते हैं, तो मुझे लगता है कि पीछे देखना और सोचना बहुत जरूरी है, क्या कोई आश्चर्य हुआ? क्या ऐसा कुछ हुआ जिससे हम हैरान हुए?

क्या आयोजन स्थल, क्या यह हमारे सोच से अलग था? क्या हमारी योजना थोड़ी गलत थी? लेकिन मैं आप सभी से सवाल पूछूंगा, क्या हमने यहां कुछ सीखा? क्या कोई आश्चर्य हुआ? मैं इस बात से थोड़ा हैरान था कि प्रशिक्षण और अभ्यास मैचों की तुलना में खेल कैसा खेला गया। बस अपने व्यक्तिगत खेल के बारे में थोड़ा सोचें और अगर कोई ऐसा क्षेत्र है जिस पर हम थोड़ा और ध्यान दे सकते हैं। हम बहुत अच्छे रहे हैं।

## सिराज ने लगाया विकेटों का चौका

# हैदराबाद ने गुजरात को दिया 153 रनों का लक्ष्य




एजेंसी

**हैदराबाद।** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (17 रन पर 4 विकेट) की सनसनीखेज गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल मुकाबले में रविवार को 20 ओवर में आठ विकेट पर 152 रन पर रोक दिया। गुजरात ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। सिराज ने कप्तान शुभमन गिल के फैसले को सही साबित करते हुए पहले ही ओवर में ट्रेविस हैड को आउट कर दिया। सिराज का कहर यहीं नहीं थमा। उन्होंने पारी के पांचवें ओवर में अभिषेक शर्मा का विकेट लेकर हैदराबाद को दूसरा झटका दिया। हैड ने दो चौकों की मदद से आठ रन बनाये जबकि अभिषेक ने चार चौकों के सहारे 18 रन बनाये।

इन दो झटकों के बाद हैदराबाद की टीम वापसी के लिए अंत तक संघर्ष करती रह गयी। सिराज ने 19वें ओवर में अनिकेत वर्मा और सिमरजीत सिंह के विकेट लेकर अपने चार विकेट पूरे किये।

सिराज ने अपने पिछले मैच में आरसीबी के खिलाफ 19 रन पर तीन विकेट लिए थे और आज इस मैच में उन्होंने चार ओवर में मात्र 17 रन देकर चार बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। हैदराबाद के तेज गेंदबाज और कप्तान पैट कमिंस ने पारी के आखिरी ओवर में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए कुल 17 रन बटोरे जिसकी बदौलत हैदराबाद 150 पार करने में कामयाब रहा। कमिंस ने नौ गेंदों में नाबाद 22 रन बनाये।

नितीश कुमार रेड्डी ने 36 गेंदों में तीन चौकों की मदद से सर्वाधिक 31 रन बनाये। हेनरिक क्लासेन ने 27 , ईशान किशन ने 17 और अनिकेत वर्मा ने 18 रन का योगदान दिया। सिराज के चार विकेटों के अलावा प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर ने दो-दो विकेट लेकर हैदराबाद को 152 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभायी।

## पीएम मोदी ने श्रीलंकाई क्रिकेट दिग्गजों से की खास बातचीत



**कोलंबो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कोलंबो दौरे के दौरान श्रीलंका के 1996 वर्ल्ड कप विजेता टीम के सदस्यों से एक विशेष संवाद किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीलंकाई क्रिकेट दिग्गजों के साथ बातचीत की, जिसमें सनथ जयसूर्या, चमिंडा वास, अरविंद डी सिल्वा, मार्वन अटापट्टू, रविंद्र पुष्पकुमारा, उपुल चंदाना, कुमार धर्मसेना और रोमेश कालूवितराना शामिल थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कोलंबो दौरे के दौरान श्रीलंका के 1996 वर्ल्ड कप विजेता टीम के सदस्यों से एक विशेष संवाद किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीलंकाई क्रिकेट दिग्गजों के साथ बातचीत की, जिसमें सनथ जयसूर्या, चमिंडा वास, अरविंद डी सिल्वा, मार्वन अटापट्टू, रविंद्र पुष्पकुमारा, उपुल चंदना, कुमार धर्मसेना और रोमेश कालूवितराना शामिल थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर बताया कि भारत की 1983 वर्ल्ड कप जीत और श्रीलंका की 1996 की वर्ल्ड कप विजय ने वैश्विक क्रिकेट परिदृश्य में क्रांतिकारी बदलाव लाए। उन्होंने कहा कि श्रीलंकाई टीम के 1996 वर्ल्ड कप में आक्रामक और नवाचारपूर्ण खेल ने दरअसल टी20 क्रिकेट के जन्म को प्रेरित किया। उन्होंने 1996 में भारत के श्रीलंका दौरे का भी उल्लेख किया, जब बम विस्फोट के बावजूद भारत ने श्रीलंका का दौरा किया था, इसे उन्होंने खेल भावना और स्थायी दोस्ती का प्रतीक बताया। प्रधानमंत्री ने 2019 के आतंकवादी हमलों के बाद श्रीलंका का दौरा करने का उदाहरण दिया और कहा कि भारत की भावना हमेशा एक जैसी रहती है।

श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री मोदी से उत्तरी श्रीलंका, विशेषकर जाफना में एक उच्च गुणवत्ता वाले क्रिकेट मैदान के विकास में सहायता की अपील की। खिलाड़ियों ने भारत द्वारा श्रीलंका के आर्थिक संकट के समय में दी गई उदार सहायता के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'पड़ोसी पहले' नीति को फिर से दोहराया और उदाहरण के रूप में म्यांमार में हाल ही में आए भूकंप के बाद भारत द्वारा की गई सहायता का हवाला दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने यह स्पष्ट किया कि भारत हमेशा अपने पड़ोसियों के साथ मजबूत और स्थायी संबंध बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 'मुझे पहली गेंद पर विकेट मिलने की उम्मीद नहीं थी': आर्चर



**मुल्लांपुर।** आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स पर राजस्थान रॉयल्स की 50 रनों की जीत की नींव रखने वाले तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने कहा कि दूसरी पारी की पहली ही गेंद पर विकेट लेना टीम को शुरूआत से ही बढ़त दिलाने और मैदान पर सभी को ऊर्जा देने में अहम भूमिका निभाता है। सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैचों में आर्चर ने बिना विकेट लिए क्रमशः 76 और 33 रन दिए। मुल्लांपुर में आर्चर ने अपने बेहतरीन खेल का परिचय देते हुए प्रियांश आर्य और श्रेयस अय्यर को पहले ओवर में 145 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलता किया और फिर अर्शदीप सिंह को आउट करके आरआर को पंजाब के खिलाफ 3-25 के प्रभावशाली स्पैल से जीत दिलाई।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### स्विगी को मिले 165 करोड़ रुपये की वैल्यू के टैक्स डिमांड नोटिस

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड और ग्रोसरी डिलीवरी कंपनी स्विगी एक बार फिर से टैक्स डिमांड नोटिस का सामना कर रही है। कंपनी को वित्त वर्ष 2021-22 के लिए दो टैक्स असिसमेंट ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा कि इन दोनों नोटिस में 165 करोड़ रुपये के टैक्स की मांग की गई है। स्विगी ने बताया कि एक नोटिस पुणे के प्रोफेशन टैक्स ऑफिसर की ओर से प्राप्त हुआ है। इसमें 7.59 करोड़ रुपये की टैक्स की मांग की गई है आदेश में कंपनी पर आरोप लगाया गया है कि कंपनी कर्मचारियों के वेतन से प्रोफेशन टैक्स की उचित कटौती करने में विफल रही, जो कि महाराष्ट्र राज्य व्यवसाय, व्यापार, कॉलिंग एवं रोजगार कर अधिनियम, 1975 के तहत आवश्यक है। हालांकि, स्विगी ने कहा कि उसके पास आदेश को चुनौती देने के लिए मजबूत आधार हैं और वह समीक्षा या अपील दायर करने की योजना बना रही है। स्विगी ने अपनी फाइलिंग में कहा, कंपनी का मानना है कि उसके पास आदेश के खिलाफ मजबूत तर्क हैं और वह समीक्षा/अपील के माध्यम से अपने हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठा रही है।

### मैककेन इंडिया का मुनाफा वित्त वर्ष 24 में 29 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** फ्रोजन फ्रेंच फ्राइज और आलू टिक्की जैसे स्नैक्स बनाने वाली कंपनी मैककेन इंडिया के मुनाफे में वित्त वर्ष 24 में 29 प्रतिशत की गिरावट हुई है। इसकी वजह विज्ञापन लागत और मैनेजमेंट फीस में बढ़ोतरी होना है। रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के पास जमा कराए गए वित्तीय विवरणों के अनुसार, वित्त वर्ष 24 में कंपनी को कुल 89 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था, जो कि इससे पिछले वित्त वर्ष में 126 करोड़ रुपये पर था। हालांकि, कंपनी की आय में मामूली बढ़त हुई है। कंपनी के मुनाफे में यह गिरावट ऐसे समय में आई है जब विज्ञापन खर्च में 63 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है, जो बढ़कर 88 करोड़ रुपये हो गया है। मैनेजमेंट फीस और अन्य परिचालन लागतों में भी बढ़ोतरी देखी गई।

# देश के स्टार्टअप की चीन, अमेरिका से तुलना करना स्मार्ट रणनीति : अमन गुप्ता

एजेंसी। नई दिल्ली

टेक्नोलॉजी गैजेट्स बनाने वाली दिग्गज कंपनी बोट लाइफस्टाइल के सह-संस्थापक और सीएमओ, अमन गुप्ता ने रविवार को कहा कि भारत के स्टार्टअप्स की चीन, अमेरिका या अन्य किसी देश से तुलना करना - कोई कमजोरी नहीं, बल्कि एक स्मार्ट स्ट्रेटजी है। गुप्ता का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब स्टार्टअप महाकुंभ में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्टार्टअप्स द्वारा इनोवेशन पर काम न करने को लेकर आलोचना की थी, जिससे एक नई बहस छिड़ी गई है।

गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री के बयान का समर्थन करते हुए सोशल मीडिया हैंडल



एक्स पर लिखा, ऐसा हर रोज नहीं होता कि सरकार संस्थापकों से बड़े सपने देखने के लिए कहे। लेकिन 'स्टार्टअप महाकुंभ' में बिल्कुल यही हुआ। मैं वहां था और पूरा भाषण सुना। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल संस्थापकों के खिलाफ नहीं हैं। वह हम पर विश्वास करते हैं। उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा, उनका (पीयूष गोयल) कहना सरल था: भारत बहुत आगे आ गया है, लेकिन दुनिया का नेतृत्व करने के लिए...हमें बड़ा लक्ष्य रखने की जरूरत है। इसने मुझे कुछ याद दिलाया जो मैं अक्सर 'शार्क टैंक इंडिया' पर कहता हूं, यदि आप एक विश्व स्तरीय उत्पाद बनाना चाहते हैं, तो आपको अपने प्रतिस्पर्धियों को जानना चाहिए। यह भारत पर भी लागू होता है। चीन, अमेरिका या किसी और के खिलाफ बेंचमार्किंग - कमजोरी नहीं है। यह स्मार्ट रणनीति है।

गुप्ता के अनुसार, हम पहले से ही दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम और सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन अगर हम नंबर 1 बनना चाहते हैं - तो हमें एआई, डीप टेक, क्लाइमेट, मोबिलिटी और इंफ्रा में भी गहराई से जाना होगा। हमें एलएलएम और इनोवेशन स्टैक की जरूरत है जो वैश्विक मानकों पर प्रतिस्पर्धा कर सकें और ऐसा करने के लिए, हमें वैज्ञानिक जोखिम, अधिक धैर्यवान पूंजी, संस्थापक-नीति निमार्ता सहयोग और दीर्घकालिक राष्ट्रीय दृष्टि की भी आवश्यकता है।

## भारत में कुल बैंक खातों में महिलाओं की हिस्सेदारी 39.2 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** देश में कुल बैंक खातों में महिलाओं की हिस्सेदारी 39.2 प्रतिशत है। वहीं, भारत में बैंक खातों में जमा धन में महिलाओं का योगदान 39.7 प्रतिशत है। यह जानकारी सरकार द्वारा रविवार को दी गई। सरकार ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में खुले बैंक खातों में महिलाओं की हिस्सेदारी 42.2 प्रतिशत है। पिछले कुछ वर्षों में डीमैट खातों की संख्या में वृद्धि हुई है, जो शेयर बाजार में बढ़ती भागीदारी को दशार्ता है। 31 मार्च, 2021 से 30 नवंबर, 2024 तक डीमैट खातों की कुल संख्या 3.32 करोड़ से बढ़कर 14.30 करोड़ हो गई, जो चार गुना से अधिक की वृद्धि को दशार्ता है। पुरुष खाताधारकों की संख्या लगातार महिला खाताधारकों से अधिक रही है, लेकिन महिलाओं की भागीदारी में भी वृद्धि का रुझान देखा गया है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के अनुसार ₹पुरुष डीमैट खातों की संख्या 2021 में 2.65 करोड़ से बढ़कर 2024 में 11.53 करोड़ हो गई, जबकि इसी अवधि के दौरान महिला डीमैट खातों की संख्या 66 लाख से बढ़कर 2.7 करोड़ हो गई। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के दौरान विनिर्माण, व्यापार और अन्य सेवा क्षेत्रों में महिलाओं के स्वामित्व वाले प्रतिष्ठानों के प्रतिशत में इजाफा देखा गया है।

## भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में बढ़ रही आदिवासी उद्यमियों की भूमिका : केंद्र

**नई दिल्ली।** जनजातीय कार्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि कम से कम 45 स्टार्टअप ने भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में आदिवासी उद्यमियों की बढ़ती भूमिका को प्रदर्शित किया है। यह आदिवासी प्रतिभाओं को सशक्त बनाने में एक बड़ी उपलब्धि है।

हाल ही में संपन्न ह्यस्टार्टअप महाकुंभह्ल में, आईआईएम कोलकाता और आईआईटी गुवाहाटी में इनक्यूबेट किए गए आदिवासी उद्यमियों के नेतृत्व वाले



दो स्टार्टअप को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से राष्ट्रीय मान्यता मिली।

जनजातीय कार्य मंत्रालय में केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम ने इन स्टार्टअप को उनके इनोवेशन और समुदाय के विकास के प्रति समर्पण के लिए बधाई दी।

इस कार्यक्रम में उन्होंने राष्ट्रीय मंच पर आदिवासी भारत की आकांक्षाओं और क्षमता का प्रतिनिधित्व करने के लिए सभी भाग लेने वाले उद्यमियों के प्रयासों की सराहना की।

## स्टार्टअप फंडिंग इस हफ्ते 357 मिलियन डॉलर हुई

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम में इस हफ्ते मजबूत गतिविधि देखने को मिली। इस दौरान कुल फंडिंग 2.3 गुना बढ़कर 357.29 मिलियन डॉलर हो गई है और 30 डील हुई हैं। पिछल हफ्ते यह आंकड़ा 152.49 मिलियन डॉलर पर था।

स्टार्टअप फंडिंग में हुई बढ़ोतरी निवेशकों का भारत की ग्रोथ स्टोरी में बढ़ते हुए भरोसे को दिखाती है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में कहा था कि देश को 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनाने की यात्रा में स्टार्टअप्स की भूमिका अहम होगी।

इस हफ्ते हुए कुल 30 डील में से 6 विकास चरण और 21 शुरूआती चरण की डील थी। शेष तीन अन्य



स्टार्टअप्स ने जुटाए गए फंड का खुलासा नहीं किया है। विकास चरण की सबसे बड़ी फंडिंग डील यूज्ड कार प्लेटफॉर्म स्पिनी द्वारा की गई है। इसका साइज 131 मिलियन डॉलर था।